ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • भाद्रपद कृष्ण पक्ष 07 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 06 सितम्बर 2023 • वर्ष-24 • अंक-214 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

केएल राहुल की टीम में हुई वापसी पेज 12



## सुभाष मुंडा की हत्या की सुपारी लेने वाला बबलू पासवान सहित तीन गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** माकपा नेता सुभाष मुंडा की हत्या की सुपारी लेने वाला कुख्यात अपराधी बबलू पासवान सहित तीन अपराधियों को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में रातू थाना क्षेत्र का रहने वाला बबलू उर्फ नागेश्वर पासवान, पुंदाग ओपी क्षेत्र के हेहल रोड का रहने वाला पिंटू कुमार और हेहल निवासी प्रवीण कुमार को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक पिस्टल, दो गोली, पांच मोबाईल, रेकी में उपयोग की गयी स्कार्पियों और घटना को अंजाम देने में इस्तेमाल किया गया एक बाइक बरामद किया गया है। एसएसपी किशोर कौशल ने संवाददाता सम्मेलन में मंगलवार को बताया कि 26 जुलाई को रिंग रोड स्थित दलादली चौक स्थित फर्नीचर गार्डेन के पीछे माकपा नेता सुभाष मुंडा की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। मामले में पुलिस ने गत तीन अगस्त को तीन अपराधियों छोटू खलखो, बिनोद कुमार, अभिजित कुमार पाढ़ी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इसी क्रम में गुप्त सूचना मिली और पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्या की सुपारी लेने वाले अपराधी सहित तीन अपराधी को गिरफ्तार किया। मामले में गिरफ्तार अपराधी बबलू पासवान के खिलाफ रांची और सिमडेगा जिले के अलग-अलग थाना में कुल 12 मामले दर्ज हैं। एसएसपी ने बताया कि सुभाष मुंडा का छोटू के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। दलादली मौजा स्थित 119 डिसमिल जमीन पर सुभाष मुंडा अपनी दावेदारी पेश कर रहे थे। इससे पहले भी 90 डिसमिल के प्लॉट पर सुभाष मुंडा ने अड़ंगा डाला था। इसके बाद छोटू कुजूर को उसे कम दाम में बेचना पड़ा था। परेशान होकर छोटू ने उनकी हत्या की योजना बनाई। छोटू ने सुभाष मुंडा के व्यावसायिक पार्टनर विनोद कुमार **शेष पृष्ठ 11 पर**

### डीजीपी ने कोर्ट, न्यायाधीशों और आवासीय परिसरों की सुरक्षा की समीक्षा की, कहा

## वरीय अफसर औचक निरीक्षण करें




**रांची।** झारखंड के सभी जिलों में स्थित कोर्ट और न्याय पदाधिकारियों की सुरक्षा को लेकर मंगलवार को डीजीपी अजय कुमार सिंह ने हाई लेवल समीक्षा बैठक की , बैठक के दौरान सभी जिलों के कोर्ट परिसर और न्याय पदाधिकारी की सुरक्षा वर्तमान में किस तरह की है और उसमें क्या परिवर्तन लाना है इसकी समीक्षा की गई।

**समीक्षा के बाद कई निर्देश जारी :** झारखंड के सभी जिलों में कोर्ट परिसर और जजों के आवासीय परिसर की सुरक्षा की समीक्षा डीजीपी अजय कुमार सिंह ने की, इस दौरान डीजीपी ने रेंज डीआईजी स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी रेंज डीआईजी अपने अपने क्षेत्राधिकार के जिलों में जितने भी व्यवहार न्यायालय, आवासीय परिसर व न्यायाधीश हैं, उन सभी की मॉनटरिंग करेंगे, साथ ही उन सभी की सुरक्षा से संबंधित समेकित प्रतिवेदन पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध कराएंगे। झारखंड पुलिस के आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने बताया कि डीजीपी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि पुलिस मुख्यालय के स्तर से भी लगातार इसकी मॉनिटरिंग की जाय। डीजीपी ने सभी आईजी, रेंज डीआईजी और जिलों के एसपी को उनके क्षेत्राधीन न्यायालय परिसर, न्यायधीश व आवासीय परिसर की सुरक्षा बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की और कमियों को दूर करने का निर्देश दिया। डीजीपी ने वरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कोर्ट परिसर, आवासीय कॉलोनियों में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं बलों की लगातार औचक निरीक्षण की जाए। औचक निरीक्षण के दौरान मिली **शेष पृष्ठ 11 पर**

## NEWS इन ब्रीफ

### अवैध खनन मामले में मुख्यमंत्री सहित 20 के खिलाफ एफआईआर

**रांची।** अवैध खनन मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित 20 के खिलाफ साहिबगंज के मुफस्सिल थाना में मंगलवार को ऑनलाइन एफआईआर दर्ज की गई। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, पंकज मिश्रा, मनीष तिवारी, विभूति कुमार, रामनिवास यादव, अनुरंज किस्फोटा, राजेंद्र दुबे और प्रमोद मिश्रा के नाम भी शामिल हैं। झारखंड हाई कोर्ट के आदेश के बाद याचिकाकर्ता ने ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराई है। इस संबंध में झारखंड हाई कोर्ट ने 27 अप्रैल को आदेश जारी किया था। याचिकाकर्ता तीर्थनाथ आकाश ने 21 मई 2021 को झारखंड हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की थी। इसमें कहा गया था कि आरोपितों की मिलीभगत से साहिबगंज में रोजाना 1000 से अधिक ट्रकों से अवैध पत्थर की ढुलाई हो रही है। साहिबगंज के पत्थर व्यवसाई दहू यादव, विष्णु प्रसाद यादव, गुड्डू, आलोक रंजन, अवध किशोर सिंह, टिंकल भगत, बच्चू यादव, संजय कुमार यादव, भगवान भगत, भावेश भगत और विक्रम प्रसाद सिंह को इस मामले में आरोपित बनाया गया है।

### राम प्रकाश भाटिया ने ईडी कोर्ट में दायर की जमानत याचिका

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार राम प्रकाश भाटिया ने मंगलवार को कोर्ट में जमानत याचिका दायर की है। भाटिया के अधिवक्ता ने ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुहार लगाई है। भाटिया पर ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की ब्लैक मनी को व्हाइट करने में सहयोग करने का आरोप है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राम प्रकाश भाटिया के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल की है। इसपर कोर्ट संज्ञान भी ले चुका है। ईडी ने राम प्रकाश भाटिया को 24 जुलाई को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में हैं।

### साहिबगंज में पहाड़िया युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**साहिबगंज।** जिले के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात तीन युवकों ने पहाड़िया युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। फिलहाल इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। युवती ने मंगलवार को पुलिस को दिए बयान में बताया कि सोमवार की देर रात जब वह शौचालय के लिए निकली थी, तभी एक युवक आया और रूमाल से उसका मुंह बंद कर दिया। इसके बाद उसने आवाज देकर दो अन्य साथियों को बुलाया। तीनों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़ित किसी तरह युवकों के चंगुल से बचकर अंधेरे में तीनपहाड़ स्टेशन पहुंची, जहां सफाई कर्मचारी के रूप में काम करने वाले एक युवक को घटना की जानकारी दी। उस कर्मचारी ने पीड़ित के परिजनों को इसकी सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन फौरन तीनपहाड़ स्टेशन पहुंचे और वहां से उसे लेकर तीनपहाड़ थाना पहुंचे और मामले को लेकर शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल पुलिस तीनों आरोपितों की तलाश कर रही है।

### मुख्यमंत्री ने साहिबगंज में करोड़ों की परिसंपत्तियों का किया वितरण, बोले

## सरकार का क्वालिटी एजुकेशन पर है जोर





### सरकार को युवाओं की है चिंता, शीघ्र होगी नियुक्ति

**साहिबगंज/रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड के नौजवान रोजगार की चिंता न करें। राज्य सरकार प्रदेश में नौजवानों को रोजगार उपलब्ध कराने के प्रति गंभीर है। हमारी सरकार ने राज्य में कई जनकल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया है। आप सभी को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने हेतु राज्य में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत हुई। अब राज्य, जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारी आपके प्रखंड, पंचायत एवं गांवों में कैम्प लगाकर आपकी समस्याओं का निदान कर रहे हैं। आपकी सरकार आपके द्वार के तहत लाखों की संख्या में आवेदन मिले। राज्य में पहली बार सरकार आपके घर-घर, पंचायत-पंचायत पहुंचकर आपकी समस्याओं को सुना एवं उसका निष्पादन किया। कुछ वर्ष पहले पेंशन के लिए हमारे बुजुर्ग ब्लॉक के चक्कर काटा करता थे। आज राज्य में कोई भी बुजुर्ग, विधवा, दिव्यांग पेंशन से अछूता नहीं है। हमारी सरकार ने ठोस कदम उठते हुए जनहित में कई कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया। आप इन योजनाओं से जुड़े और अपने आप को स्वावलंबी बनाने के साथ राज्य के विकास में योगदान दें। ये बातें मुख्यमंत्री ने मंगलवार को साहेबगंज के पतना प्रखंड स्थित कुंवरपुर फुटबॉल मैदान में आयोजित विकास मेला-सह-परिसंपत्ति **शेष पृष्ठ 11 पर**

### मुख्यमंत्री ने लाभुकों के बीच वितरण की परिसंपत्ति

मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 592 लाभुकों के बीच 4,80,58,992 रुपए की परिसंपत्ति का किया वितरण। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 107 सखी मंडलों को बैंक लिंकेज के तहत 2 करोड़ 58 लाख रूपए और 424 सखी मंडलों को सामुदायिक निवेश निधि के तहत एक करोड़ 42 लाख रुपए की राशि सौंपी। इसके अलावा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, अंबेडकर आवास योजना समेत कई योजनाओं का लाभ लाभुकों को प्रदान किया।

### हर वर्ग, हर तबके के लिए चल रही योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना के तहत सभी बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवाओं को पेंशन मिल रहा है। किसानों और पशुपालकों के लिए मुख्यमंत्री पशुधन योजना चलायी जा रही है। पढ़ने वाली बच्चियों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए मरङ गोमके छात्रवृत्ति योजना चल रही है। आप सभी इसका भरपूर फायदा उठाएं एवं अपने बच्चियों को साक्षर बनाएं।

## डुमरी विधानसभा उपचुनाव : 64 फीसदी से अधिक मतदान



**गिरिडीह।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार में शिक्षा मंत्री रहे जगरनाथ महतो के निधन से रिक्त हुई डुमरी-33 विधानसभा सीट पर मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में हुए उप चुनाव में 64 फीसदी से अधिक मतदान हुआ। नक्सल प्रभावित छंछदो, धावाटाड, बरियारपुर, बेड़ो, फतेहपुर, नागाबाद समेत हार्डकोर भाकपा माओवादियों के इलाकों में भी सुबह सात बजे से ही वोटरों की लम्बी कतार लगी थी। दिनभर रुक-रुक कर हो रही बारिश के बीच हर वर्ग के मतदाताओं ने वोट डाला। पूर्वाह्न 11 बजे तक 27.56 फीसदी, अपराह्न एक बजे तक 43.56 प्रतिशत, तीन बजे तक 58.92 प्रतिशत मतदान हुआ। शाम पांच बजे तक 64 फीसदी से अधिक मतदान हुआ। इस दौरान जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकडा, आरक्षी अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा मतदान केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रहे। उल्लेखनीय है कि 2 लाख 98 हजार 62 9 मतदाताओं वाली डुमरी विस सीट पर कुल 373 मतदान केन्द्र बनाये गये थे। इनमें 143 संवेदनशील और इतने ही अति संवेदनशील बूथों के रूप में चिन्हित किये गये थे। उप चुनाव में कुल छह प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे हैं। स्व. जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी झामुमो के टिकट पर इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी हैं। एनडीए गठबंधन से आजसू के टिकट पर यशोदा देवी एवं एआईएमआईएम के टिकट पर मोबिन रिजवी सहित अन्य प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहे। मतगणना 8 सितम्बर को होगा। सभी उम्मीदवारों ने अपनी-अपनी जीत का दावा किया है।

## रांची हिंसा मामले में हाई कोर्ट ने सरकार से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने रांची में नुपुर शर्मा के बयान पर 10 जून को हुई हिंसा के मामले में राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट टेबुलर रूप में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया कि मेन रोड हिंसा में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस घटना को बड़ी हिंसा में परिवर्तित होने से रोक दिया था। पुलिस ने पहले हिंसक भीड़ पर लाठीचार्ज किया। इसके बाद आंसू गैस का उपयोग किया। जब हिंसा फैलाने वालों ने पथराव और फायरिंग शुरू की तो मजिस्ट्रेट के आदेश से पुलिस ने कंट्रोल्ड फायरिंग शुरू की, जिससे भीड़ तितर-बितर हो गई थी। घटना को लेकर पुलिस ने 47 एफआईआर दर्ज किया। इनमें से कई केस में चार्जशीट दाखिल हो गई है और कुछ केस में अभी पेंडिंग है। इसमें से एक एफआईआर में पुलिस पर फायरिंग का आरोप है उसे सीआईडी जांच के लिए भेजा गया था। सीआईडी जांच में भी हिंसक प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है और अनुसंधान चल रहा है। घटना को लेकर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज का भी अध्ययन करते हुए अन्य आरोपितों को चिन्हित किया है, जिनकी गिरफ्तारी की प्रक्रिया जारी है। दूसरी ओर घटना को लेकर फेसबुक, गूगल मैप और सोशल मीडिया से भी डाटा प्राप्त करने की कोशिश हो रही है और उपलब्ध डाटा को खंगाल जा रहा है। अनुसंधान सही तरीके से की जा रही है।

### लापता जमीन कारोबारी नवीन कुमार का पांच दिन बाद भी सुराग नहीं

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के रहने वाले जमीन कारोबारी नवीन कुमार मिश्रा का लापता होने के पांच दिन बाद भी कोई सुराग नहीं मिला है। थाना प्रभारी सपन महथा ने बताया कि नवीन कुमार मिश्रा की तलाश की जा रही है। अब तक कांठी टांड़ और तिलता चौक के बीच विभिन्न जगहों पर लगे सीसीटीवी के फुटेज को खंगाला गया है। पुलिस मामले में टेक्निकल सेल की मदद ले रही है। नवीन कुमार मिश्रा ने बीते 31 अगस्त को अपने बेटे के मोबाइल फोन पर लोकेशन भेजा था। इसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल पाया है। नवीन के परिजनों ने रातू थाना क्षेत्र के ललित ग्राम निवासी सोमनाथ पांडे पर अपहरण का आरोप लगाया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सोमनाथ को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

### राज्य सरकार और जेएसएससी को जवाब दाखिल करने का निर्देश

## झारखंड हाईकोर्ट ने सहायक आचार्य नियुक्ति प्रक्रिया पर लगाई रोक




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने मंगलवार को सहायक आचार्य नियुक्ति के विज्ञापन पर रोक लगा दी। साथ ही कोर्ट ने झारखंड एजुकेशन प्रोजेक्ट काउंसिल एवं झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) को प्रतिवादी बनाते हुए नोटिस जारी किया। कोर्ट ने राज्य सरकार और जेएसएससी को 4 सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। विज्ञापन को चुनौती देते हुए बीआरपी एवं सीआरपी बहादुर महतो व अन्य की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है। सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली में पारा शिक्षकों को 50 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई मंगलवार को हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। कोर्ट ने सहायक आचार्य नियुक्ति विज्ञापन संख्या 13/ 2023 पर रोक लगा दी। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2023 के नियमावली के तहत बीआरपी एवं सीआरपी संविदाकर्मियों को सहायक आचार्य नियुक्ति में 50 फीसदी आरक्षण लाभ से वंचित किया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली 2022 में संविदा पर शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मियों को 50 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा दी गई थी।

### क्या है मामला

साल 2023 में बनी नियमावली में बीआरपी और सीआरपी संविदाकर्मियों को सहायक आचार्य नियुक्ति में 50 फीसदी आरक्षण से वंचित कर दिया गया था। इसको बीआरपी (ब्लॉक रिसोर्स पर्सन) और सीआरपी (कलस्टर रिसोर्स पर्सन) की ओर से बहादुर महतो समेत अन्य ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। प्रार्थी के अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी की ओर से दलील पेश की गई कि सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली 2022 में संविदा पर शिक्षा विभाग में काम कर रहे कर्मियों को 50 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा दी गई थी। बाद में संशोधित नियमावली निकालकर आरक्षण की सुविधा को समाप्त कर दिया गया।

### खुलासा — गत वर्ष 83 फीसदी भारतीय कंपनियों को साइबर सुरक्षा मामलों का करना पड़ा सामना

## वेब अटैक, फिशिंग के कारण करोड़ों का हुआ नुकसान



**नई दिल्ली।** एक नई रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया कि लगभग 83 प्रतिशत भारतीय ऑर्गेनाइजेशन्स ने पिछले साल साइबर सिक्योरिटी संबंधी घटनाओं का अनुभव किया, जिनमें से 48 प्रतिशत ने खुलासा किया कि उन्हें 10 या उससे अधिक घटनाओं का सामना करना पड़ा, जिससे लाखों डॉलर का नुकसान हुआ। सिक्योरिटी, परफॉर्मेंस और रिलाएबल कंपनी क्लाउडफ्लेयर के अनुसार, ज्यादातर घटनाओं के लिए वेब अटैक, फिशिंग और सप्लाई चेन अटैक को जिम्मेदार ठहराया गया, जिसमें उत्तरदाताओं ने वित्तीय लाभ को साइबर अपराधियों का प्राथमिक लक्ष्य बताया था, इसके बाद स्पाइवेयर प्लांटिंग और डेटा घुसपैठ को जिम्मेदार ठहराया गया।

सर्वे में छोटे (150 से 999 कर्मचारी), मध्यम (1,000 से 2500 कर्मचारी) और बड़े (2,500 से अधिक कर्मचारी) ऑर्गेनाइजेशन के कुल 4,009 साइबर सिक्योरिटी डिसीजन मेकर और लीडर शामिल थे।

क्लाउडफेयर में एशिया प्रशांत, जापान और चीन के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक जोनाथन डिक्सन ने कहा, "भारत की बढ़ती डिजिटल पावर और टेक्नोलॉजी पर बिजनेस की निरंतर निर्भरता के साथ, ऑर्गेनाइजेशन के लिए सिक्योरिटी कल्चर को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है, जो उनके लीडर्स को साइबर सिक्योरिटी को स्ट्रेटेजिक बिजनेस इंपरेटिव के रूप में अपनाने के लिए सशक्त बनाती है। उन्होंने कहा, इससे ऑर्गेनाइजेशन को न केवल खर्च कम करने में मदद मिलेगी बल्कि एक मजबूत और सुव्यवस्थित साइबर सिक्योरिटी फ्रेमवर्क भी सुनिश्चित होगा। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि केवल 52 प्रतिशत लोग खुद को साइबर सिक्योरिटी घटनाओं के लिए अत्यधिक तैयार मानते हैं, और तैयारियों की कमी के कारण लाखों लोगों का नुकसान हो रहा है। लगभग 47 प्रतिशत ने संकेत दिया कि पिछले 12 महीनों में ऐसी घटनाओं का वित्तीय प्रभाव 1 मिलियन डॉलर से अधिक हो गया है, जबकि 27 प्रतिशत को कम से कम 2 मिलियन डॉलर का वित्तीय झटका लगा है। साइबर सुरक्षा घटनाओं का परिणाम ऑर्गेनाइजेशनल ऑपरेशन्स तक फैला हुआ है, जिसमें 46 प्रतिशत ने बताया कि उनके ऑर्गेनाइजेशन ने हाइब्रिड वर्क कम कर दिया या प्रतिबंधित कर दिया, कर्मचारियों को नौकरी से निकालने के लिए मजबूर किया गया और विस्तार योजनाओं को स्थगित कर दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार, जब साइबर सिक्योरिटी की तैयारी की बात आती है तो 57 प्रतिशत भारतीय बिजनेस लीडर्स के लिए टैलेंट की कमी को सबसे बड़ी चुनौती के रूप में पहचाना गया, जबकि 44 प्रतिशत ने कहा कि फंडिंग की कमी उनके बिजनेस की सुरक्षा करने की उनकी क्षमता में बाधा बन रही है।

## गांजा के साथ महिला गिरफ्तार बेचने जाने से पहले धराई



**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। शहर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पांकी रोड में जनकपुरी रामजानकी मंदिर के पास से बिहार की एक महिला को करीब साढ़े तीन किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। महिला गांजा को बेचने के मकसद से बैग में भरकर ले जाने के लिए खड़ी थी। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभय कुमार सिन्हा ने मंगलवार की शाम शहर थाना में बताया कि विधि व्यवस्था व अपराधियों पर निगरानी व अन्य मामलों को लेकर पुलिस गश्ती के दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि पांकी रोड में जनकपुरी रामजानकी मंदिर के पास एक महिला नारंगी रंग के बैग तथा एक झोले में ढ़ाई से तीन किलो ग्राम गांजा लेकर बेचने के मकसद से जाने के लिए खड़ी है। उन्होंने बताया कि सूचना के आलोक में तत्काल कार्रवाई कर महिला को गांजा के साथ पकड़ने के लिए पुलिस टीम निकली। साथ ही इसकी सूचना वरीय पुलिस पदाधिकारियों को दी गयी। रामजानकी मंदिर के बाहर एक महिला को नारंगी रंग के बैग तथा हाथ में झोला लिए खड़ा देखा गया। पुलिस गाड़ी आते देखकर महिला तेजी से **शेष पृष्ठ 11 पर**

## रेल टेका कार्यक्रम को लेकर बैठक सम्पन्न




सिल्ली। सिल्ली प्रखंड के गोड़ाडीह पंचायत के पलासडीह गांव में टोटेमिक कुरमी/ कुड़मी विकास मोर्चा के बैनर तले मुरी रेल टेका आंदोलन को लेकर बैठक किया गया। जिसका अध्यक्षता नरेश चंद्र महतो और संचालन शशि रंजन महतो ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय संगठन सचिव रघुनाथ महतो उपस्थित थे। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि आगामी 20 सितंबर को हजारों की संख्या में गोड़ाडीह पंचायत के आस पास गांव से महिला पुरुष पूरे तैयारी के साथ भोजन पानी लेकर मुरी रेलवे ट्रैक में उतरेंगे। इस मौके पर मीडिया प्रभारी जितेंद्र महतो, घनश्याम महतो ,दिनेश महतो, नंदलाल महतो, मंजू देवी ,अंबा रानी देवी ,संगीता देवी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### झारखंड हाई कोर्ट ने दिया आदेश

# टैगोर हिल के ब्रह्म मंदिर को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने पर तीन माह में फिर से ले निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट में रांची स्थित टैगोर हिल के ऊपर स्थित ब्रह्म मंदिर के संरक्षण एवं केंद्र सरकार द्वारा इसे राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने का आग्रह करने वाली सोसाइटी ऑफ प्रिजर्वेशन ऑफ ट्राईबल कल्चर एंड नेचुरल ब्यूटी की जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि टैगोर हिल के ब्रह्म मंदिर को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने के संबंध में भारतीय पुरातत्व विभाग तीन माह में फिर से निर्णय ले। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शैलेश पोद्दार ने कोर्ट में पैरवी की थी। अपने आदेश में




कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि टैगोर हिल से अतिक्रमण हटाया जाए। सरकार को यह भी निर्देश दिया है कि राज्य सरकार का भू राजस्व विभाग एक समिति बनाए, जिसमें टैगोर हिल के बाउंड्री की मापी की जाएगी और इसके बाद टैगोर हिल के बाउंड्री वॉल को इसके ओरिजिनल स्वरूप में लाया जाए। बाउंड्री वॉल के सर्वे के लिए बनाई जाने वाली समिति में रांची उपायुक्त द्वारा मनोनीत सदस्य रहेंगे। राज्य सरकार टैगोर हिल के रखरखाव के अलावा वहां महिला, पुरुष, ट्रांसजेंडर एवं विकलांग के लिए शौचालय की व्यवस्था भी करें। लेकिन शौचालय बनाते समय यह ध्यान रखा जाए कि टैगोर हिल के धरोहरों के बीच में यह ना आए। सरकार टैगोर हिल का संरक्षण करें और इसकी साफ सफाई व्यवस्था बनी रहे इस पर ध्यान दें। टैगोर हिल का क्षेत्र प्लास्टिक मुक्त हो ऐसी व्यवस्था बनाई जाए। पीने के पानी, पर्यटकों के बैठने की सुविधा आदि की व्यवस्था यहां रहे। कोर्ट ने माना है कि टैगोर हिल रांची का एक बहुत महत्वपूर्ण स्थल है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता शैलेश पोद्दार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि टैगोर हिल के ऊपर स्थित ब्रह्म मंदिर 113 साल पुराना है, जिसे गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के बड़े भाई ज्योतिंद्र नाथ टैगोर ने बनवाया है।यह ब्रह्म मंदिर आज जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़ा हुआ है और टूट रहा है।

## खूंटी शहर में चली गोली, दो युवक घायल रिम्स रेफर

**खूंटी।** शहर के खूंटी दतिया रोड में हुटुबदाग स्थित हनुमान मंदिर के समीप मंगलवार देर शाम गोली चालन की घटना हुई। गोली लगने से नगर पंचायत क्षेत्र के दतिया गांव के दो युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान तुलसी महतो के पुत्र शिव महतो (27) और वासुदेव गौंझू के पुत्र सुबोध गौंझू उर्फ भुटका (26 ) के रूप में हुई है। घटना के बाद आसपास मौजूद लोग तुरंत दोनों घायल युवकों को सदर अस्पताल खूंटी ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार दोनों घायल युवक रिश्ते में जीजा-साला हैं। एक को पेट में गोली लगी है, जबकि दूसरे की बांह में गोली लगी है। घटना की सूचना मिलते ही खूंटी थाना प्रभारी पिंकू कुमार यादव अन्य पुलिस अधिकारी और जवानों के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और घटना की छानबीन शुरू कर दी। घटना के संबंध में घायलों ने बताया कि शाम लगभग छह बजे वे दोनों मंदिर के समीप मैदान के पास थे।

# बुद्धा पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

सिल्ली प्रखंड अंतर्गत मुरी सिल्ली क्षेत्र के तमाम स्कूलों में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया गया। इसी क्रम में बुद्धा पब्लिक स्कूल सिल्ली में स्कूल के निदेशक रणधीर कौशिक ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम के दौरान निदेशक ने कहा कि एक शिक्षक हमें बिना किसी स्वार्थ के सफलता का रास्ता दिखाते हैं। शिक्षक हमारे जीवन के स्तंभ होते हैं। वह अपना बहुमूल्य समय देकर हमारे जीवन को सवारते हैं। तत्पश्चात स्कूल के बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों को प्रस्तुत कर शिक्षकों को सम्मान दिया गया। इस मौके पर प्राचार्य वी सुधीर कुमार, राकेश, लंकेश्वर, प्रेमचंद, गोविंनदर सिंह, जितेंद्र महतो, नकुल, विपुल, सुषमा सिंह, प्रतिमा देवी, खुशबू कुमारी, आशा चौधरी, सुमित्रा कुमारी मौजूद रहे।

# माता-पिता के बाद गुरुओं की अहम भूमिका : अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

माण्डर स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीयूशन, कन्दरी, में बीएड, डीएलएड, बीएससी नर्सिंग, जीएनएम एवं फॉमेर्सी के छात्र/छात्राओं के द्वारा शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षछवि सिन्हा, शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रख्यात शिक्षाविद् भारत रत्न डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन को उनकी जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद गुरु वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभी छात्र छात्राओं एवं सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक




शुभकामनाएं एवं बधाइयां देते हुए संस्थान की अध्यक्षा छवि सिन्हा ने गुरु की महिमा को बताते हुए जन्म के बाद प्रथम गुरु माता को बताया। उन्होंने माता एवं पिता के बाद स्कूली ज्ञान से जीवन पथ को सुलभ बनाने वाले गुरुओं की अहम भूमिका को दर्शाते हुए उनकी सराहनीय प्रयास को हर छात्र के लिए अमृत तुल्य बताया। महाविद्यालय के शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर ने कहा कि अच्छा शिक्षक वह है जो जीवन पर्यन्त विद्यार्थी बना रहता है। इस प्रक्रिया में वह केवल किताबों से ही नही बल्कि जीवन के सभी अनुभवो से जो सीखता है वह अपने छात्रों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में अर्पित करता है। डीन उपेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि वर्तमान परिवेश में शिक्षक का दायित्व भूले भटके छात्र/छात्राओं को सही मार्ग पर जीवन जीने की कला सिखाना है। उन्हें मातृत्व एवं पितृवत प्यार की आवश्यकता है। उप प्राचार्य राकेश कुमार राय ने कहा कि गुरू और शिष्य की परम्परा सदियों से चलते आ रही है। शिक्षक को अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। तभी एक शिक्षित समाज की कल्पना हो सकती है। वही डी.एल.एड. विभागाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी जरूरी है, तभी एक सुसंस्कृत समाज के निर्माण की कल्पना कर सकते है। इस अवसर पर महाविद्यालय के बीएड / डीएलएड/ डी. फार्मा/ जीएनएम / बीएससी नर्सिंग की छात्र/छात्राएं भी सम्मिलित हुए तथा अनेको रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## आदर्श विद्या मंदिर मुरतो स्कूल में शिक्षक दिवस सह वार्षिक उत्सव मना

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के मुरतो गांव स्थित आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में शिक्षक दिवस सह वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के समन्वय समिति के सदस्य सह पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक डा राजेंद्र तिवारी प्रो इंद्र मोहन राय,महेंद्र महतो,अफिन्द्र महतो,नवदीप महतो,योगेंद्र महतो, महावीर महतो,सुदर्शन गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभअथितियों ने दीप जलाकर व डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर पर माला पहनाकर व पुष्प अर्पित करके किया। मौके पर बंधु तिर्की ने कहा कि शिक्षा से ही बेहतर समाज और आदर्श नागरिक का निर्माण हो सकता है।शिक्षा से ही समाज को अंधविश्वास से छुटकारा मिलेगा। देश तरक्की करेगा और समाज में नये बदलाव होंगे। उन्होंने कहा आदर्श स्कूल ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में शिक्षा का अलख जगा रहा है।

# राजधानी में लगाए गए 50 इमरजेंसी कॉल बॉक्स, ट्रायल शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में 50 स्थान पर इमरजेंसी कॉल बॉक्स लगाए गए हैं जिसका इस्तेमाल संकट के समय आम लोग कर सकेंगे। इमरजेंसी कॉल बॉक्स का ट्रायल मंगलवार से शुरू कर दिया गया है ,इसके लिए बाकायदा शहर के सभी थानेदारों को स्मार्ट सिटी स्थित अत्यधिक पुलिस कंट्रोल रूम में ट्रेनिंग भी दी गई।

आपात स्थिति में मिलेगी मदद

दरअसल इमरजेंसी कॉल बॉक्स का हेल्प बटन दबाने से ही वह सीधे पुलिस कंट्रोल रूम में कनेक्ट हो जाएगा ।इसके लिए किसी भी तरह के फोन या मोबाइल की जरूरत नहीं पड़ेगी। जिस व्यक्ति के द्वारा हेल्प बटन दबाया जाएगा वह सीसीटीवी कैमरे के जरिए कंट्रोल रूम में बैठे पुलिसकर्मियों को नजर भी आएगा। कंट्रोल रूम में बैठे पुलिसकर्मी कैमरे के माध्यम से सहायता मांगने वाले व्यक्ति को देखकर, यह जान भी जाएंगे कि वह किस परिस्थिति में है।



आवश्यक जानकारी मिलने के बाद उसे व्यक्ति की मदद के लिए पीसीआर या टाइगर पुलिस को मौके पर भेजा जाएगा।

**थानेदारों को दी गई ट्रेनिंग :** मंगलवार को रांची के धुर्वा स्थित स्मार्ट सिटी के कंट्रोल रूम में रांची के सभी थानेदारों को इमरजेंसी कॉल बॉक्स को लेकर ट्रेनिंग दी गई। पुलिसकर्मियों कोई अभी निर्देश दिया गया है कि वह इसका जोर शोर से प्रचार प्रसार करें ताकि लोगों को इसके संबंध में जानकारी हासिल हो सके और वह पुलिस की सहायता ले सकें। रांची के सीनियर एसपी किशोर कौशल ने बताया कि फिलहाल इमरजेंसी कॉल बॉक्स का ट्रायल चल रहा है ,जल्द ही से पूरे शहर में सभी 50 बॉक्स को एक साथ चालू कर दिया जाएगा, इसके लिए राजधानी रांची में 50 स्थान पर कॉल बॉक्स लगाए गए हैं।

**भीड़ वाले इलाके में लगाया गया :** दरअसल राजधानी के भीड़भाड़ वाले 50 स्थान पर इमरजेंसी कॉल बॉक्स लगाया गया है। कॉल बॉक्स पर हेल्प बटन बनाया गया है ,जैसे ही कोई उसे बटन को दबाता है बॉक्स से आवाज आने लगती है। वह आवाज सीधे पुलिस कंट्रोल रूम में जाती है इसके साथ ही कॉल बॉक्स के पास लगे कैमरे ऑन हो जाते हैं और जो व्यक्ति मदद मांग रहा है वह पुलिसकर्मियों को साफ-साफ दिखाई देने लगता है ।उसकी आवाज भी स्पष्ट सुनाई देती है।

# जनबल के आगे धनबल हुआ कमजोर : आदित्य साहू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डुमरी उप चुनाव के बाद भाजपा ने एनडीए प्रत्याशी के प्रबल जीत का दावा किया है। राज्यसभा सांसद और प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर डुमरी की जनता का आभार जताया। साथ ही कहा कि डुमरी की जनता हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ और लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपनी जन भागीदारी सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने डुमरी उप चुनाव में लोकतंत्र को तार-तार करने का कार्य किया है। उप चुनाव के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सुदेश महतो, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और वे चुनाव प्रचार में व्यस्त थे लेकिन डरी सहमी हुई हेमंत सरकार ने चुनाव प्रचार प्रभावित करने के इरादे से उनके



और सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के कमरे में छापेमारी करवाई जबकि जेएमएम, कांग्रेस और राजद के नेता कार्यकर्ता खुलेआम पैसे बांटते रहे। उनपर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बावजूद जनबल के आगे धनबल कमजोर हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रचार-प्रसार के दौरान एनडीए कार्यकताओं को गलत तरीके से गिरफ्तार किया गया। मारपीट की गई। मारपीट करने वाले भोला सिंह और उनके बेटे के खिलाफ अब तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है। साथ ही दावा किया कि एनडीए गठबंधन की प्रत्याशी यशोदा देवी को भरपूर समर्थन मिला है। वह भारी मतों से चुनाव जीत रही हैं।

# ऑक्सब्रिज स्कूल में छात्रों ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

मांडर के ऑक्सब्रिज स्कूल में बारिश के हल्के फुहारों के बीच शिक्षक दिवस उत्सव आनंदपूर्वक मनाया गया। निदेशक तौफीक आलम के साथ प्राचार्या इवोन एक्का ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर सांस्कृतिक एवं शिक्षक सम्मान समारोह का शुभारंभ किया। स्वागत गान सह नृत्य द्वारा शिक्षकगण का सम्मानपूर्वक, गुलाब पुष्प देकर स्वागत किया गया। शिक्षार्थियों द्वारा सामूहिक नृत्य, एकल नृत्य एवं लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। शिक्षकों के मनोरंजन के लिए कई खेलों का भी अयोजन किया गया। समारोह को सफल बनाने में स्कूल के सभी वर्गों ने उत्साहपूर्ण योगदान दिया तथा अनुशासित ढंग से आनंद उठाया। उत्सव का इतिश्री शिक्षकों को उपहार देकर तथा उनके शुभाशीष प्राप्त कर हुआ। शिक्षक दिवस उत्सव के अवसर पर शिक्षकगण के साथ स्कूल प्रबंधक सदस्य तथा सभी कर्मचारी मौजूद थे।

## सुदेश महतो गुरुजनों को आज करेंगे सम्मानित

सिल्ली। सिल्ली स्टेडियम परिसर में गूंज परिवार की ओर से बुधवार को शिक्षक दिवस के उपलक्ष में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो गुरुजनों को सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। गूंज परिवार के अध्यक्ष सुनील सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि सम्मान समारोह में सिल्ली विधानसभा के सभी सरकारी, गैर सरकारी विद्यालयों के शिक्षक एवं सेवा निवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।

## शिक्षक दिवस पर बेड़ो कॉलेज के संस्थापक की प्रतिमा रही उपेक्षित

**बेड़ो।** रांची गुमला व लोहरदगा जिले में शिक्षा के उजाले से जिंदगी को रौशन करने वाले करमचंद भगत कॉलेज के परिसर में स्थापित कॉलेज के संस्थापक स्व करसमचंद भगत की प्रतिमा इस बार शिक्षक दिवस पर सम्मान नहीं दिया गया ।जबकि इस कॉलेज की स्थापना स्व करमचंद भगत ने 5 सितंबर 1979 ई में किया था। वही कॉलेज प्रबंधन की इस लापरवाही के कारण समाज सेवियों व पूर्ववर्ती छात्रों में रोष व्याप्त है।

# आचार्यकुलम विद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शिक्षक दिवस, डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारत के प्रथम उप-राष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति रहे। वे भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद, महान दार्शनिक और एक आस्थावान हिन्दू विचारक थे। उनके इन्हीं गुणों के कारण सन 1954 में भारत सरकार ने उन्हें सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया था। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ गीत, भाषण एवं श्लोक गायन की सुंदर प्रस्तुति दी। छात्रों ने भाषण में सावित्रीबाई फुले, दयानंद सरस्वती, चाणक्य,रवींद्रनाथ टैगोर, विवेकानंद इत्यादि महान गुरु और शिक्षाविदों को याद किए और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिए। विद्यालय की प्राचार्या सुजाता कौरा जी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि - हमें अपने जीवन में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के आदर्शों को अपनाते हुए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि आप सभी कृत संकल्पित हो आप अपने माता-पिता, गुरुजनों का आदर करेंगे तथा उनके बताए हुए मार्ग पर आगे बढ़ेंगे और अपने जीवन में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करेंगे। विद्यालय के प्रबंधक पूज्य स्वामी दिव्य देव जी ने सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं को आशीर्वाद देते हुए उन्हें कर्तव्यनिष्ठ बनने के लिए प्रेरित किए। आचार्यकुलम विद्यालय सभी विद्यालयों से अलग है । यह संस्थान अपनी वैदिक सभ्यता और संस्कृति के प्रति विशेष बल देता है। इस अवसर पर शिक्षक -शिक्षिकाओं को उपहार के रूप में भगवत गीता प्रदान किए गए।

### झामुमो ने केंद्र सरकार पर जमकर साधा निशाना, कहा-

# इंडिया शब्द को मिटाने के लिए मोदी सरकार करोड़ों रुपये खर्च करेगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने डुमरी विधानसभा क्षेत्र उप चुनाव में वोटिंग के लिए जनता का आभार जताया। साथ ही शिक्षक दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने नौ सितंबर को राष्ट्रपति भवन में जी 20 रात्रिभोज के लिए दिए जा रहे आमंत्रण पत्र पर प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया के बदले प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखने पर केंद्र सरकार और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। भट्टाचार्य ने कहा कि कोई पार्टी या सरकार किसी नए गठबंधन से इतना भयभीत होगी, इसका अंदाजा तो हमें भी नहीं था। भय की पराकाष्ठा का यह सबसे बड़ा उदाहरण है। अब सवाल यह खड़ा




होता है कि भारत सरकार किस-किस चीज से इंडिया शब्द का नाम हटाएगी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन रेलवे, इंडिया गेट, गेट वे ऑफ इंडिया, पीएम ऑफ इंडिया, टीम इंडिया, इंडियन फॉरेन मिनिस्ट्री सहित कई ऐसे नाम हैं, जिनको बदलना जरूरी होगा। भट्टाचार्य मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि लगता है कि अब सरकार देश में अंकित हर जगह से इंडिया शब्द को मिटाने के लिए करोड़ों नहीं अरबों रुपये खर्च करेगी। इंडिया और भारत के गौरवमयी इतिहास को मिटाने, डॉ भीमराव अंबेडकर के संविधान को बदलने आदि की भी तैयारी हो चुकी है। भाजपा और मोदी सरकार के लिए इंडिया शब्द एक बड़ी आपदा बनकर आयी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पांच दिन का संसद का विशेष सत्र बुलाया है। इसमें कोई गलत नहीं है। क्योंकि, यह एक चुनी सरकार का अधिकार है लेकिन यह सत्र क्यों बुलाया गया है, यह अब तक देश को बताया नहीं गया है। सारी चीजें सूत्रों के हवाले से चल रही हैं। सरकार की नीयत साफ है तो देश को बताना चाहिए कि इसमें वह क्या करने जा रही है। अजीब हालात देश में पैदा कर दिया गया है।

## रिम्स में जल्द शुरू होगी असाध्य और दुर्लभ रोगों की होगी जांच

**रांची।** रिम्स जेनेटिक और जीनोमिक्स विभाग पूर्ण एक्जोम सीक्वेंसिंग करने की तैयारी में है। जल्द ही असाध्य एवं दुर्लभ रोगों की झारखंड में जांच शुरू होगी। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने रिम्स के जेनेटिक्स एवं जीनोमिक्स विभाग के जरिये प्रस्तावित दो बाह्य अनुसंधान परियोजनाओं को अनुदान देने की स्वीकृति दी है। दोनों ही अनुसंधान सिकल सेल एनीमिया के क्षेत्र में होगा। रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने मंगलवार को बताया कि पहले परियोजना का शीर्षक सिकल सेल एनीमिया में वासो ओक्लूसिव संकट के लिए नैदानिक प्रोफाइलिंग एवं आनुवंशिक जोखिम कारकों का अध्ययन एक बहुकेंद्रित केस नियंत्रण अध्ययन है। दूसरी परियोजना का शीर्षक उच्च एचबीएफ वाले सिकल सेल एनीमिया रोगियों में संभावित चिकित्सीय लक्ष्य की पहचान करने के लिए एक संपूर्ण रक्त ट्रांसक्रिप्टोमिक अध्ययन है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,एन0आर0ई0पी0,खूंटी**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–1 वर्ष 2023–24

1. विभाग का नाम :–एन0आर0ई0पी,खूंटी।
2. विज्ञापन दाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता,एन0आर0ई0पी,खूंटी।
3. परिमाण विपत्र की बिक की तिथि :–12.9.2023 (5.00 बजे अपराहन तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 13.9.2023(3.00 बजे अपराहन तक)
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 13.9.2023(3:30 बजे अपराहन)
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता,एन0आर0ई0पी0,खूंटी
7 निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता,एन0आर0ई0पी0,खूंटी
8. कार्य का विस्तृत विवरणी

| क0 | योजना का नाम | जिला | प्रखंड | प्राक्कलित राशि (रू. में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रू. में) | अग्रधन की राशि (रू. में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | Construction of Wooden Floor and Window in Indoor Badminton Court | खूंटी | मुरहू | 9,49,800=00 | 1250=00 | 19,000=00 | 120 दिन |


निविदा की शर्त www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
एन०आर०ई०पी०,खूंटी

PR306267 (NREP)23-24*D

### संत पॉल्स महाविद्यालय में मना शिक्षक दिवस

# गुरु ही ज्ञानदाता हैं, जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं : प्राचार्य









**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** संत पॉल्स महाविद्यालय परिवार की ओर से मंगलवार को शिक्षक दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया, जिसमें छात्रों ने अपने शिक्षकों को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन एचपीडीसी सभागार में आयोजित किया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व कॉलेज के पूर्व शिक्षक डॉ एस मल्लिक ने छात्रों से अपने शिक्षकों के गुणों कोआत्मसात करने की सलाह दी । इसके लिए उन्होंने कॉलेज की स्थापना से लेकर वर्तमान परिस्थिति तक शिक्षकों के योगदान और कार्य का विवरण किया और कहा कि गुरू ही सिर्फ शिक्षक नहीं होता बल्कि हर वो व्यक्ति जो आपको जीवन में कुछ न कुछ सिखाता है वह भी एक शिक्षक ही है। प्राचार्य डॉ अनुज कुमार तिग्गा ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरू का अर्थ होता है ज्ञानदाता, जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। उन्होंने बताया कि जीवन के मार्ग में आगे बढ़ने के लिए माता-पिता और गुरू का विशेष स्थान होता है। वहीं हमें जीवन के असल मूल्यों को बताते हैं। कॉलेज सचिव रेव्ह पीटर बारला ने छात्रों को शिक्षक दिवस की मान्यता और डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के बारे में बताया, जिनके जन्म दिन पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने गुरूओं को जरूर याद करना चाहिए, जिनके जीवन का प्रभाव हम में से हरेक के जीवन में पड़ता है। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर की गई। छात्रों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। इसमें उन्होंने गुरू के सम्मान और महत्व को समर्पित नृत्य नाटिका, देश की सांस्कृतिक झलक, ज्ञानवर्द्धक स्किट और आधुनिक नृत्य और गीत भी प्रस्तुत किया। विशेष रूप से इंटरमीडिएट आर्टस से दृष्टिबाधित छात्र शुभोजीत ने गुरू और ज्ञान पर संगीत प्रस्तु त कर शमां बांध दिया । स्टेज पर कार्यक्रम का संचालन आर्यन, मेहताब और शिवानी ने किया। पूरे कार्यक्रम में छात्रों की ओर से सुजित कुमार, भोपल मुंडा, अमन कुमार, अंकिता रानी, अंकिता सुरीन, रोमेश शर्मा, अंजलि कुमारी, गौरव मिश्रा, महिमा, सौरभ, मोहकल, अंकिता, तनु, सचिन, अमिशा जीत और सभी फैकल्टी के अन्य छात्र-छात्राओं ने अपना उल्लेखनीय सहयोग किया।

## डीपीएस रांची में शिक्षक दिवस धूमधाम से मना



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दिनांक 05 सितंबर 2023 को डीपीएस राँची में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बौद्धिक रूप से उज्ज्वल समाज के निर्माण में शिक्षकों के महत्वपूर्ण अवदान की सराहना करना एवं उनके प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करना था । इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह, हैडमास्टर, हैडमिस्ट्रेस, शिक्षक, शिक्षिकाएँ एवं शिक्षकेतर कर्मचारी गण उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह द्वारा देश के द्वितीय राष्ट्रपति, दार्शनिक और एक महान शिक्षक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण से किया गया। इसके बाद ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों द्वारा मधुर गीत, नृत्य और भाषण की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद शिक्षकों ने सामूहिक गीत और रंग बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजकर मनमोहक नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य प्रदर्शन, नाटक और संगीतमय प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की गईं जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर बोलते हुए डीपीएस राँची के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने कहा कि शिक्षक छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए सुदृढ़ आधार और परिवेश तैयार करते है तथा उन्हें जीवनदर्शन से परिचित भी कराते है क्योंकि ये ज्ञान के वास्तविक प्रतीक हैं।

## इक्फाई विवि. और रांची विवि. के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** छात्रों की शैक्षणिक, अनुसंधान और रोजगार क्षमता में सुधार के लिए इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड और रांची विश्वविद्यालय के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर दोनों विश्वविद्यालयों के कुलपति प्रो. (डॉ.) रमन कुमार झा एवं प्रो. (डॉ.) अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन संयुक्त अध्ययन, अनुसंधान और प्रशिक्षण एवं रोजगार गतिविधियों की स्थापना और आपसी हित के अन्य शैक्षिक विकास के आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा। इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड, 11 विश्वविद्यालयों के समूह का एक हिस्सा है और झारखंड राज्य का पहला निजी विश्वविद्यालय रांची विश्वविद्यालय के साथ अपनी क्षमता विकसित करके उद्योग संघ के साथ भुगतान या अवैतनिक रोजगार और प्रशिक्षण के सभी पहलुओं के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह समझौता ज्ञापन दोनों विश्वविद्यालयों के छात्रों और झारखंड के अन्य सभी छात्रों के हित में काम करेगा। इस एमओयू को सलूजा बिल्डिंग, मेन रोड रांची स्थित इक्फाई विश्वविद्यालय आउटरीच एंड नॉलेज शेयरिंग सेंटर से भी अवसर मिलेगा। इस अवसर पर, इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड के कुलपति प्रो. (डॉ.) रमन कुमार झा ने सभी छात्रों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## रामगढ़ डीसी ने मां छिन्नमस्तिके मंदिर में पूजा-अर्चना की

**रामगढ़।** रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने अपने परिवार के साथ आज मंगलवार को रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिके मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की. इसके बाद डीसी ने मंदिर परिसर अंतर्गत प्रशासनिक भवन में अधिकारियों व मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर कई दिशा-निर्देश दिये. बैठक में रजरप्पा मंदिर परिसर को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने और श्रद्धालुओं को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा हुई. उन्होंने मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों से मंदिर के संचालन प्रक्रिया सहित अन्य जानकारियां भी ली. बैठक में कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी विधि शाखा, उप निर्वाचन पदाधिकारी सह नजारत उपसमाहर्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी चितरपुर, अंचल अधिकारी चितरपुर, रजरप्पा मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य सहित अन्य उपस्थित रहे. मंदिर परिसर अंतर्गत दामोदर और भैरवी नदी के संगम पर नमामि गंगे योजना के तहत नियमित रूप से गंगा आरती का आयोजन करने का निर्देश दिया.

## बरही में सहायक अध्यापकों ने काला बिल्ला लगाकर सरकार का किया विरोध



**बरही ।** शिक्षक दिवस के अवसर पर सहायक अध्यापको ने मांगो को अनदेखी करने वाले सरकार के नीतियों का विरोध करते हुए काला बिल्ला लगाकर कार्य किया गया. उक्त संबंध में जानकारी देते हुए अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे ने बताया कि वर्तमान सरकार अपने ही किए वायदों को पूरा नहीं कर रही है. जिसके कारण सहायक अध्यापक सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं. दूसरों का भविष्य करने वाले शिक्षक और उनके परिवार का भविष्य गर्त में जा रहा है. नियमितिकरण, बीमा आदि जैसे मांगो की अनदेखी की जा रही है. शिक्षक दिवस जहां शिक्षकों की समस्याओं का प्रतीक है वही आज हम सभी शिक्षक समस्याओं से घिरे पड़े हैं. बावजूद प्रदेश सरकार बहरी और गूंगी बनी हुई है.

## शिक्षक दिवस के अवसर पर पोस्ट निर्माण सह स्लोगन कार्यशाला का आयोजन




**बरही ।** शिक्षक दिवस के अवसर पर आदर्श मध्य मध्य विधालय बरही में पोस्टर निर्माण सह स्लोगन कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसकी शुरूआत पूर्व उप राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर पर पुष्पांजलि के साथ हुआ. प्रधानाध्यापिका इंदु कुमारी के अनुसार कार्यशाला का आयोजन केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त तत्वाधान में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की सफल बनाने के उद्देश्य से किया गया था. कार्यशाला के लिए मुख्य थीम शिक्षा एवं जीवनपर्यत शिक्षा थीम पर आधारित पोस्टर निर्माण स्लोगन लिखना था. प्रखंड समन्वयक सह मास्टर ट्रेंड रिजवान अली ने बताया कि आठ सितम्बर तक साक्षरता सप्ताह आयोजित किया जा रहा है. जिसके तहत निरक्षरों के बीच जागरूकता लाना है. जिसमे मूलतः साक्षरता व संख्यात्मक ज्ञान, महत्वपुर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल विकास, बुनियादी शिक्षा एवं सतत शिक्षा शामिल है. कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका सहित सेवानिवृत प्रधानाध्यापिका सुन्दरी देवी, शिक्षक मो इरफान, ब्रजभुषण कुमार, उपेन्द्र शर्मा, पुनम सिन्हा , अशोक राम शहिदा खातुन, संदीप कुमार, मो सनौवर, नीलु कुमारी, तुफैल आजाद, अर्पणा प्रसाद , हसना प्रवीण , गजाला प्रवीण, आदि सहित कई अभिभावक मौजूद थे.

## धनबादः संत जेवियर स्कूल शालीमार में शिक्षक दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम, बच्चों ने मन मोहा

**धनबाद।** संत जेवियर्स स्कूल शालीमार में मंगलवार 5 सितंबर को राधा-कृष्ण बाल सज्जा प्रतियोगिता हुई. प्रतियोगिता में क्लास नर्सरी से 2 तक के कुल 80 बच्चों ने भाग लिया. छोटे-छोटे बच्चे-बच्चियों ने राधा-कृष्ण की वेश भूषा में लोगों का मन मोह लिया. सभी बच्चों को चार ग्रुप में वांटा गया था. प्रभजोत, अंशिका, अमृता, काबिया कुमारी, मेघा व रिया राधा बनी, जबकि कृष्ण के वेश में ओम कुमार, राजवीर, समीर कुमार, प्रतीक राज व अभिनव आकर्षण के केंद्र बने रहे. सभी ग्रूप के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाले प्रतियोगियों को विद्यालय के प्राचार्य पुनीत शाह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रार्चाय पुनीत शाह, निर्देशक रिचर्ड आर पीटर शाह शिक्षक- शिक्षिकाओ में आइसा कुरैसी आदि का सराहनीय योगदान रहा.

## श्रीकृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता सह अभिभावक गोष्ठी का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में श्रीकृष्णरूप सज्जा प्रतियोगिता सह अविभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया. जिसमें कक्षा कक्षा अरुण से पंचम तक के भैया बहनों ने आचार्या रश्मि कुमारी, विनीता कुमारी, गुडविल सिंह ,ऋचा कुमारी, पुष्पलता कुमारी के मार्गदर्शन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. बच्चो के इस मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया. गए. मौके पर विद्यालय प्रबंधकारीनी समिति के अध्यक्ष अमित साहू संरक्षक त्रिवेणी साहू, कोषाध्यक्ष रोहित साहू, साहू समाज मुखिया सुरेश साहू, समिति सदस्य बबलू साहू, कुन्दन साहू आदि उपस्थित रहे. अपने संबोधन ने प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन विद्या भारती के योजनानुसार किया गया है. जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने है. गोष्ठी में उपस्थित अभिभावकों के विचार भी लिए गए. जिसमें अभिभावकों ने विद्यालय व्यवस्था सहित शैक्षणिक व्यवस्था की सराहना किया. मौके पर विद्यालय के सभी आचार्य एव आचार्या मौजूद थे.

### 20 सूत्री प्रखंड कार्यान्वयन समिति की तीसरी बैठक

# विभिन्न विभागों के कार्यों की होगी स्थल जांच



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** प्रखंड सभागार में 20 सूत्री अध्यक्ष इक्वल रजा की अध्यक्षता में क्रियान्वयन समिति की तीसरी बैठक संपन्न हुई. जिसका संचालन 15वित समन्वयक विजय कुमार ने किया. बैठक में प्रखंड प्रमुख मनोज कुमार रजक, बीडीओ सी आर इंदीवर, सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडेय, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, 20सूत्री समिति के सदस्य रंजीत पांडेय, मीना देवी, विवेक विश्वकर्मा सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी और प्रतिनिधि मौजूद थे. बैठक का प्रारंभ पूर्व के प्रस्तावों पर लिए गए निर्णयो पर चर्चा के साथ हुई. जिस पर अध्यक्ष असंतुष्ट दिखे, उन्होंने बताया कि जब तक कार्य योजनाओ का निरीक्षण नही किया जाता है तब तक वास्तविकता अनभिज्ञ रहेगा. प्रमुख ने वन विभाग से वन क्षेत्र में रास्ता आदि जैसे जनहित के कार्य नहीं होने पर सवाल उठाया. वही पीडब्ल्यूडी के कनीय अभियंता पर प्रखंड में नल जल योजना सहित अन्य योजनाओं की अपूर्णता पर नाराजगी जताई. साथ ही पीडब्ल्यूडी कार्यालय क्षेत्र की सफाई का निर्देश दिया गया. कल्याण विभाग को प्रखंड में चल रहे कार्यक्रमों की जानकारी देने का निर्देश दिया. इसके साथ अध्यक्ष सहित प्रमुख ने कार्ययोजनाओं की स्थल जांच करने का आदेश दिया। बीडब्ल्यूओ ने बताया कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत 25 आवेदन भेजे गए है वही चिकित्सीय रिपोर्ट के अभाव में फरवरी से 32 आवेदन लंबित है. गंभीर बीमारी योजना के अंतर्गत पांच लाख तक की सहायता और रोजगार सृजन योजना के तहत पचास से पच्चीस लाख तक की सहायता प्रदान करने की जानकारी दी. राजस्व विभाग को जनता के कार्य को शीघ्र निष्पादित करने की बात कही गई. वही बिजली की लचर व्यवस्था पर विभागीय प्रतिनिधि को लताड़ लगाई. इसके साथ ही पीएम आवास, मनरेगा, आंगनबाड़ी आदि विभाग के प्रतिनिधियों ने भी समिति की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया. कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष ने आगामी बैठक से थाना के प्रतिनिधियों को भी शामिल करने का प्रस्ताव रखा, जिसे बीडीओ ने सहमति दी. शिक्षा, कृषि, पशुपालन और राजस्व विभाग के अधिकारी या प्रतिनिधि शामिल नहीं हुए थे. बैठक में सीआई सतीश कुमार, पीएचईडी जेई विमल किशोर, जल पथ प्रमंडल जेई राज विमल किशोर, विद्युत विभाग के जेई अभिषेक आनंद, बीपीओ मो प्रवेज, मनरेगा बीपीओ धर्मेंद्र कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे.

**सम्मानित**

### पांच दिवसीय शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 का समापन

# एमएमएफसी हतिया गोंदा कांके की टीम बनी चैंपियन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास और युवा विकास क्लब, बुढ़ाखुखरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में मंगलवार को खेले जा रहे शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 का ट्रॉफी एमएमएफसी हतिया गोंदा, कांके ने अपने नाम कर लिया। पांच सितंबर को फाइनल मैच एमएमएफसी हतिया गोंदा, कांके और डीजे ब्रांड मुड़मा के बीच खेला गया। इसमें रोमांचक मुकाबले में एमएमएफसी हतिया गोंदा, कांके ने 1-0 गोल से पराजित कर दिया। टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में एमएमएफसी हतिया गोंदा, कांके ने एसएस कॉलोनी चांदनीचौक इमरोज टीम, टांगरबसली को 1-0 और दूसरे सेमीफाइनल में डीजे ब्रांड मुड़मा ने सुमित ब्रदर्श को ट्राइब्रेकर में 5-3 गोल से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि शिल्पी नेहा तिर्की, (विधायक, मांडर विधानसभा क्षेत्र), हारिस बिन जमा (ग्रामीण आरक्षी अधीक्षक, रांची), विशिष्ट अतिथि विनय यादव (मांडर थाना प्रभारी), विजय हेमराज खलखो (सीओ, मांडर), शहीद एतवा उरांव की पत्नी श्रीमती विमला देवी सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय कर और ग्रामीण एसपी ने फुटबॉल को कीक कर किया। मौके पर अतिथियों ने खिलाड़ियों और आयोजन समिति के सदस्यों का मनोबल बढ़ाया। साथ ही इस तरह के आयोजन के लिए बधाई दी। विजेता टीम एमएमएफसी हतिया गोंदा, कांके को मुख्य अतिथि शिल्पी नेहा तिर्की, (विधायक, मांडर विधानसभा क्षेत्र) ने प्रथम पुरस्कार के रूप में 71 हजार नगद, ट्राफी और उपविजेता टीम डीजे ब्रांड मुड़मा को हारिस बिन जमा (ग्रामीण आरक्षी अधीक्षक, रांची) ने 41 हजार नगद, ट्राफी देकर सम्मानित किया। इसके अलावा तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम एसएस कॉलोनी चांदनीचौक इमरोज टीम, टांगरबसली को विनय यादव, मांडर थाना प्रभारी ने 11 हजार नगर व ट्राफी और चौथे स्थान पर रहनेवाली सुमित ब्रदर्श की टीम को विजय हेमराज खलखो, सीओ, मांडर ने 10 हजार नगद व ट्राफी देकर सम्मानित किया। मैन ऑफ दी सिरीज रेमन (मुड़मा टीम) मांडर प्रमुख व उप प्रमुख और मैन ऑफ दी मैच सुमित लकड़ा (गोंदा टीम) को विमला देवी व सोहंती एक्का (मुखिया, बंझिला पंचायत) ने प्रदान किया। मंगलवार को खेले गए टूनामेंट के तीसरे क्वाटर फाइनल में एसएस कॉलोनी चांदनीचौक इमरोज टीम, टांगरबसली ने खान ब्रदर्श गोरे को ट्राइब्रेकर में 7-6 और और चौथे क्वाटर फाइनल में डीजे बैंड मुड़मा ने सुमित ब्रदर्श को ट्रइब्रेकर में 5-3 गोल से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। टूर्नामेंट के सफल संचालन में आयोजन समिति के अध्यक्ष मो. शकिब (छोटू), पितरुस खलखो, खेल प्रभारी फ्रांसिस जेवियर खलखो, संदीप कुजूर, मो. रकीब, लखो उरांव, मो. अबदुल, मोहन खलखो सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## जिले में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस, बच्चों ने शिक्षक के सम्मान में कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए

# शिक्षक हमारे अस्तित्व का आधार है : आईलेक्स





**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** आईलेक्स पब्लिक स्कूल में 5 सितम्बर यानि शिक्षक दिवस बहुत हीं धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने अपने शिक्षक के सम्मान में कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये। शिक्षक हमारे अस्तित्व का आधार हैं। क्योंकि ये शिक्षक ही हमें सफलता के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करते हैं। शिक्षा देने के अलावा, शिक्षक हमारे चरित्र को ढालने और मूल्यों को स्थापित करने में मदद करते हैं। इसके अलावा वे स्टूडेंट्स को एक अच्छा नागरिक भी मनाने में मदद करते हैं। शिक्षक हमारे समाज के गुमनाम नायक हैं, जो अपने छात्रों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। पहला शिक्षक दिवस 5 सितंबर, 1962 को भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर मनाया गया था। प्रतिष्ठित विद्वान और दार्शनिक डॉ. राधाकृष्णन का मानना था कि शिक्षकों ने राष्ट्र के निर्माता के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 1962 से ही शिक्षक दिवस प्रतिवर्ष 5 सितंबर को मनाया जाता है। यह दिन शिक्षकों को सम्मानित करने और समाज में उनके अमूल्य योगदान को पहचानने के लिए समर्पित है। साथ ही यह दिन शिक्षा के महत्व और हमारे जीवन को आकार देने में शिक्षकों के प्रभाव की भी याद दिलाता है। सभी ब्रांच के बच्चों ने अपनी अपनी क्लास को बहुत ही खूबसूरती से सजाया जिसे देखकर सभी शिक्षक गण मंत्र मुग्ध हो गए सभी शिक्षक ने अपने-अपने क्लास में केक काटा उसके बाद सभी बच्चों ने मिलकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन किया कार्यक्रम एक से बढ़कर एक थे। जिसकी सभी शिक्षक गण ने दिल से प्रशंसा की डफली वाले, शिव तांडव, चोरी चोरी दिल तेरा चुरायेंगे जैसे कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। सभी ब्रांच के सभी शिक्षक को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने कहा कि वैसे तो शिक्षक की योगदान की तुलना नहीं की जा सकती शिक्षक के बिना किसी भी समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। हम किसी भी मंजिल को का ले हम किसी भी ऊंचाई पर पहुंच जाए लेकिन हमेशा हमारे मन में शिक्षक के प्रति जो सम्मान है वह कभी भी काम नहीं होना चाहिए।

## बरही : सॉफ्टेक कंप्यूटर में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

### नृत्य संगीत के स्थान पर शैक्षणिक कार्यक्रमों की हो प्राथमिकता : निदेशक





**बरही ।** हजारीबाग रोड स्थित राष्ट्रीय कंप्यूटर साक्षरता मिशन की अधिकृत इकाई सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास मनाया गया. कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ एस राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि, दीप प्रज्वलन और केक काटकर किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता सेंटर मैनेजर रूमी कुमारी और संचालन लैब इंस्ट्रक्टर रोहित कुमार ने किया. कार्यक्रम में पूर्ववर्ती छात्र बैजनाथ महतो, लैब इंस्ट्रक्टर भोला राम सहित केंद्र के सभी विद्यार्थी मौजूद थे. उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए निदेशक ने कहा कि बदलते परिवेश ने शिक्षक दिवस के रूप को बदल दिया है. इस भव्य और आधुनिकता के साथ पेश की जा रही है. वास्तविकता छिपता जा रहा है. उन्होंने कहा कि ऐसे अवसर पर शैक्षणिक संस्थानों में भी नृत्य और संगीत जैसे कार्यक्रमों के स्थान पर वाद विवाद, भाषण, क्विज, अंताक्षरी आदि जैसे शैक्षणिक कार्यक्रम प्राथमिकता के साथ आयोजित किया जाना चाहिए. शिक्षक और छात्रों की समस्याओं और समाधान पर चर्चा होनी चाहिए. छात्र और शिक्षकों में मयार्दा के दूरियां बढ़ती जा रही है. जो चिंता का विषय है. अंत में केंद्र के कार्यो ने बेहतर योगदान देने वाले छात्रा सोनाली कुमारी, जुली कुमारी और पंकज यादव को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में मो सैफ, मो शंहनवाज, सबिता कुमारी, रश्मि कुमारी, अख्तरी खातून, शिखा, दिलीप कुमार,दिलीप पासवान, नंदिनी कुमारी, काजल कुमारी, रौशनी कुमारी, सुमित विश्वास आदि सहित कई विद्यार्थी मौजूद थे.

## शिक्षक हमारे समाज के स्तंभ हैं :सुधीर



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के कैलाश कोचिंग सेंटर में पोटमदगा में 5 सितम्बर को देश के प्रथम उप राष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया । मौके दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का शिक्षकों से काफी प्रेम व लगाव था। कहा कि शिक्षक हमारे समाज के स्तंभ हैं। वे हमारे बच्चों के जीवन में एक असाधारण भूमिका निभाते हैं। उन्हें ज्ञान, शक्ति से जोड़ते हैं और उन्हें जीवन की कठिनाइयों का सामना करने के लिए सीखाते हैं। वे अपने छात्रों को देश के जिम्मेदार नागरिकों में ढालने में खुद को समर्पित करते हैं। 5 सितंबर 1962 से भारत में शिक्षक दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की याद दिलाता है। डॉ. राधाकृष्णन का मानना था कि देश में शिक्षकों को सबसे ज्यादा दिमाग होना चाहिए।ह्व राधाकृष्णन देश एक बेहद अच्छे शिक्षक थे। डॉ. राधाकृष्णन के जन्मदिन के शुभ अवसर पर उनके छात्रों और दोस्तों ने उनसे उनका जन्मदिन मनाने की अनुमति देने का अनुरोध किया, लेकिन जवाब में डॉ. राधाकृष्णन ने कहा कि ह्लमेरे जन्मदिन को अलग से मनाने के बजाय, यह सौभाग्य की बात होगी कि 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए। शिक्षकों के लिए डॉ. राधाकृष्णन का यह मत था कि समाज को सही प्रकार की शिक्षा मिले और देश की कई बीमारियों का भी हल हो सकें। इसके अलावा डॉ राधाकृष्णन चाहते थे कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया जाए और शिक्षक, छात्रों और उनके पढ़ाने के तरीके के बीच एक मजबूत संबंध विकसित किया जाए। मौके पर उतम कुमार, रविकांत कुमार, दुधेश्वर महतो,कैलाश कुमार, बबलू कुमार, रोशन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

## उमवि. गोविंदपुर में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस



**रामगढ़।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू के प्रांगण में 5 सितंबर को देश के प्रथम उप राष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक मांडू की शाखा प्रबंधक प्रीतिलता एवं प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने दीप प्रज्जवलित कर व डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि प्रीतिलता ने कहा कि आज हम महान विभूति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मना रहे हैं। जो पहले एक शिक्षक थे और बाद में देश के प्रथम उप राष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति बने। उन्होंने विद्यालय के छात्र छात्राओं से डॉ राधाकृष्णन के बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। वहीं, मुख्य अतिथि ने शिक्षक दिवस पर 4 शिक्षकों प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप, शारदानंद शर्मा ,गौतम कुमार गुप्ता और जेठालाल मांझी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### मानसरोवर पब्लिक स्कूल में मना शिक्षक दिवस

## कठिन परिश्रम से ही सफलता मिलती है : प्राचार्य सोनू कुमार



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत घंघरी स्थित मानसरोवर पब्लिक स्कूल में धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक महेंद्र प्रसाद, प्रिंसिपल सोनू कुमार और शिक्षकों द्वारा सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर व केक काटकर शिक्षक दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस दौरान प्रधानाचार्य सोनू कुमार मंडल ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और शुभकामना देते हुए शिक्षक दिवस के बारे में बच्चों को जानकारी दी। उन्हें आगे और कठिन परिश्रम करने को कहा। कहा कि कठिन परिश्रम से ही सफलता मिलती है। इस दौरान बच्चों ने भाषण, चुटकुले, संगीत तथा अन्य मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में शिक्षक मुकेश कुमार मंडल, रोहित कुमार मंडल, दिलीप कुमार, बबलू कुमार, बबलू कुमार, दुलारचंद प्रसाद, कौशल पांडेय, लक्ष्मी, जेबा समेत अन्य शिक्षक और छात्र छात्राओं उपस्थित थे।

## शिक्षक दिवस : डिवाइन पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन






**बरकट्ठा।** गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल मे सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक इंद्रदेव प्रसाद भारती, प्राचार्या स्वाती रंजन, सेवनिवृत शिक्षक वासुदेव चंद्र यादव, हरिहर चौधरी, मधुसूदन, मुरलीधर महतो, भिखो प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं अतिथियों ने बच्चों को राधाकृष्णन जैसे शिक्षाविद, चरित्रवान व भारत को उच्च पद तक पहुंचने की कामना की। उन्होंने कहा कि सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक प्रसिद्ध शिक्षक, प्रोफेसर, फिलोसफर, भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति, द्वितीय राष्ट्रपति व भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्?मानित व्यक्ति थे। छात्रों ने अपने विकास के लिए शिक्षकों द्वारा की गई कड़ी मेहनत के प्रति अपने प्यार, सम्मान, स्वीकार्यता और मान्यता को दशार्ने के लिए एक शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कविताएँ, गीत, नृत्य और नाटक शामिल थे। उन्होंने शिक्षकों के लिए मनोरंजक खेलों की व्यवस्था करके उनका मनोरंजन भी किया। उन्होंने संकेत दिया कि, शिक्षक अपने विद्यार्थियों को कल के जवाबदेह नागरिक और अद्भुत इंसान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय के निदेशक आई पी भारती ने कहा की शिक्षक हमेशा बहुत धैर्यवान और सलाह देने वाले रहे हैं, इसलिए हमें उनके बहुमूल्य समय के लिए हमेशा उनका आभारी रहना चाहिए। प्राचार्या स्वाती रंजन ने कहा की शिक्षक छात्रों के लिए सबसे अच्छे प्रेरक स्त्रोत और जादूगर भी हैं। कक्षा के भीतर हर प्रकार के छात्र से निपटने के लिए उनमें अधिक सहनशीलता होती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे सभी शिक्षकों का अहम योगदान रहा।

## न्यू ऐंजल पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस धूमधाम से मना



**रामगढ़।** न्यू ऐंजल पब्लिक स्कूल हेसला में 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। इस बार भी न्यू ऐंजल पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के संस्थापक मोहम्मद शाहबान खान द्वारा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर दीप प्रज्वलित प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किया गया। विद्यालय के बड़े बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें देशभक्ति एवं फिल्मी गानों पर नृत्य शामिल है। सभी बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा इस मौके पर द् केक काटा गया एवं शिक्षकों को बच्चों द्वारा उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक प्राचार्य मिली शाह,तौकीर, वीरेंद्र, नसीम, अफरोज, संतोष, बीना, शिवानी, मोनिका सहित अन्य मौजूद थे ।

**स्वागत**

### हेमंत सरकार से निजात पाने के लिए जनता लालायित दिख रही है : बाबूलाल मरांडी

# भाजपाइयों ने दिखाया दम, संकल्प यात्रा में उमड़ा जनसैलाब





**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय परिसर बरकट्ठा में भाजपा द्वारा मंगलवार को आहूत संकल्प यात्रा के दौरान जन सैलाब उमड़ा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुबे के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक अमित कुमार यादव, केदार हाजरा ,पूर्व सांसद रवींद्र राय ,जिला अध्यक्ष अशोक यादव शामिल हुए ।इस दौरान अतिथियों को भव्यमाला पहनकर स्वागत किया गया ।वहीं भाजपाइयों ने बाबूलाल मरांडी एवं भाजपा के समर्थन में जमकर नारेबाजी की ।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक यादव तथा संचालन मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक ने किया ।इस क्रम में मरांडी ने कहा कि बरकट्ठा विधानसभा से शुरू हुई संकल्प यात्रा अब जनता के समर्थन से जनसंकल्प यात्रा बन गई है। हेमंत सरकार से निजात पाने को जनता लालायित दिख रही है। कहा कि झामुमो की सरकार में प्रदेश की स्थिति बद से बदतर हो गई है। कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। चोरी, डकैती, हत्या ,अपहरण और दुष्कर्म के मामले देश में सर्वाधिक वृद्धि हुई है। अपराधी बेखौफ होकर अपराध कर रहे हैं।कहा कि अधिकारी बोलते हैं देकर आए हैं, लेकर जायेंगे। प्रदेश में प्रत्येक दिन पाँच से ज्यादा हत्या,पांच से ज्यादा दुष्कर्म, पांच से ज्यादा अपहरण के मामले सामने आ रहे हैं ।उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में जिस प्रकार से कोर्ट में सरे आम पेसकार को पीटा गया इससे प्रतीत होता है कि झारखंड में तालिबानी शासन है। झारखंड में सर्वाधिक जमीन सोरेन परिवार के पास है। यह जमीन गरीब गुरबा, मुंडा, उरांव, संथाल आदिवासियों की जमीन हड़प कर ले लिया है। उन्होंने जेएमएम कांग्रेस और राजद की सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गांव, गरीब, किसान युवा महिलाओं की चिंता व समाधान करते हैं ।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का मान सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है। 2024 में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने की अपील की। कार्यक्रम में विधायक अमित कुमार यादव, केदार हजारा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा प्रदेश प्रवक्ता योगेन्द्र प्रताप सिंह,जिप अध्यक्ष उमेश कुमार मेहता, जिला अध्यक्ष अशोक यादव,नितेश चंद्रवंशी,पुर्व जिला अध्यक्ष टुनु गोप,किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र भाई मोदी,जिप सदस्य सह महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता कुमकुम देवी, केदार नाथ यादव,बाटेश्वर मेहता आरके मेहता, अर्जुन साव, प्रकाश राम,सांसद प्रतिनिधि सुनील मेहता रघुवीर महतो ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, अशोक कुमार बर्णवाल, रामदेव मोदी, सुभाष सोनी,भोला प्रसाद बिंदु सोनी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बानो में मना शिक्षक दिवस




नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बानो में संत मदर टेरेसा की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन भी अर्पित किया, जिसके बाद शिक्षक दिवस समारोह मनाया गया, जहां छात्राओं ने एक से बढ़ कर एक कार्यक्रम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की जिसके बाद कई खेल का भी आयोजन किया गया। वहीं मौके पर मुख्य अतिथि डॉ प्रह्लाद मिश्रा विशिष्ट अतिथि डॉ एसके रवि , बिल्लू अग्रवाल, निभा मिश्रा, प्राचार्या संगीता कुमारी, समन्वयक रविकांत मिश्रा ने शिक्षक दिवस के मौके पर छात्रों को अभिप्रेरित करते हुए अपनी विचार रखे। जिसके बाद छात्राओं ने भी अपनी एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम के साथ ही साथ कविता पाठ तथा क्विज का भी आयोजन किया। वही संस्थान के मैनेजिंग कमेटी द्वारा वर्ष 2022-23 के बेस्ट टीचर अवार्ड उपप्राचार्या प्रभा सुरीन को स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र हुआ चेक देकर सम्मानित किया। संस्थान के निदेशक डॉक्टर प्रहलाद मिश्रा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि संत मदर टेरेसा की भांति आप लोग भी अपने कार्यों को निष्ठा पूर्वक करें जिससे आपको समाज में एक अलग पहचान मिल सके जो आज के दिनों में शिक्षकों के लिए वास्तविक उपहार के तौर पर खुशी प्रदान करेगा। वही डॉक्टर एसके रवि ने भी छात्रों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी।मौके पर संस्थान की प्राचार्या संगीता कुमारी, उप प्राचार्या प्रभा सुरीन, अल्बीना टोपनो, निभा खलखो, लीला कुमारी, लीलावती साहू, प्रिया कुमारी महतो, रविन्द्र वर्मा, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुजीता उरांव, कैरोलिना हेरेंज, तथा स्वेता ने किया।

## सरस्वती कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर में मनाया गया शिक्षक दिवस

**जलडेगा।** जलडेगा स्थित सरस्वती कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर छात्र छात्राओं ने संस्थान को बहुत ही आकर्षक तरीके से सजाया। सर्वप्रथम छात्रों ने संस्थान के डायरेक्टर आलोक कुमार, शिक्षक इत्यानंद बड़ाईक, समीर लुगुन को फूल का गुलदस्ता देकर स्वागत गान गाकर स्वागत किया। इस दौरान संस्थान के डायरेक्टर आलोक कुमार ने कहा कि गुरु शिष्य का रिश्ता प्राचीनकाल से चलते रहा है और आज भी यह कायम है। उन्होंने शिक्षक दिवस की महत्ता एवं गुरु शिष्य के रिश्तों का व्याख्यान किया। कुमार ने कहा कि छात्रों के भविष्य को उज्जवल बनाने आगे चल के अपने लक्ष्य को प्राप्त करना ही संस्थान का उद्देश्य है। मौजूद छात्र छात्राओं ने गुरु शिष्य के परंपरा को निभाने और एक अच्छे शिक्षक की तरह छात्रों ने प्रण किया कि वो अपने आस पास रहने वाले अशिक्षित, भटके हुए छात्रों को सही राह दिखाने एवं एक अच्छे इंसान बनने की प्रेरणा देंगे। उन्होंने कहा कि वैसे तो शिक्षक दिवस सभी देशों में अलग अलग तिथि को मनाया जाता है, लेकिन भारत में पांच सितंबर डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म के अवसर पर मनाया जाता है। जो एक शिक्षक होते हुए भारत के प्रथम उप राष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति भी थे। भारत में बहुत सारे महान लोग है परंतु डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिन पर ही शिक्षक दिवस मनाया जाता है, क्योंकि वे बच्चों से बहुत प्यार करते थे।



## शिक्षक दिवस पर पुलिस पब्लिक सद्भावना हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन



**बोलबा।** बोलवा प्रखण्ड अन्तर्गत पिड़ियापोछ पंचायत के पारिश मैदान में सर्व पल्ली राधाकृष्णनके शिक्षक दिवस के अवसर पर पुलिस पब्लिक सद्भावना हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी उपस्थित हुए।विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने हॉकी टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन किया। खेल उड़ीसा करमटोली एवं पिड़ियापोछ के बीच खेला गया।खेल में 3-0 से यूथ क्लब पिड़ियापोछ ने विजयी प्राप्त किए।विधायक ने कहा कि आज हमारे लिए बहुत ही खुशी की बात है कि आज जीवनशैली और अच्छाई और बुराई का रास्ता दिखाने वाले शिक्षा का अलख जगाने वाले सर्व पल्ली राधाकृष्णन जी को हर साल 5 सितम्बर को उन्हें याद करते हैं। विधायक ने कहा कि हमेंऔर सिमडेगा जिला वासियों के लिए हॉकी भारत ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व में एक पहचान हमारे जिला के खिलाड़ियों ने बनाया है। चूंकि हमारे जिला से बहुत सारे हॉकी खिलाड़ी भारतीय खिलाड़ी रहे हैं और आज भी भारतीय टीम में हमारे जिला के खिलाड़ी हैं। खेल कार्यक्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष सुरेश मोदी, जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, रावेल लकड़ा, जमीर अहमद उर्फ प्रिंस, जमीर हसन, वाहिद, पिड़ियापोछ पारिश के पल्ली पुरोहित बेन्जामिन डुंगडुंग,अवगा उच्च विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य, बोलवा प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष संजय कुजुर,अमित टोप्पो,अमृतमिंज, रोशन बरला, आदि उपस्थित थे।

## शिक्षक दिवस पर बंबलकेरा में हॉकी टूर्नामेंट का खेला गया फाइनल मैच



**सिमडेगा/ठेठईटांगर।** शिक्षक दिवस के मौके पर प्रखंड के बंबलकेरा मैदान में हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। इस दौरान फाइनल मैच कुड़पानी टीम ए बनाम कुड़पानी टीम भी के बीच में आयोजन हुआ जहां पर खेल की शुरूआत पर अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व मंत्री एनोस एक्का झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का के द्वारा खिलाड़ियों के साथ परिचय प्राप्त करते हुए किया ।वहीं कुड़पानी की ए और बी टीम के द्वारा शानदार खेल खेलते हुए कुड़पानी एक की टीम 03-02 के साथ जीत दर्ज की वहीं विजेता टीम को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया .अपने संबोधन में पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि हॉकी इस क्षेत्र के रग रग में बसा हुआ है और यहां के लोग हॉकी को अपना बेहतर खेल मानते हुए आज देश विदेश में जाकर सिमडेगा जिले का नाम रोशन कर रहे हैं ।आने वाले दिनों में झारखंड पार्टी का प्रयास रहेगा की सभी खेलों को बढ़ावा देकर यहां के स्थानीय प्रतिभा को बाहर लाने का काम किया जाएगा ।जिससे कि यहां के खिलाड़ी देश विदेश जाकर खेल सके। युवा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का ने कहा कि किसी भी खेल में अनुशासन महत्वपूर्ण स्थान है। इसीलिए खेल को खेल भावना के साथ खेल और इसी से सामाजिक सौहार्द का भी भावना उत्पन्न होती है। वर्तमान समय में युवा वर्ग खेल को काफी विशेष रूप से ध्यान देकर खेल रहे हैं जिससे कि रोजगार के कई साधन है और हमारा भी प्रयास रहेगा कि इस पर हम बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

## कोडरमा : शैमरॉक गुरुकुल में शिक्षक दिवस और जन्माष्टमी धूमधाम से मना



**कोडरमा।** झुमरी तिलैया स्थित शैमरॉक गुरुकुल में धूमधाम से शिक्षक दिवस और जन्माष्टमी मनाया गया. प्रिंसिपल सीमा सिंह, निर्देशक पल्लव कुमार सहित सभी टीचरों ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की. इसके बाद टीचर संजीता शिखा ने डॉ. राधाकृष्णन की जीवनी, उपलब्धियां और उनका देश के प्रति योगदान के बारे में बच्चों को बताया. वहीं टीचर श्रेया राज ने बच्चों को जन्माष्टमी महोत्सव के बारे में बताया. कृष्ण जी का जन्म कब, कहां और क्यों हुआ. उनकी बाल लीला के बारे में बताया, कृष्ण लीला से संबंधित कथाएं बतायी. सुपर जूनियर के नन्हे मुन्ने बच्चों ने बाल कृष्ण, यशोदा, राधा, सुदामा, गोपी आदि का रूप धारण कर सबका मन मोह लिया. वहीं प्रणम्या, कनक, शौर्य, सुमित, विपुल, नवाज, विवेक, आरुषि, देवांशी, श्रेया और विधान ने राधा और कृष्ण बनकर उनके प्रेम को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत करके सबको आनंदित कर दिया. इसके अलावा अलग-अलग कक्षा के बच्चों ने अपने क्लास टीचर के साथ मिलकर केक कटिंग किया. क्लास पांच के बच्चों ने आज के दिन शिक्षकों का अभिनय किया, जिसमें अकमल, रिशु, आदित्य, श्वेता, प्रिया, निशु, सिद्धि, अर्णव, दीपिका, खादिजा, जुनैद शामिल थे. सभी बच्चों ने शिक्षकों के गुण के बारे में बताया और शिक्षक का हमारे जीवन में महत्व को बताया. आज के दिन को और भी यादगार बनाने के लिए सभी शिक्षकों ने आकर्षक कृष्ण झूला बनाया और उसमें बाल गोपाल को झूला भी झुलाया.

## कोडरमा : दो दिनों से लापता नाबालिग बच्ची, मां ने पुलिस से खोजबीन की लगाई गुहार

**कोडरमा।** मरकच्चो थाना क्षेत्र के मुरकमनाई पंचायत स्थित बेला गांव में मवेशी चराने गयी नाबालिग बच्ची दो दिनों से लापता है. बच्ची की मां मालती देवी ने पुलिस से अपनी बच्ची की खोजबीन की गुहार लगायी है. इसको लेकर मालती देवी ने मरकच्चो थाना में आवेदन देकर सनहा दर्ज कराया है. उन्होंने अपने आवेदन में बताया है कि उसकी बेटी कुनिका कुमारी (14वर्ष) तीन सितंबर की सुबह दस बजे गांव के अन्य लोगों के साथ मवेशी चराने निकली थी. लेकिन दोपहर को मवेशी घर लौट आया. पर उसकी बेटी वापस नहीं आयी. काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला.

## संस्कार शिशु निकेतन में मना शिक्षक दिवस

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** चंदवारा प्रखंड के पुरनाडीह में संचालित संस्कार शिशु निकेतन में धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया. कार्यक्रम की शुरूआत डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण करके की गई. छात्र-छात्राओं ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया. वहीं इस मौके पर छात्रों ने अपने गुरुजनों का आशीर्वाद लिया. विद्यालय के निदेशक मनीष वर्णवाल ने समाज में शिक्षकों के परंपरागत महत्व को इंगित करते हुए बताया कि शिक्षक समाज के वह दीपक हैं, जो सदैव ही पूरे समाज को छात्र-छात्राओं के माध्यम से प्रकाशित करते रहते हैं. शिक्षक दिवस पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के मौके पर मनाया जाता है. पहली बार शिक्षक दिवस साल 1962 में मनाया गया था. जब डॉ. सर्वपल?ली देश के राष्ट्रपति के रूप में चुने गए थे. वे भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद, महान दार्शनिक थे. उनके इन्हीं गुणों के कारण सन 1954 में भारत सरकार ने उन्हें सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया था. मौके पर प्राचार्य रवि पंडित, शिक्षक राज, बच्चों में अंकुश कुमार, छोटी कुमारी, नंदनी कुमारी, सज्जन कुमार, खुशी कुमारी, मासूम अंसारी, अरुण कुमार, सूर्या, ऋषि, अभिजीत, शुभम, शिवनंदन, मानशी, शक्ति, बंटी समेत कई बच्चे मौजूद रहे.



## सिक्योर एजुकेशन एकेडमी में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

**कोडरमा।** चंदवारा प्रखंड के मदनगुंडी पंचायत अंतर्गत मदनगुंडी ओवर ब्रिज के समीप सिक्योर एजुकेशन एकेडमी में शिक्षक दिवस मनाया गया.हर बार की तरह शिक्षक दिवस पर बच्चों ने शिक्षकों को शुभकामनाएं दी. इससे पहले विद्यालय के सभी शिक्षकों ने मिलकर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को पुष्प अर्पित व द्वीप प्रज्वलित कर उन्हें याद किया. सिक्योर एजुकेशन एकेडमी के प्रिंसिपल मुकेश कुमार ने सभी शिक्षकों व बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डालें. साथ ही सभी बच्चों को शिक्षक दिवस मनाने का महत्व को समझाया.

## गांधी उवि. और द हेरिटेज एकेडमी में धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** गांधी उच्च विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया. मौके पर विद्यालय के शिक्षक और छात्रों ने सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित की. वहीं पूर्व राष्ट्रपति राधाकृष्णन के सर्वोत्तम कार्यों को याद कर स्मृति अंजलि समर्पित की गई. विद्यार्थियों ने विद्यालय के सभी शिक्षको का चरण स्पर्श कर उन्हें रोली चंदन कर रक्षा सूत्र भी बांधा. मौके पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमे नंदिनी, सान्या, पूजा, लक्ष्मी और प्रीतम की प्रस्तुति काफी सराहनीय रही. मौके पर विद्यालय की प्राचार्या निशा भारद्वाज ने कहा कि शिक्षक का एक दिवस नहीं होता, वह प्रत्येक दिन हर पल बच्चों के लिए समर्पित होता है. वहीं दूसरी ओर जिले के डोमचांच प्रखंड स्थित द हेरिटेज एकेडमी में धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया. कार्यक्रम की शुरूआत डॉक्टर प्रकाश पोद्दार ने किया. निदेशक उमेश सिंह एवं सभी शिक्षकों ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के फोटो के सामने दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की. वहीं शिक्षिका अंकिता, गजाला ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी, उपलब्धियां और उनका देश के प्रति उनके योगदान की चर्चा की.



## सनातन के खिलाफ बयान देने वाले उदयनिधि स्टालिन का किया गया पुतला दहन




**सिमडेगा।** सनातन धर्म के खिलाफ विवादास्पद बयान देने वाले तमिलनाडू सरकार के मंत्री उदयनिधि स्टालिन का मंगलवार को पुतला दहन किया गया। बजरंग दल और सिमडेगा कांवरिया सेवा संघ के द्वारा महावीर चौक में पुतला दहन किया गया। इससे पूर्व बजरंग दल और कांवरिया सेवा संघ के सदस्यों ने स्टालिन का पुतला लेकर विरोध मार्च निकाला। विरोध मार्च में शामिल युवा स्टालिन मुर्दाबाद, सनातन विरोधी होश में आओ का नारा लगा रहे थे। विरोध मार्च महावीर चौक पहुंचा जहां पुतला दहन किया गया। मौके पर बजरंग दल के जिला संयोजक आनंद जायसवाल और सिमडेगा कांवरिया सेवा संघ के अमित अग्रवाल एंव नरेश शर्मा ने कहा कि उदयनिधि स्टालिन का बयान शर्मनाक और आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि स्टालिन के बयान से करोड़ो सनातन धर्म के अनुयायियों को गहरा अघात पहुंचा है। उन्होंने स्टालिन के बयान को देश के एकता और अखंडता के लिए नुकसानदायक बताते हुए कहा कि सरकार को स्टालिन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने देश के पीएम और गृह मंत्री से भी मामले में स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करने की मांग की है।

## डीसी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण एवं मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मनरेगा योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण अंतर्गत के तहत लाभुकों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, आयुष्मान गोल्डन कार्ड, बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी, जल आपूर्ति, एलपीजी गैस कनेक्शन, विद्युत कनेक्शन सहित अन्य योजनाओं से प्रत्येक घर को आच्छादित करने की स्थिति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने लंबित प्रधानमंत्री आवास एवं बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना से संबंधित निर्माण कार्य को ससमय पूर्ण करने की बात कहीं। पीएम आवास ग्रामीण में उपरोक्त सभी लाभुकों को इसका लाभ मुहैया कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने मनरेगा अंतर्गत संचालित बिरसा हरित ग्राम, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन, अमृत सरोवर, एरिया ऑफिसर एप, आधार सीडिंग, मेरी मिट्टी मेरा देश, विद्यालय में पोषण वाटिका, सहित वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक महत्त्वपूर्ण निर्देश दिये।

## किसान का गिरा मकान, प्रखंड प्रमुख ने किया मदद

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के कोरोमिंया पंचायत अंतर्गत करामुंडा गांव में अत्यधिक बारिश होने के चलते सोमवार को लगभग 3:00 बजे विजित कोनगाड़ी का घर का एक हिस्सा ढह गया जिसमें साइकिल बर्तन कुर्सी आदि घर के समान दब गए जिसमें काफी नुकसान हुआ इसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज को दिया गया वह तत्काल वहां पहुंच कर 25 किलो चावल एवं सरकार के द्वारा जो मुआवजा मिलता है, उसके लिए आवेदन लिखवाया एवं हर संभव मदद करने की बातें कहीं।मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रिसिला डुंगडुंग, कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता बसंत सुरीन, प्रखंड सचिव प्रिंस कुमार आदि मौजूद थे।

## बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा एवं मेरी माटी मेरा देश को लेकर केरसई में हुई बैठक

**केरसई।** 21 सितंबर को सिमडेगा बिधानसभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह प्रथम मुख्यमंत्री का आगमन होगा जहाँ वे सिमडेगा बिधानसभा के कार्यकताओं एवं जनता को संकल्प यात्रा के तहत संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की सफलता हेतु केरसई नगर भवन में कार्यकताओं की बैठक हुई,केरसई मंडल अध्यक्ष मानकीलाल ने स्वागत भाषण कर अथितियों का स्वागत किया।बैठक को संबोधित करते हुए संकल्प यात्रा के विधानसभा संयोजक पूर्व विधायक निर्मल कुमार बेसरा ने कहा की जिस तरह से जमीन से लेकर बालू तक की लूट इस सरकार में हो रही है उसे जानता काफी आक्रोशित है इसी का परिणाम है कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा में लोगों की भीड़ उमड़ रही है, सरकार अब अपने आखिरी दिन गिन रही है यह भ्रष्ट सरकार जल्द ही जाने वाली है।बैठक को सम्बोधित करते हुए संकल्प यात्रा के बिधानसभा सहसंयोजक ओमप्रकाश साहू ने कहा कि पूरे राज्य में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का संकल्प यात्रा हो रहा है कोलेबिरा और सिमडेगा में भी संकल्प यात्रा को लेकर कार्यकर्ता उत्साहित हैं।साथ ही ओम प्रकाश साहू ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत गांव गांव जाकर हर घर से एक चुटकी मिट्टी लें उसे अमृत कलश में रखकर संग्रह करें जिसे दिल्ली कर्तव्य पथ की अमृत वाटिका में ले जाया जाएगा।

शिक्षक दिवस

### फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन, विधायक बोले

# जीवन में स्वास्थ्य रहने के लिए खेलकूद जरूरी

### विधायक भूषण बाड़ा और विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने विजेता टीम को किया सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जीईएल चर्च खूंटीटोली मैदान में ग्रीन गार्डन क्लब द्वारा शिक्षक दिवस के मौके पर फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन किया गया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मैनाबेड़ा की टीम ने पुलिस लाईन सिमडेगा को 3-0 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता व उपविजेता टीम को विधायक भूषण बाड़ा, विधायक विक्सल कोंगाड़ी और जीईएल चर्च के विशप मुरेल बिलुंग ने पुरस्कार देकर स्म्मानित किया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि शिक्षकों के सम्?मान में प्रतियोगिता का आयोजन सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि जिले के खिलाड़ियों में हॉकी के साथ साथ फुटबॉल का भी क्रेज बढ रहा है। हॉकी के साथ साथ फुटबॉल खेल का विकास कराने का भी लगातार प्रयास किया जा रहा है। विस सत्रके माध्यम से भी फुटबॉल खेल का विकास कराने की सरकार से मांग की गई है। आने वाले दिनों में फुटबॉल खेल का विकास किया जाएगा ।विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने भी फुटबॉल खेल को बढ़ावा देने के लिए हर संभव कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सभी खेलों एवं सभी खेल के खिलाड़ियों को सम्मान देने के साथ साथ रोजगार भी दे रही है। आप सभी खिलाड़ी इमानदारी के साथ अपनी खेल प्रतिभा में निखार लाएं। विशप मुरेल बिलुंग ने कहा कि खेल प्रतियोगिता के आयोजन से खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरती है। जीवन में स्वास्थ्य रहने के लिए खेलकूद जरुरी है। आज के बच्चे डिजिटल युग में इंडोर खेल के प्रति कम रुची ले रहे हैं। इसका असर उनके स्वास्थ्य पर भी पड़ने लगा है। बच्चों को आउटडोर खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। प्रतियोगिता में पादरी सिमोन हेरेंज, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिप सदस्य समरोम पौल तोपनो, बिनीता जोजो, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, वरीय जिला उपाध्यक्ष जॉन्सन मिंज,जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, जिला सचिव विनय तिग्गा, बीरंजन बड़ा, उर्मिला टेटे, कांडीडात प्रतिमा डुंगडुंग, एडवोकेट सुनील लुगुन, कौशल रोहिला, सचिन हेरेंज, अध्यक्ष जॉन हरि, उप अध्यक्ष जॉन्सन मिंज, सचिव प्रबल जतरमा, आलोक लुगुन, शिशिर बूड़, बिपिन तिग्गा, दुलार मिंज,बिपिन खलखो, बेलश एक्का, बेलस टोप्पो, अतुल मिंज, कमल हेरेंज, सूचित हेरेंज, बिलशन कुल्लू, सचिन हेरेंज, शशि लुगुन, सुमन मिंज,आदि भारी संख्या में खेल प्रेमी शामिल थे। मौके पर पहला मैनाबेड़ा, दूसरा सिमडेगा पुलिस लाइन, तीसरा घोचोंटोली, चौथा पहाड़टोली की टीम रही।

# ज्यादा पाने का लोभ, व्यक्ति को अंधा बना देता है : जीयर स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर** प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान जीयर स्वामी ने कहा कि शुकदेवजी महाराज से राजा परीक्षित ने पूछा की ये भावना आएंगे कैसे? तो सुकदेव जी महाराज ने कहा कि इसके लिए योग को करना पड़ेगा। तो फिर प्रश्न किया कि योग कितने हैं, किसे कहते हैं? योग केवल इतना ही नहीं की सांस को लेना फिर छोड़ना। यह केवल स्वास्थ्य लाभ के लिए अच्छा है। लेकिन इतने से हम योग के अधिकारी हो जाएंगे यह बात नहीं है। योग का अर्थ है कि हमारा मन, चित बुद्धि कहीं भटक गया है, कहीं अटक गया है, उसको चारों तरफ से केंद्रित करके, पकड़ करके, समझा करके और एक जगह ला करके बांध लेना इसी का नाम है योग। चित की चंचलता को रोका नहीं जा सकता।



जीयर स्वामी ने बताया कि चित की चंचलता को रोका नहीं जा सकता है। मोड़ा जा सकता है। इसको दूसरी जगह ट्रांसफर किया जा सकता है। प्रतिस्थापित किया जा सकता है। जो चीज नहीं रुकने वाला है उसे कैसे आप रोक सकते हैं, इसलिए मन को लगाना है तो वहां लगाइए जिसने पूरे संसार को बनाया है। उन्ही में अपनी चित की चंचलता को लगा दीजिए, और जब जब मन करता है कुछ गुनगुनाने की तो मुरली वाले के नाम को गाइये, घूमने की इच्छा हो तो क्लब में मत जाइये। बल्कि विन्ध्याचल, अयोध्या, मथुरा, काशी चले जाइये, ऐसा करने से एक न एक दिन जो गलत प्रक्रियाओं में लग गया है वह अगत्या मुड़ जाएगा और मुड़कर हमेशा-हमेशा के लिए उससे अलग हो जायेगा। जीवन निर्वहन के क्रम में अपनी आवश्यकताओं को कम करते हुए न्यूनतम साधन एवं संसाधनों का उपयोग करना चाहिये। इसी में स्वहित एवं राष्ट्रहित समाहित है। वस्तुओं का अत्यधिक मात्रा में उपयोग से उनका दुरुपयोग होता है। जीयर स्वामी ने कहा कि खाली पात्र में ही जल या वस्तु डाली जा सकती है, भरे हुए पात्र में कुछ डालने पर वह गिरने लगता है, उसी तरह अपनी अनिवार्य आवश्यकताओं को जरूर पूर्ति करनी चाहिए, लेकिन विलासितापूर्ण जीवन जीने के लिए अनीति अत्याचार से धन नहीं जुटाना चाहिए।

स्वामी ने कहा कि मुक्ति पांच तरह की होती है। भगवान के लोक में रहना सालोक्य मुक्ति, भगवान के पास रहना सामीप्य मुक्ति, भगवान के समान रूप बनाना सारूप्य मुक्ति, भगवान के समान सृष्टि का अधिकारी सासृष्ट मुक्ति व भगवान में अपने को विलय करना सायुज्य मुक्ति कहलाता हैं। इन मुक्तियों के अधिकारी भी भगवान के अधीन रहते हैं। भक्ति योगः जिस व्यवहार, आचरण व कर्म से भगवान के प्रति निष्ठा हो जाए वही भक्ति है।

# एक ही रात चोरों ने उड़ायी दो बाइक घटना को बेरोजगारी से जोड़ रहे लोग

**नवीन मेल संवाददाता। रमना** थाना क्षेत्र में बड़े दिनों के बाद फिर से वाहन चोरों ने एक हीं रात में दो मोटर साइकिल चोरी कर लोगों को भयभीत और पुलिस को खुली चुनौती दे डाली है। इस चोरी की घटना को आमलोग क्षेत्र में अकाल एवं बेरोजगारी को कारण मान रहे हैं। लोगो में भय है कि आकाल कि भयावह स्थिति से चोरी और लूटपाट की घटना बढ़ सकती है। जानकारी के अनुसार रमना स्टेशन रोड निवासी सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार के चार दीवारी के अंदर लगा जेएच-14 एच -2618 बजाज




पल्सर मोटर साइकिल कों गत रात्रि 10 बजे के बाद चोरी कर लि जिसका भनक घरवालों के साथ-साथ पड़ोसियों कों भी नहीं लगा। नीचेबाजार घर के बाहर दरवाजा के सामने खड़े राजा गुप्ता का टीवीएस अपाची को भी चोरो ने उसी रात को ले उड़े। इसकी भी भनक किसी कों नहीं लगी। उक्त दोनों चोरी की घटना को घरवालों को सुबह जगने के बाद कुछ समय तो घर परिवार से पूछ-ताछ में ही निकल गया कि कोई गाड़ी ले तो नहीं गया। चोरी कि घटना को दोनों भुक्त भोगियों के द्वारा थाना में लिखित सुचना दी गयी। इस संबंध में थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा बताये कि शिकायत दर्ज कर जांच आरंभ कर दिया गया। जल्द ही चोर गिरफ्त में होंगे।

## मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने शिक्षक दिवस पर किया गुरुजनों को सम्मानित, कहा

# सफल जीवन में शिक्षक का अमूल्य योगदान



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** शिक्षक दिवस के मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने गुरुजनों को शॉल ओढ़ाकर, माला पहना कर, बुके एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। तत्पश्चात मंत्री ने सभी गुरुजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। इससे पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सभी शिक्षकों ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

मौके पर मंत्री ने कहा कि शिक्षक दिवस के अवसर पर आज मुझे में गुरुजनों का सम्मान करने और आशीर्वाद प्राप्त करने का परम सौभाग्य मिला है। आप सभी गुरुजनों ने अपने समर्पण और ज्ञान के माध्यम से अनगिनत लोगों के जीवन को नया आकार दिया। शिक्षक हमारे जीवन का मुख्य आधार हैं। शिक्षकों के बगैर मानव जीवन सार्थक नहीं है। शिक्षक न केवल शिक्षा देते हैं, बल्कि अनुभव और मार्गदर्शन के जरिए जीवन को सफल बनाते हैं। व्यक्ति के सफल जीवन में शिक्षक का अमूल्य योगदान होता है। मंत्री ठाकुर ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए सबसे पहले गुरु की आवश्यकता होती है। जीवन में शिक्षकों का स्थान सर्वश्रेष्ठ होता है। जीवन में माता-पिता एवं गुरु ही प्रथम पूज्य होते हैं। गुरु के बिना जीवन अधूरा होता है। मेरे शिक्षकों ने ही मुझे इस काबिल बनाया कि आज मैं पूरे राज्य की सेवा कर रहा हूं। सेवानिवृत्त शिक्षक डीपी सिंह ने भी विचार व्यक्त किया। सम्मानित किए गए शिक्षकों में सेवानिवृत्त शिक्षक नरसिंह उपाध्याय, दिनेश्वर प्रसाद सिंह, बलराम तिवारी, पारस तिवारी, अशर्फी राम, सुरेंद्र प्रसाद, अमरनाथ गुप्ता, शेख अब्दुल्ला, दलसिंगार पाल, शिव कुमारी आदि शामिल है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, नवीन तिवारी, आशुतोष पांडेय, दिलीप गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## शिक्षक दिवस पर गुरुओं को सम्मान, विद्यार्थियों को मिला पुरस्कार

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल** शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसडी मेमोरियल एकेडमी में सेवानिवृत्त शिक्षक राम लखन तिवारी गौरी शंकर तिवारी विद्यालय के निदेशक ब्रजेश कुमार मिश्र तथा शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। निदेशक ब्रजेश कुमार मिश्र, सेवानिवृत शिक्षक राम लखन तिवारी भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, गौरी शंकर तिवारी अमरेंद्र कुमार मिश्रा अरुण कुमार देव कीर्ति टोप्पो आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। छात्र छात्राओं द्वारा नृत्य संगीत प्रस्तुत किया गया। डीएवी लीलाबच्चन पब्लिक स्कूल लातदाग में भी शिक्षक दिवस मनाया गया। प्रिंसिपल मनोज कुमार ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डाला। बंका रोड में मेराल मुख्यालय अवस्थित एस जी एन मॉडर्न किंडर गार्टेन में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र देव ने कहा कि सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन भारतीय संस्कृति के सच्चे संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद् एवं महान दार्शनिक थे। स्वतंत्र भारत के पहले उपराष्ट्रपति एवं दूसरे राष्ट्रपति बने। वे शिक्षा का केंद्र विद्यार्थी को मानते थे। उनका मानना था कि विद्यार्थी में नैतिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक, सामाजिक व्यवसायिक आदि मूल्यों का संचरण करने का प्रयास करना चाहिए। उनके अनुसार शिक्षण संस्थानों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति प्रेम, मानवतावाद एवं समन्वय की शिक्षा प्रदान करना होना चाहिए। उनका मानना था कि शिक्षा के द्वारा मानव मस्तिष्क का सदुपयोग किया जा सकता है। अतः हम सभी को उनके पदचिन्ह पर चलकर उनके सपनों का भारत बनाना चाहिए। इस अवसर पर डॉ अनिल शाह थाना प्रभारी नीतीश कुमार दशरथ प्रसाद सहित कई गण मन उपस्थित थे।








### बच्चों ने शिक्षकों को उपहार भेंट किया

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने शिक्षकों को उपहार भेंट किया। आरजी एसएम पब्लिक स्कूल में बच्चों द्वारा केक काटकर शिक्षक दिवस मनाया गया। इससे पहले वर्ग 9 के छात्र-छात्राओं के द्वारा प्राचार्य सुमंत लाल को बड़े आकार का गोदरेज भेंट किया गया।

### हर्षोल्लास से शिक्षक दिवस मनाया गया

**बड़गड़।** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं के द्वारा तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्थानीय राजकीय मध्य विद्यालय, संत पीटर स्कूल बाड़ीखजूरी,प्लस टू उच्च विद्यालय में शिक्षकों द्वारा केक काटकर महान शिक्षाविद पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किया। बड़गड़ सीआरसी की बीपीएम इंदु विश्वकर्मा, संकुल साधन सेवी ब्रह्मदेव राम सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी,सदस्य मौजूद थे। प्रधानाध्यापक अजय मिंज ने शिक्षक दिवस पर प्रकाश डाला।

### रमना में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

**रमना।** बालिका उच्च विद्यालय में शिक्षक दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। छात्राओं ने गीत, संगीत, नृत्य एवं भाषण प्रस्तुत किया। मौके पर संस्थापक महेंद्र प्रसाद गुप्ता, प्रभारी चतुरगुन महतो, अनुप्रिया, कविता, रौशन तारा, नेहा, चांदनी, सितारा, सोनी, रुक्सार, गुलशन, मधु, बृंदा, सुहानी, मुस्कान, निधि, लक्ष्मी, प्रीति, शिल्पी, पूजा, काजल चांदनी, खुशबू, रूपा, जागृति, पार्वती, अनामिका, शिक्षिका प्रियंका कुमारी, पूजा कुमारी, रूबी कुमारी, मोतीचंद राम, रामजी राम, चंपा देवी, शिक्षक प्रतिनिधि धर्मदेव उरांव मौजूद रहे।

## सीसीएल कंप्यूटर सेंटर में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर** प्रखंड मुख्यालय में चचेरिया स्थित सीसीएल कंप्यूटर सेंटर में मंगलवार को शिक्षक दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने संस्थान को बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाया। सर्वप्रथम छात्र-छात्राओं ने सीसीएल कंप्यूटर सेंटर के डायरेक्टर आनंद प्रकाश को फूल का गुलदस्ता एवं उपहार भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात डायरेक्टर आनंद प्रकाश ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित व पुष्प चढ़कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान उन्होंने केक काटकर छात्र-



छात्राओं के साथ शिक्षक दिवस मनाया। मौके पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डायरेक्टर आनंद प्रकाश ने डॉ एस. राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों व आदर्शो पर चलने की प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज सीसीएल कंप्यूटर सेंटर सन 2004 ई से कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में सत्त प्रत्यनशील है गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना ही संस्थान का मुख्य उद्देश्य है वर्तमान परिदृश्य में कंप्यूटर का ज्ञान अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी व्यक्ति के जीवन में गुरु की भूमिका महत्वपूर्ण होती हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक गाइड होते हैं वह वही है जो हमें उसे रास्ते पर चलना सीखते हैं, जिन पर चलने से हमारा उत्थान होता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षक दिवस पर प्राण लेनी चाहिए कि अपने बुराइयों का त्याग कर उनके बताए रास्ते पर चले और अच्छा संस्कार वह अच्छी ज्ञान प्राप्त करें जिससे नया भारत का निर्माण हो सके भारत विकासशील देश की श्रेणी से विकसित देशों की श्रेणी में आ सके। उन्होंने कहा कि डॉक्टर एसङ्क राधाकृष्णन का सपना था कि शिक्षक हमारे देश के सर्वश्रेष्ठ दिमाग वाले व्यक्ति ही हो। मौके पर सीसीएल कंप्यूटर संस्थान के कोऑर्डिनेटर प्रतीक पांडे, शिक्षक सुमंत कुमार विश्वकर्मा, अभय कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम का सफल संचालन अजीत कुमार ने किया।

## संक्षिप्त

### पंचायत सचिवालय में कार्यकारणी की हुई बैठक

**केतार।** केतार पंचयात सचिवालय के प्रांगण में मंगलवार को मुखिया प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में पंचायत कार्यकारणी की बैठक की गई। इस बैठक में पंचायत में संचालित विकास कार्यो की समीक्षा की गई। कार्यकारणी की बैठक मनरेगा योजना के अंतर्गत मेड़बंदी, टीसीबी, तालाब, डोभा योजना स्वीकृत करने का अनुमोदन किया गया। साथ ही प्रत्येक सोमवार को पंचायत सचिवालय में पंचायत सचिव  अशोक कुमार को उपस्थित रहने को कहा गया। इस मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि आगामी 28 सितबर को पंचायत सचिवालय में विकास योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। इस बैठक में पंचायत सचिव अशोक कुमार, रोजगार सेवक रामकुमार प्रजापति मनरेगा, उप मुखिया संजय पाल, वार्ड सदस्य पुष्पा देवी, बबिता देवी, शिवदत्त मेहता, उपेंद्र कुमार बैठा, किरण देवी, इंदु देवी, शांति देवी, बीरबल राम, सुजीता देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### प्रबंधन समिति के सदस्यों का मिला प्रशिक्षण

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के ठरका ग्राम स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षक सह सीआरपी संजय कुमार सिंह ने प्रोजेक्टर के माध्यम से सदस्यों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के अधिकार और उनके कर्तव्यों के बारे में विस्तृत चर्चा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक ने कहा कि यह विद्यालय आपका है, आपके बच्चे हैं और आप विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य हैं। इसलिए आप इसे अंगीकार करें। कोई भी बच्चा विद्यालय नहीं आता है तो आप सभी का फर्ज है कि उसके घर जाकर माता पिता से मिलकर बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करें। आप सभी सदस्य प्रतिदिन विद्यालय आयें और शिक्षक से मिलकर समस्याओं पर चर्चा करें और उसका निदान करें। उन्होंने कहा कि आप सभी सदस्य सौभाग्यशाली हैं, जिन्हें शिक्षा का विकास करने के लिए गांव वालों ने जबाबदेही दी है। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बाल्मीकि गुप्ता, सचिव अनिल यादव, संयोजिका मीरा देवी, वकील अंसारी, गोरख गुप्ता, हसीना बीबी, अनिता देवी, देवंती देवी, सुनीता देवी, हसीना बीबी रकोईया बीबी सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

### विद्युत करंट से युवक घायल, अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के कमरमा गांव निवासी दुर्गेश गुप्ता पिता गोपाल साह मंगलवार को विद्युत करंट की चपेट में आकर घायल हो गया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि दुर्गेश गुप्ता के घर के विद्युत मीटर का तार टूट गया था। वह तार को जोड़ने के दौरान करंट की चपेट में आकर घायल हो गया। इसके पश्चात स्वजनों ने उसे आनन फानन में सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। सदर अस्पताल में इलाजरत दुर्गेश गुप्ता की हालत में सुधार हो रहा है।

### बाइक से गिरकर महिला समेत दो हुये घायल

**गढ़वा।** एनएच 75 गढ़वा-मुड़ीसेमर मार्ग पर मेराल थाना क्षेत्र के लातदाग गांव के समीप चलते हुए मोटरसाइकिल से गिरकर एक महिला एवं उसकी तीन वर्षीय बेटी घायल हो गई। इस घटना में घायल पलामू जिले के उंटारी थाना क्षेत्र के दरुआ गांव निवासी सुनैना देवी पति अवधेश पाल एवं उसकी बेटी छोटी कुमारी का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया गया कि सुनैना देवी रक्षाबंधन में अपने मायका खरौंधी आई थी। मंगलवार को वह अपने भाई सोनू कुमार पाल एवं तीनों बच्चों के साथ एकही मोटरसाइकिल पर सवार होकर ससुराल जा रही थी। इस दौरान लातदाग गांव के समीप सुनैना देवी एवं उसके गोद में बैठी उसकी बेटी छोटी कुमारी असंतुलित होकर चलते हुए मोटरसाइकिल से नीचे गिर गए। इस घटना में मां-बेटी को सिर में एवं शरीर के कईं हिस्से में चोट लगी है। घटनास्थल के आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या की चेष्टा

गढ़वा। गढ़वा थाना क्षेत्र के मेढ़ना खुर्द गांव निवासी विकास पासवान पिता सरयू पासवान ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि विकास पासवान की पत्नी अपने मायके चली गई है। विकास एवं उसकी पत्नी के बीच मोबाइल फोन पर बातचीत के क्रम में नोंकझोंक हो गई। इससे गुस्से में आकर विकास पासवान ने कीटनाशक खा लिया। इसकी जानकारी मिलने पर स्वजनों ने उसे सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। सदर अस्पताल में इलाजरत विकास की हालत स्थिर बनी हुई है।

## विरोध राशन में कटौती पर जनप्रतिनिधियों ने जताई नाराजगी

# नहीं रुक रही पीडीएस डीलरों की मनमानी

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई** प्रखंड क्षेत्र के डंडाई गांव में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों की मनमानी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। उनके द्वारा बेरोकटेक के लाभुकों की आहार को प्रति किलो 100 ग्राम के हिसाब से खाद्यान्न कटौती कर ली जा रही है। दुकानदार पारसनाथ की दुकान पर मंगलवार को सितंबर माह का खाद्यान्न लेने पहुंचे दर्जनों लाभुकों का उक्त मात्रा के अनुसार कटौती कर उन्हें खाद्यान्न दिया गया।

इस दौरान लाभुक माजिदा बीबी, विमला देवी, विजय राम, अर्जुन राम, सिमरिया देवी, लीलावती देवी, जमुथिया देवी इत्यादि



लाभकों को प्रति किलो 100 ग्राम की मात्रा में कटौती कर उन्हें खाद्यान्न देने का काम किया गया। उसके बाद लाभुकों की जानकारी पर डीलर की दुकान पर पहुंचे वार्ड सदस्य श्रीकांत प्रसाद के द्वारा खदान प्राप्त किए सभी लाभुकों से बारी-बारी पूछताछ की गयी। लाभुकों की बात से आश्चर्यचकित हुए वार्ड सदस्य ने उस बाबत दुकानदार पारसनाथ से पूछताछ की तो उनके द्वारा कटौती कर लाभुक को खाद्यान्न देने की बात बताई गई। वहीं दुकानदार की बात से असंतुष्ट वार्ड सदस्य ने कहा कि बैठक आयोजित कर सभी जनप्रतिनिधियों के द्वारा निर्णय ले लिया गया है कि प्रखंड के सभी जन वितरण दुकान से अब बिना कटौती के लाभुकों के बीच राशन का वितरण होगा। इसी बीच उक्त दुकान पर पहुंचे 20 सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन अंसारी ने भी दुकानदार को बिना कटौती के लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण करने की सख्त चेतावनी दी। कहा कि इसके बाद भी खाद्यान्न में कटौती होगी तो मामले की लिखित शिकायत उपयुक्त को दी जाएगी।

### उपायुक्त ने की कार्यों की समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत जिले में संचालित कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, ओडीएफ प्लस समेत अन्य बिंदुओ पर उपायुक्त ने गहन समीक्षा की। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, गोपनीय शाखा प्रभारी विकास कुमार, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल प्रदीप कुमार सिंह, जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, सभी जेई, ऐई, डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# नेतरहाट में 20 दिन से जलापूर्ति ठप

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़** नेतरहाट स्थित पीएचडी विभाग मे कार्यरत कर्मियों की लापरवाही के कारण विगत 20 दिनों से पर्यटक स्थल नेतरहाट में पानी सप्लाई पूरी तरह से ठप पड़ी हुयी है। पानी सप्लाई बंद हो जाने से आवासीय विद्यालय नेतरहाट, जंगलवार फेयर स्कूल, बाजारटॉड़ सहित पठार क्षेत्र के आसपास के इलाके व अन्य स्थानो में पानी की जबर्दस्त किल्लत हो गई है। नेतरहाट विद्यालय के छात्र एवं शिक्षक, थाना के अधिकारियों सहित पुलिस के जवानों को पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पानी की आपूर्ति बंद होने के कारण विद्यालय एवं थाने में भाड़े के पानी टंकी से पानी मंगाकर खाना बनाने और पीने का काम किया जा रहा है। वहीं थाना के जवानों द्वारा



तालाब से शौचालय और कपड़े धोने के लिए बाल्टी में पानी लाना पड़ रहा है। बाजारटॉड़ सहित पठार क्षेत्र के आसपास इलाके में भी आम लोगों को पानी की भारी किल्लत हो गई है। इस संबंध में नेतरहाट विद्यालय के प्रशासनिक पदाधिकारी रोशन कुमार ने बताया कि सेल हाउस स्थित पीएचडी विभाग द्वारा लगायी गयी जलमीनार की मशीन खराब पड़ी हुयी है। बार-बार जल सहिया को बनाने बोलने पर फंड नहीं है कहा जाता है। वहीं पीएचडी विभाग के कर्मी कुछ करते ही नहीं हैं। पेयजल विभाग के पदाधिकारी एवं प्रखंड प्रशासन को सूचना देने के बाद भी शासन प्रशासन को चिंता नहीं है। पीएचइडी एवं प्रखंड प्रशासन से पूर्व में ही मांग की गयी कि दो दिन के अंदर पेयजल व्यवस्था सुचारु करें, लेकिन उनके द्वारा हर बार जल्द ही आपूर्ति शुरू होने की बात कही जाती है।

# लालू का पुराना अंदाज

***आगामी*** लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्षी दलों की एकजुटता को लेकर मगजमारी का दौर जारी है। मुम्बई बैठक के बाद नतीजों के आकाश में कोहरा नहीं छटा है। अगली बैठक की तैयारी के लिए रोडमैप बनना जारी है। 23 जून को पटना में हुई पहली बैठक में 16 पार्टियों ने हिस्सा लिया था। एक महीने से भी कम समय में, 17 और 18 जुलाई को बेंगलुरु में दूसरे दौर की बैठक के दौरान गठबंधन 26 दलों तक पहुंच गया था। तीसरी बैठक में एक और दल को जोड़ने के अलावा राज्य स्तर पर गठबंधन के लिए उप समिति और सामूहिक बैठक पर निर्णय नहीं हो पायी है। उप-समिति के गठन से 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से मुकाबला करने के लिए गठबंधन के कामकाज में मदद मिलने की संभावना से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। मुंबई की बैठक में गठबंधन के राष्ट्रीय संयोजक का फैसला नहीं हो पाया है। इस संदर्भ यह कहा जा रहा है कि राजद सुप्रीमो लालू यादव नहीं चाहते थे। इसका कारण यह है कि संयोजक पद पर कई लोगों की राय नीतीश कुमार को बनाने की थी। लेकिन लालू चाहते हैं कि पहले वह सीएम की कुर्सी तेजस्वी यादव को दें,इसके बाद संयोजक का पद लें। यही कारण है कि नीतीश कुमार इन दिनों परेशान हैं। कारण उन्हें सीएम पद से गहरा लगाव है। ऐसी स्थिति में विपक्ष की एकता को लेकर कयासों के बाजार गर्म हैं। हालांकि, कई नेताओं का मानना है कि राष्ट्रीय संयोजक का पद सृजित करने के बजाय कई दलों की उप समिति इस पद को संभाल सकती है, जो कार्यक्रमों को तय करने का काम भी करेगी और पार्टियों के बीच समन्वय की अहम भूमिका भी निभाएगी। तीसरी बैठक में न्यूनतम साझा कार्यक्रम के मसौदे और इंडिया पार्टियों के लोगों पर भी चर्चा को लेकर संशय है। बैठक में कम से कम 80 नेताओं के शामिल होने के बाद भी किसी परिणाम तक नहीं पहुंचना यह बताता है कि आने वाले दिनों में कई तरह की बातें सुनने को मिलेगीं। जिसमें राजनीतिक मुद्दों पर भी चर्चा होगी और महंगाई, बेरोजगारी जैसे राष्ट्रीय मुद्दों पर भाजपा को घेरने पर चर्चा होगी। प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवारों पर कोई चर्चा होगी, इस पर मुद्दे पर चर्चा होने की संभावना नहीं है । क्योंकि पार्टियों को पहले मुद्दों और सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम को अंतिम रूप देने की जरूरत है। प्रधानमंत्री पद के चेहरे और सीट बंटवारे का फैसला बाद में किया जायेगा। क्योंकि पहली प्राथमिकता केंद्र में भाजपा सरकार से मुकाबला करने के लिए एक रोडमैप तैयार करना है। इस स्तर पर प्रधानमंत्री पद पर चर्चा के मुद्दों में पड़ने के बजाय 2024 के लोकसभा अभियान के लिए माहौल तैयार करना अधिक महत्वपूर्ण है। जो अभी तक नहीं दिख रहा है। बहरहाल मुम्बई बैठक में लालू यादव छाये रहे। नीतीश कुमार को जानने वाले यह कयास लगाने लगे हैं कि अंदर ही अंदर खिचड़ी का पकना शुरू हो गया है। ऐसे में रूठना और मनाना विपक्षी एकता के रास्ते में बड़ा रोड़ा बनकर आने की संभावना से कोई इंकार भी नहीं कर सकता है। अब आगे-आगे देखना है कि क्या होता है। दूसरी तरफ भाजपा इसके काट की रणनीति बनाने में जुटी हुई है।

**उप-समिति के गठन से 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से मुकाबला करने के लिए गठबंधन के कामकाज में मदद मिलने की संभावना से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। मुंबई की बैठक में गठबंधन के राष्ट्रीय संयोजक का फैसला नहीं हो पाया है।**

# श्रीकृष्ण सच्चे अर्थों में सृष्टि के कुशल महाप्रबन्धक हैं


ललित गर्ग



***भगवान*** श्रीकृष्ण हमारी संस्कृति के एक अद्भुत एवं विलक्षण राष्ट्रनायक हैं। श्रीकृष्ण का चरित्र एक प्रभावी एवं सफल मैंनेजमेंट गुरु वाले लोकनायक का चरित्र है। वह द्वारिका के शासक भी है किंतु कभी उन्हें राजा श्रीकृष्ण के रूप में संबोधित नहीं किया जाता। वह तो ब्रजनंदन है। कुशल प्रबंधन सोच के कारण ही समाज एवं राष्ट्र व्यवस्था उनके लिये कर्त्तव्य थी, इसलिये कर्त्तव्य से कभी पलायन नहीं किया तो धर्म उनकी आत्मनिष्ठा बना, इसलिये उसे कभी नकारा नहीं। वे प्रवृत्ति और निवृत्ति दोनों की संयोजना में सचेतन बने रहे। श्रीकृष्ण के प्रबंधन रहस्य को समझना होगा कि उन्होंने किस प्रकार आदर्श राजनीति, व्यावहारिक लोकतंत्र, सामाजिक समरसता, एकात्म मानववाद और अनुशासित सैन्य एवं युद्ध संचालन किया। राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए किस तरह की नीति और नियत चाहिए- इन सब प्रश्नों के उत्तर श्रीकृष्ण के प्रभावी प्रबंधन सूत्रों से मिलते हैं। श्रीकृष्ण के आदर्शों से ही देश एवं दुनिया में शांति स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त होगा। सही प्रबंधन के बिना किसी भी कार्य से श्रेष्ठतम परिणाम प्राप्त नहीं किये जा सकते। जिस तरह जीवन के प्रत्येक कार्य में सुनिश्चित सफलता के लिये सही प्रबंधन अति आवश्यक है, उसी तरह सही ढंग से जीने एवं सार्थक जीवन के लिये भी सही प्रबंधन जरूरी है। श्रीकृष्ण ने मैंनेजमेंट गुरु की भूमिका निभाते हुए सफल एवं सार्थक जीवन जीने के प्रबंधन सूत्र दिये, जो सदियों से सम्पूर्ण मानवजाति का पथ-दर्शन कर रहे हैं। श्रीकृष्ण के प्रबंधन नीति की खासियत यह है कि उनकी भावना और विवेक एक दूसरे का पूरक है। मैनेजमेंट गुरु श्रीकृष्ण का वह व्यावहारिक कौशल ही था कि अत्याचारी कंस को सबसे पहले आर्थिक रूप से कमजोर किया गया और फिर उसका वध किया। पूरे महाभारत युद्ध के दौरान कहीं भी श्रीकृष्ण ऊंहापोह की स्थिति में नजर नहीं आये। एक ही व्यक्ति में अनेक गुणों, विशेषताओं एवं कौशल का समावेश तभी हो सकता है, जब वह प्रबंधन में निष्णात हो। श्रीकृष्ण एक ऐसा ही आदर्श चरित्र है जो अर्जुन की मानसिक व्यथा का निदान करते समय एक मनोवैज्ञानिक, कंस जैसे असुर का संहार करते हुए एक धर्मावतार, स्वार्थ पोषित राजनीति का प्रतिकार करते हुए एक आदर्श राजनीतिज्ञ, विश्व मोहिनी बंसी बजैया के रूप में सर्वश्रेष्ठ संगीतज्ञ, बृजवासियों के समक्ष प्रेमावतार, सुदामा के समक्ष एक आदर्श मित्र, सुदर्शन चक्रधारी के रूप में एक योद्धा व सामाजिक क्रान्ति के प्रणेता हैं। उनके जीवन की छोटी से छोटी घटना से यह सिद्ध होता है कि वे सर्वैश्वर्य सम्पन्न थे। धर्म की साक्षात मूर्ति थे। कुशल राजनीतिज्ञ थे। सृष्टि संचालक के रूप में एक महाप्रबंधक थे। भगवान श्रीकृष्ण के मैनेजमेंट मंत्र के अनुसार श्रेष्ठ व्यक्ति को हमेशा अपने पद और गरिमा के अनुसार ही व्यवहार या आचरण करना चाहिए। क्योंकि वह लोगों के लिए आदर्श हैं और वो जैसा करेंगे लोग भी वैसा ही अनुसरण करेंगे। कुरुक्षेत्र के युद्ध मैदान में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जो गीता के उपदेश दिये थे, वे मैंनेजमेंट के अमरसूक्त हैं। मोहवश अर्जुन ने हथियार त्याग दिये थे, तब गीता के उपदेशों के जरिये ही श्रीकृष्ण ने अर्जुन को धमार्नुसार कर्म करने की प्रेरणा दी। महाभारत के युद्ध में श्रीकृष्ण ने जो उपदेश दिये थे, इनमें मैनेजमेंट के सूत्र छिपे हुए हैं। इस सूत्रों को समझकर कोई भी इंसान अपने जीवन में छोटे-छोटे बदलावों से उन्नति कर सकता है। श्रीकृष्ण के अनुसार जिस मनुष्य के मन में किसी प्रकार की इच्छा या कामना होती है, उसे कभी सुख शांति प्राप्त नहीं होती। इसलिए सुख-शांति हासिल करने के लिए इंसान को सबसे पहले अपनी इच्छाओं का त्याग करना होगा। हम कर्म के साथ उसके आने वाले परिणाम के बारे में सोचते हैं जो हमें कमजोर बनाता है। लेकिन हमें परिणाम की चिंता न करके अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए, जिससे हम अपने कर्तव्य का पालन कर सकें, यह प्रबंधन का आदिसूत्र हैं। श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व एवं कृतित्व नेतृत्व एवं प्रबंधन की समस्त विशेषताओं को समेटे बहुआयामी एवं बहुरंगी है, यानी राजनीतिक कौशल, बुद्धिमत्ता, चातुर्य, युद्धनीति, आकर्षण, प्रेमभाव, गुरुत्व, सुख, दुख और न जाने और क्या? एक देश-भक्त के लिए श्रीकृष्ण भगवान तो हैं ही, साथ में वे जीवन जीने की कला एवं सफल नागरिकता भी सिखाते है। उन्होंने अपने व्यक्तित्व की विविध विशेषताओं से भारतीय-संस्कृति में उच्च महाप्रबंधक का पद प्राप्त किया। एक ओर वे राजनीति के ज्ञाता, तो दूसरी ओर दर्शन के प्रकांड पंडित थे। धार्मिक, राजनैतिक एवं सामाजिक जगत में भी नेतृत्व करते हुए ज्ञान-कर्म-भक्ति का समन्वयवादी धर्म उन्होंने प्रवर्तित किया। अपनी योग्यताओं के आधार पर वे युगपुरुष थे, जो आगे चलकर युवावतार के रूप में स्वीकृत हुए। उन्हें हम एक महान क्रांतिकारी नायक के रूप में स्मरण करते हैं। वे दार्शनिक, चिंतक, गीता के माध्यम से कर्म और सांख्य योग के संदेशवाहक और महाभारत युद्ध के नीति निर्देशक थे किंतु सरल-निश्छल ब्रजवासियों के लिए तो वह रास रचैया, माखन चोर, गोपियों की मटकी फोड़ने वाले नटखट कन्हैया और गोपियों के चितचोर थे। गीता में इसी की भावाभिव्यक्ति है- हे अर्जुन! जो भक्त मुझे जिस भावना से भजता है मैं भी उसको उसी प्रकार से भजता हूं। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में भी हम इन्हीं प्रबंधकीय विशेषताओं का दर्शन करते है, क्योंकि श्रीकृष्ण के जीवन-आदर्शों को आत्मसात करते हुए वे एक कुशल प्रबंधक के रूप में सशक्त भारत-नया भारत निर्मित कर रहे हैं। श्रीकृष्ण का प्रशासनिक एवं राजनीतिक चरित्र अत्यन्त अलौकिक है, उनके समग्र विचार दर्शन का संक्षेप में केवल एक संदेश है- कर्म। कर्म के माध्यम से ही समाज की अनिष्टकारी प्रवृत्तियों का शमन करके उनके स्थान पर वरेण्य प्रवृत्तियों को स्थापित करना संभव होता है। श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व असीम करुणा से परिपूर्ण है। लेकिन अनीति और अत्याचार का प्रतिकार करने वाला उनसे कठोर व्यक्ति शायद ही कोई मिले। जो श्रीकृष्ण अपने से प्रेम करने वाले के लिए नंगे पांव दौड़े चले जाते थे, वही श्रीकृष्ण दुष्टों को दण्ड देने के लिए अत्यंत कठोर और निर्मम भी हो जाते थे। कब प्रेम करना और कब घृणा, कब कठोर होना और कब करुणामय-यह उचित प्रबंधन से ही संभव है। भगवान श्रीकृष्ण से प्रेम के साथ-साथ जीवन के सबसे खराब दौर में कैसे अच्छा परिणाम पाएं इसका गुण भी हम लोग सीख सकते हैं। अपने जन्म से लेकर लीला समाप्ति तक, अपने पूरे अवतार के समय तक श्रीकृष्ण ने कई संघर्षों को सुलझाया और देखा भी। परिस्थिति को अपने अनुकूल बनाने की कला सिर्फ श्रीकृष्ण में ही थी। श्रीकृष्ण का यह प्रबंधन कौशल एवं समय-नियोजन ही था कि उन्होंने 64 दिन में 64 कलाओं का ज्ञान प्राप्त कर लिया था। श्रीकृष्ण ने वैदिक कलाओं के साथ-साथ दूसरी कलाएं भी सीखी थीं।

**राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए किस तरह की नीति और नियत चाहिए- इन सब प्रश्नों के उत्तर श्रीकृष्ण के प्रभावी प्रबंधन सूत्रों से मिलते हैं। श्रीकृष्ण के आदर्शों से ही देश एवं दुनिया में शांति स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त होगा।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने कथा शिवगण नंदी जी की*

***नंदी*** को जब यह ज्ञात हुआ तो वह महादेव की आराधना से मृत्यु को जीतने के लिए वन में चला गया। वन में उसने शिव का ध्यान आरंभ किया। भगवान शिव नंदी के तप से प्रसन्न हुए व दर्शन वरदान दिया- वत्स नंदी! तुम मृत्यु से भय से मुक्त, अजर-अमर और अदुःखी हो। मेरे अनुग्रह से तुम्हे जरा, जन्म और मृत्यु किसी से भी भय नहीं होगा। भगवान शंकर ने उमा की सम्मति से संपूर्ण गणों, गणेशों व वेदों के समक्ष गणों के अधिपति के रूप में नंदी का अभिषेक करवाया। इस तरह नंदी नंदीश्वर हो गये। मरुतों की पुत्री सुयशा के साथ नंदी का विवाह हुआ। भगवान शंकर का वरदान है कि जहाँ पर नंदी का निवास होगा वहाँ उनका भी निवास होगा। तभी से हर शिव मंदिर में शिवजी के सामने नंदी की स्थापना की जाती है। शिवजी का वाहन नंदी पुरुषार्थ अर्थात परिश्रम का प्रतीक है। नंदी का एक संदेश यह भी है कि जिस तरह वह भगवान शिव का वाहन है। ठीक उसी तरह हमारा शरीर आत्मा का वाहन है। जैसे नंदी की दृष्टि शिव की ओर होती है, उसी तरह हमारी दृष्टि भी आत्मा की ओर होनी चाहिये। हर व्यक्ति को अपने दोषों को देखना चाहिए। हमेशा दूसरों के लिए अच्छी भावना रखना चाहिए। नंदी यह संकेत देता है कि शरीर का ध्यान आत्मा की ओर होने पर ही हर व्यक्ति चरित्र, आचरण और व्यवहार से पवित्र हो सकता है। इसे ही सामान्य भाषा में मन का स्वच्छ होना कहते हैं। जिससे शरीर भी स्वस्थ होता है और शरीर के निरोग रहने पर ही मन भी शांत, स्थिर और दृढ़ संकल्प से भरा होता है। इस प्रकार संतुलित शरीर और मन ही हर कार्य और लक्ष्य में सफलता के करीब ले जाते हुए मनुष्य अंत में मोक्ष को प्राप्त करता है।

*(क्रमशः)*

# कोचिंग मंडी कोटा पर आत्महत्या के दाग


रमेश सर्राफ धमोरा

***राजस्थान*** का कोटा शहर देश में कोचिंग की सबसे बड़ी मंडी बन चुका है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र कोचिंग करने के लिए आते हैं। जिससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपये की आय होती है। हालांकि कोटा आने वाले सभी छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। मगर देश की शीर्षस्थ मेडिकल व इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित होने वाले छात्रों में कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों की संख्या भी काफी होती है। इसी कारण अभिभावक अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपये खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होने के उपरांत भी वह अपने बच्चों को इस आशा से कोटा भेजते हैं कि यदि वह परीक्षा में सफल हो जाता है तो भविष्य में इंजीनियर या डॉक्टर बन जायेगा। इसके लिए लोग लाखों रुपये के कर्ज के बोझ तले भी दब जाते हैं। कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर कलंक लगा रही है। पिछले अगस्त महीने में ही कोटा में कोचिंग करने वाले पांच छात्रों ने आत्महत्या कर ली थी। साल 2023 के 8 महीना में अब तक कोटा में 23 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। पिछले 5 वर्षों में यहां 70 छात्रों ने आत्महत्या की है। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते में है। कोटा में आत्महत्या करने वाले छात्रों में से अधिकांश गरीब या मध्यम वर्गीय परिवारों से आते हैं। इसी वर्ष जो 23 छात्रों ने आत्महत्या की है उनमें से 19 छात्र व चार छात्राएं शामिल हैं। इनमें से 17 छात्र नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे थे वही 6 छात्र जेईई परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाला मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में पढ़ने के लिए आने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से अधिक सक्षम नहीं होते हैं। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए वह लोग विभिन्न स्तरों पर पैसों की व्यवस्था कर बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा आने वाले छात्रों को पता है कि उनके अभिभावकों ने कितनी मुश्किल से कोचिंग लेने के लिए उन्हें कोटा भेजा है। ऐसे में यदि वह सफल नहीं होंगे तो उनके अभिभावक जिंदगी भर कर्ज में दबे रह जायेंगे। यही सोचकर छात्र हमेशा मनोवैज्ञानिक दबाव महसूस करता रहता है। इसके अलावा कोटा में पढ़ने वाले छात्रों पर पढ़ाई का भी बहुत अधिक दबाव रहता है। यहां चलने वाले सभी कोचिंग संस्थाएं कई शिफ्टों में संचालित होती है। कोचिंग संस्थान भी अच्छा परिणाम दिखाने के चक्कर में छात्रों को मशीन बनाकर रख देते हैं। साप्ताहिक टेस्ट पास करने के चक्कर में छात्र दिन-रात पढ़ाई करते हैं। जिससे ना तो उनकी नींद पूरी हो पाती है ना ही वह मानसिक रूप से आराम कर पाते हैं। ऐसे में छात्र जल्दी उठकर कोचिंग संस्थान में जाकर पढ़ाई करने व दिनभर पढ़ाई में व्यस्त रहने के कारण वह तनाव में आ जाता है। बाहर से आने वाले बहुत से छात्र पढ़ाई में पिछड़ जाने के डर से वह आत्महत्या जैसा अमानवीय कदम उठा लेते हैं। कोटा में कोचिंग छात्रों के आत्महत्या के बढ़ते मामलों को लेकर विधायक पानाचंद मेघवाल ने विधानसभा में प्रश्न पूछा था। जिसके जवाब में सरकार ने आत्महत्या के जो प्रमुख कारण गिनाये थे उनमें कोचिंग सेंटर में होने वाले टेस्ट में छात्रों के पिछड़ जाने के कारण उनमें आत्मविश्वास की कमी होना, माता-पिता की छात्रों से उच्च महत्वाकांक्षा होना, छात्रों में शारीरिक मानसिक और पढ़ाई संबंधित तनाव उत्पन्न होना, आर्थिक तंगी, ब्लैकमेलिंग और प्रेम-प्रसंग जैसे प्रमुख कारण शामिल थे। कोटा कभी राजस्थान का बड़ा औद्योगिक नगर होता था।


**कोटा में आत्महत्या करने वाले छात्रों में से अधिकांश गरीब या मध्यम वर्गीय परिवारों से आते हैं। इसी वर्ष जो 23 छात्रों ने आत्महत्या की है उनमें से 19 छात्र व चार छात्राएं शामिल हैं।**

**आत्महत्या**

**फोटो की दुनिया**



**फेसबुक वॉल से**




# पिछली तिमाही में विकास दर की अच्छी चाल व सवाल


डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

***इसमें*** कोई दोराय नहीं कि विपरीत हालातों के बावजूद देश की आर्थिक विकास दर के आंकड़े लगातार उत्साहजनक सामने आ रहे हैं। खासबात यह है कि चालू वित्तीय वर्ष के पहली तिमाही के आंकड़े आशा से अधिक बेहतर रहने के साथ ही पिछले वित्तीय वर्ष की चारों तिमाही से अधिक रहे हैं। यह सब तो तब है जब दुनिया के देश अभी आर्थिक संकट के दौर से ही गुजर रहे हैं। पड़ोसी पाकिस्तान के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं तो अन्य देशों की अर्थव्यवस्था भी हालातों से जूझ रही है। दरअसल कृषि क्षेत्र बड़ा सहारा बन कर उभर कर आता रहा है। हालांकि आने वाली तिमाही कृषि क्षेत्र के लिए अनुकूल इसलिए नहीं मानी जा सकती कि देश में मानसून धोखा देता दिखाई दे रहा है। देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून के आंकड़े निराशाजनक आ रहे हैं। यह सर्वविदित है कि खरीफ की फसल लगभग पूरी तरह मानसून पर निर्भर करती है और मानसून ने जिस तरह से अगस्त माह में बेरुखी दिखाई है उससे कृषि जगत में निराशा आई है। मौसम विज्ञानियों की माने तो सितंबर माह में भी मानसून के जो संकेत मिल रहे हैं वह निराशाजनक ही हैं। किसानों की ललाट पर चिंता की रेखा साफ दिखाई दे रही है। अब तो मानसून की बेरुखी से सरकार भी चिंता में आ गई है। दरअसल कृषि क्षेत्र इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाता है कि देश में सर्वाधिक रोजगार के अवसर कृषि क्षेत्र से ही आते हैं तो कृषि क्षेत्र ने भारतीय अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा दिया है। कोरोना काल में कृषि क्षेत्र ने अर्थ व्यवस्था ही नहीं बल्कि देश के लोगों खासतौर से गरीब लोगों को जो राहत दी है वह अतुलनीय रही है। आज भी देश के गोदाम अन्न धन से भरे हैं तो देश कम से कम अन्नधन को लेकर तो बेफ्रिक है। हालांकि कृषि क्षेत्र के लिए चुनौती भरा समय आ गया है पर देश के अन्नदाता की मेहनत पर सबको भरोसा है। दरअसल चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के जो आंकड़े एनएसओ ने जारी किये हैं वह उत्साहवर्द्धक हैं। जारी आंकड़ों के अनुसार जून 23 तिमाही में कृषि क्षेत्र में मूल्य सवर्द्धन 3.5 फीसदी रहा है जो एक साल पहले की इसी अवधि के 2.4 प्रतिशत से कहीं अधिक है। यह परिणाम समग्र प्रयासों से ही संभव हो सका है। समग्र रूप से देखा जाए तो अप्रैल-जून की तिमाही जीडीपी में वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही है। हालांकि आरंभिक अनुमान 8 प्रतिशत से नीचे रहने के बावजूद अर्थव्यवस्था के सकारात्मक दिशा में बढ़ने के तो स्पष्ट संकेत हैं ही। देखा जाय तो इस दौरान रियल एस्टेट, फाइनेंस और सर्विस सेक्टर में भी अच्छी विकास दर रही है। अब देश में त्योहारी सीजन आरंभ हो जाने से यह माना जा रहा है कि दिसंबर तक देश की अर्थव्यवस्था कुलांचे भरने की स्थिति में रहेगी। बाजार में मांग बढ़ेगी तो इससे उत्पादन और वितरण दोनों ही क्षेत्रों में अर्थ व्यवस्था में उछाल आयेगा। कारोबारियों की माने तो त्योहारी सीजन में बाजार और अधिक गुलजार रहेगा और अर्थव्यवस्था को पंख लगेंगे। हालांकि मानसून की बेरुखी का असर भी देखने को मिल सकता है। ऐसे हालातों में कृषि से इतर अन्य सेक्टर को बेहतर परिणाम देने होंगे ताकि आर्थिक विकास की दर बनी रहे। थोड़ा चिंतनीय इसलिए अवश्य है कि पहली तिमाही में निर्यात और विनिर्माण क्षेत्र में सुस्ती दिखाई है। ऐसे में चुनौतियां और अधिक हो जाती है। हालांकि माना यह जा रहा है कि मानसून की बेरुखी के बावजूद अर्थव्यवस्था पर इसलिए ज्यादा असर नहीं पड़ना चाहिए क्योंकि सरकार ने खेती किसानी के लिए योजनावद्ध प्रयास किये हैं और सिंचाई सुविधा का विस्तार करने से फसलों को बचाया जा सकेगा। हालांकि यह तात्कालिक समाधान ही हैं क्योंकि इससे नकारा नहीं जा सकता कि अर्थव्यवस्था को मानसून अवश्य प्रभावित करता है। बस उस असर को कम करने के प्रयास हो सकेंगे।

**कोरोना काल में कृषि क्षेत्र ने अर्थ व्यवस्था ही नहीं बल्कि देश के लोगों खासतौर से गरीब लोगों को जो राहत दी है वह अतुलनीय रही है। देश के गोदाम अन्न धन से भरे हैं तो देश कम से कम अन्नधन को लेकर तो बेफ्रिक है।**

**अर्थव्यवस्था**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# स्कॉलरशिप का लाभ लेकर छात्र कर सकेंगे हॉयर स्टडी

एलआईसी एचएफएल स्कॉलरशिप उन छात्रों के लिए हैं, जो आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आते हैं। ऐसे में उनकी वित्तीय सहायता के लिए इस स्कॉलरशिप को शुरू किया गया है। ताकि उनकी शिक्षा में किसी तरह की रुकावट ना आ सके और वह अपनी उच्च शिक्षा के सपने को पूरा कर सकें। हाल ही में एलआईसी कॉरपोरेशन ने 10वीं कक्षा पास करने वाले छात्रों के लिए एक नए स्कॉलरशिप की शुरूआत की है। यह स्कॉलरशिप सभी छात्रों के लिए पोस्ट ग्रेजुएशन तक दिया जाएगा। जिससे कि छात्र को अपनी उच्चशिक्षा में किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। भारत में सभी वंचित छात्रों की शिक्षा का समर्थन करने के लिए एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने स्कॉलरशिप योजना की शुरूआत की है। निम्न आय वर्ग के छात्रों को यह स्कॉलरशिप दिया जाएगा। बता दें कि स्टूडेंट्स को शिक्षा के स्तर के आधार पर 20,000 रुपए मिलेंगे। जीवन बीमा निगम एक बहुत ही प्रतिष्ठित संगठन है, जो वंचित लोगों के लिए अलग-अलग अवसर लेकर आता है। आप भी इस योजना का लाभ उठाने के लिए एलआईसी कॉर्पोरेशन की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं।

## स्कॉलरशिप के लाभ

कक्षा 8-10 के छात्रों के लिए एलआईसी एचएफएल विद्याधन स्कॉलरशिप- 10,000 रुपये

कक्षा 10 उत्तीर्ण छात्रों के लिए एलआईसी एचएफएल विद्याधन स्कॉलरशिप- 15,000 रुपये

स्नातक छात्रों के लिए एलआईसी एचएफएल विद्याधन स्कॉलरशिप- 20,000

पोस्ट-ग्रेजुएशन छात्रों के लिए एलआईसी एचएफएल विद्याधन स्कॉलरशिप- 30,000

## सेलेक्शन प्रोसेस

इस स्कॉलरशिप के लिए छात्रों का सिलेक्शन उनकी योग्यता और वित्तीय जरूरतों के हिसाब से किया जाएगा। योग्यता और वित्तीय आवश्यकता के आधार पर स्कॉलरशिप आवेदन की स्क्रीनिंग होगी। सिलेक्शन होने पर छात्रों को टेलीफोन पर चर्चा के लिए बुलाया जाएगा। इसके बाद इसके चयन का आखिरी प्रोसेस इंटरव्यू रखा गया है। आवेदन की लास्ट डेट 30 सितंबर 2023 है।

आवेदक की योग्यता- पिछले एग्जाम में 65% या उससे अधिक अंक

वित्तीय आवश्यकता- निम्न आय वर्ग के परिवारों के स्टूडेंट्स को प्राथमिकता दी जाएगी [वार्षिक आय 3,00,000 रुपये से कम (3 लाख)]

संकट की स्थिति- एकल माता-पिता द्वारा समर्थित छात्र, अनाथ, गंभीर/टर्मिनल माता-पिता वाले छात्र, और पिछले 12 महीनों में कमाने वाले सदस्यों की नौकरी खोने वाले परिवारों के छात्र।



## पोस्ट-ग्रेजुएशन 2023 के लिए स्कॉलरशिप

किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान, कॉलेज और यूनिवर्सिटी में पोस्ट ग्रेजुएशन के फर्स्ट इयर में पढ़ने वाले छात्र आवेदन कर सकते हैं।

ग्रेजुएशन में कम से कम 60% अंक होने चाहिए।

पारिवारिक आय से प्रति वर्ष 3,60,000 रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

कोविड से प्रभावित उन छात्रों को पहले वरीयता दी जाएगी। जिन्होंने महामारी के दौरान कमाने वाले सदस्य को खो दिया है।

## ग्रेजुएशन 2023 के लिए स्कॉलरशिप

किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान, कॉलेज और यूनिवर्सिटी में ग्रेजुएशन के फर्स्ट इयर में पढ़ने वाले छात्र आवेदन कर सकते हैं।

कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा में कम से कम 60% अंक होने चाहिए।

पारिवारिक आय की आय प्रति वर्ष 3,60,000 रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। कोविड से प्रभावित उन छात्रों को पहले वरीयता दी जाएगी। जिन्होंने महामारी के दौरान कमाने वाले सदस्य को खो दिया है।

## कक्षा 10 पास करने वाले छात्रों के लिए स्कॉलरशिप

भारत में किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान में कक्षा 11 में नामांकित छात्र इस स्कॉलरशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं।

कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में 60% से अधिक अंक होने चाहिए।

पारिवारिक आय प्रति वर्ष 3,60,000 रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

कोविड से प्रभावित उन छात्रों को पहले वरीयता दी जाएगी। जिन्होंने महामारी के दौरान कमाने वाले सदस्य को खो दिया है।

## ऐसे करें अप्लाई

आवेदन के पात्र और इच्छुक छात्रों को सबसे पहले एलआईसी एचएफएल की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाना होगा।

स्क्रीन पर होमपेज खुलने के बाद स्कॉलरशिप सेक्शन में जाना होगा।

अब ऑनलाइन आवेदन पर क्लिक करें।

फिर स्क्रीन पर उपलब्ध आवेदन पत्र भरें।

सभी जानकारी दर्ज कर डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।

इसके बाद फॉर्म को सबमिट कर दें।

❖ अनन्या मिश्रा

# आईपीएस अफसर बनने पर मिलती हैं कई सुविधाएं

आईपीएस अफसर की वर्दी और उसके साथ मिले रुतबे की शान अलग ही होती है, जिसे पाने का सपना कई लोग देखते हैं हर वर्ष कुछ चुनिंदा लोगों का ही ये सपना साकार हो पाता है। प्रशासनिक व्यवस्था को देखें तो किसी जिले में पुलिस का सबसे बड़ा अफसर आईपीएस होता है। भारत में सबसे कठिन माने जाने वाली यूपीएससी की परीक्षा पास करना कई युवाओं का सपना होता है मगर ये सपना हर युवा का पूरा नहीं हो पाता है। यूपीएससी की परीक्षा पास करने वाले युवाओं को आईपीएस यानी इंडियन पुलिस सर्विस की नौकरी मिलती है। इसके साथ ही युवाओं को शानदार रुतबा भी मिलता है। आईपीएस अफसर की वर्दी और उसके साथ मिले रुतबे की शान अलग ही होती है, जिसे



पाने का सपना कई लोग देखते हैं हर वर्ष कुछ चुनिंदा लोगों का ही ये सपना साकार हो पाता है। प्रशासनिक व्यवस्था को देखें तो किसी जिले में पुलिस का सबसे बड़ा अफसर आईपीएस होता है। आईपीएस अधिकारी को अपनी सर्विस के साथ ही कई तरह की सुविधाएं मिलती है। इसके साथ ही आईपीएस अधिकारी के कंधों पर कई जिम्मेदारियां भी होती है।

**मिलती हैं ये जिम्मेदारियां :** इंडियन पुलिस सर्विस में जाने वाले अधिकारी को अपने क्षेत्र की कानून व्यवस्था को संभालने की जिम्मेदारी संभालनी होती है। आईपीएस अधिकारी को समय के साथ प्रमोशन मिलता है, जिससे वो डिप्टी एसपी से एसपी, डीआइजी, आइजी, डीजीपी पद पर काबिज होता है।

**मिलती हैं ये सुविधाएं :** आईपीएस अधिकारी को वेतन मिलता है। मगर वेतन के अलावा भी कई तरह की सुविधाएं हैं जो एक आईपीएस अधिकारी को मिलती है। वैसे विभिन्न पे बैंड के अनुसार ये सुविधाएं भिन्न हो सकती है मगर आमतौर पर ये सुविधाएं हर अधिकारी को मिलती है। इसमें घर और गाड़ी की सुविधा भी शामिल है। घर और गाड़ी दोनों ही अधिकारी के पोस्ट के अनुसार ही तय होती है। आईपीएस अधिकारी को पोस्ट के अनुरूप ही ड्राइवर, हाउस हेल्प और सुरक्षा गार्ड मिलते है। पोस्ट के आधार पर ही अधिकारी को मेडिकल, फोन और बिजली बिल के लिए भत्ता दिया जाता है।

**ये है सैलरी :** आईपीएस अधिकारी को सातवें वेतन आयोग के मुताबिक 56100 रुपये वेतन मिलता है। ये उसकी बेसिक सैलरी है। इसके अलावा महंगाई भत्ता, अन्य भत्ते भी दिए जाते है। आईपीएस अधिकारी को प्रमोशन होने के साथ ही मिलने वाली सुविधाएं बढ़ती जाती है। आईपीएस से ज्वाइन करने वाला अधिकारी डीजीपी के पद पर तैनात हो सकता है, जिसका वेतन सबसे अधिक होता है। डीजीपी का मासिक वेतन 2.25 लाख रुपये होता है।

**ये भी मिलते हैं फायदे :** अधिकारी को एकेडमिक लीव मिलती है जिसे लेकर वो देश और विदेश की किसी प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर सकता है। उन्हें ईएल के लिए 30 दिन और सीएल 16 दिनों का मिलता है। अधिकारी के बच्चों के लिए भी सरकार वार्षिक तौर पर एजुकेशन अलाउंस देती है। इसके अलावा मेडिकल ट्रीटमेंट की सुविधा के चलते वो अपने परिवार के सदस्यों का इलाज भी करवा सकते है। उन्हें ट्रैवल कंसेशन भी दिया जाता है जिसके जरिए वो देश में परिवार के साथ घूम सकते है।

**ऐसे बनें आईपीएस अधिकारी :** आईपीएस अधिकारी बनने के लिए उम्मीदवार को यूपीएससी सिविल सर्विस की परीक्षा पास करनी होगी। इसके बाद स्टेट लेवल की सिविल सर्विस परीक्षा पास कर भी आईपीएस अधिकारी बन सकते है। यूपीएससी परीक्षा में अच्छी रैंक लाने पर ही आईपीएस में नियुक्ति होती है। इसके अलावा स्टेट लेवल एग्जाम पास कर भी पुलिस सेवा में शामिल हो सकते है।

❖ रितिका कमठान

# शिक्षक की मौत



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',
मो. नं. 73 8657 8657
(प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार)

> जब से यह पुरस्कार मिला है मुझे बेचैनी सी होने लगी है। मैं कुछ भी हो सकता हूँ किंतु अध्यापक कतई नही हो सकता। जब पहली से पांचवीं तक के सभी बच्चो को एक ही जगह बैठाकर पढ़ाना पड़ता है तब मैं अध्यापक नही चरवाहा लगता हूँ। जब कोई माता-पिता अपने बच्चे की पढ़ाई के बजाय दोपहर को बनी खिचड़ी की शिकायत करता है तो मुझे रसोइया होने का एहसास होता। बच्चों की कॉपी जांचने की जगह अरहर की दाल, सब्जियों की ताजगी और चावल में कंकड़ बीनने में व्यस्त हो जाता।

बड़ी मुश्किल से दो-तीन दिन हुए होंगे रामलाल को आदर्श अध्यापक का पुरस्कार मिले। पुरस्कार मिलने के बाद सब खुश होते हैं और यह जनाब दुखी रहने लगे। किसे पता था कि पुरस्कार उनकी जान पर बन आएगा। अब वे हमारे बीच नहीं रहे। पत्नी पछाड़ खाकर गिर गई। जैसे-तैसे उन्हें होश में लाया गया। पत्नी बार-बार पुरस्कार को कोसती। एक बार के लिए बाहर उठाकर फेकना भी चाहा, लेकिन घर के लोगों ने पुरस्कार का तिरस्कार करने से रोक दिया। इस पर पत्नी ने कहा, जब से यह मनहूस पुरस्कार आया तब से वो उखड़े-उखड़े से रहते थे। न ठीक से खाते न ठीक से सोते। रह-रहकर उठकर बैठ जाते। प्रशंसा पत्र में लिखी एक पंक्ति कि ह्ययह पुरस्कार आपके अध्यापन के लिए दिया जा रहा हैह्ल, उसे बार-बार दोहराते। बड़बड़ाते। झल्ला उठते। अजीब सा बर्ताव करते थे।

रामलाल के शव के पास से एक पत्र मिला। लिखा थाः

अनीला की अम्मा!

जब से यह पुरस्कार मिला है मुझे बेचैनी सी होने लगी है। मैं कुछ भी हो सकता हूँ किंतु अध्यापक कतई नही हो सकता। जब पहली से पांचवीं तक के सभी बच्चो को एक ही जगह बैठाकर पढ़ाना पड़ता है तब मैं अध्यापक नही चरवाहा लगता हूँ। जब कोई माता-पिता अपने बच्चे की पढ़ाई के बजाय दोपहर को बनी खिचड़ी की शिकायत करता है तो मुझे रसोइया होने का एहसास होता। बच्चों की कॉपी जांचने की जगह अरहर की दाल, सब्जियों की ताजगी और चावल में कंकड़ बीनने में व्यस्त हो जाता। तब मेरे भीतर का अध्यापक कब का मर जाता। खड़ियाँ लेकर बोर्ड पर सिखाने की जगह मैं जरूरी प्रोफार्मा भरने में अपनी उपलब्धि समझने लगता।

पाठशाला में पाठ पढ़ाने के बजाय शौचालय की साफ-सफाई और रखरखाव करना मुझे सबसे जरूरी लगता। तब मैं सफाई कर्मचारी बन जाता। बच्चों के बनाए चित्र दुनिया को दिखाने के बजाय शौचालय के फोटो गूगल पर अपलोड करते हुए मेरे भीतर का अध्यापक घुट घुट कर मरने लगता। जाँच अधिकारी जब बच्चों की पढ़ाई के बजाय शौचालय, रसोई घर की जानकारी माँगते तब मेरे भीतर का अध्यापक शून्य हो जाता। पच्चीस साल की नौकरी में अध्यापन के सिवाय मैने सब किया है।

मुझे ठीक से याद नहीं कि मैंने आखरी बार बच्चों को कब पढ़ाया था। पाठशाला में कदम रखने के साथ ही ऑनलाइन बायोमेट्रिक उपस्थिति, छात्रों की उपस्थिति,ऑनलाइन बैंक अकाउंट, ऑनलाइन शौचालय के चित्र अपलोड करने और यह सब न करने पर समाचार पत्रों में अध्यापकों की बर्खास्तगी की खबरों के भय के बीच जमीर को मारकर जिंदगी जीना मेरे लिए भेड़चाल का हिस्सा हो गया था। सच कहूँ तो मेरे भीतर का अध्यापक तो कब का मर चुका था। अब मैं केवल अपने शरीर से विदा ले रहा हूँ। अपना और अनीला का ख्याल रखना।

# इन तीन चीजों को पानी में मिलाकर पीने से कम होगा जिद्दी फैट

मोटापे के कारण कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं। बता दें कि मोटापा डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर का मुख्य कारण होता है। ऐसे में वजन कम करने के लिए आप दालचीनी, जीरा और धनिया के पानी का सेवन कर सकते हैं। आज के समय में मोटापा बेहद आम समस्या बन गई है। एक्सरसाइज न करना, खराब लाइफस्टाइल, खराब खानपान और तनाव की वजह से अधिकतर लोगों को मोटापे का सामना करना पड़ता है। मोटापे से व्यक्ति की पूरी पर्सनालिटी खराब हो जाती है। मोटापे के कारण फिटिंग के कपड़े भी काफी मुश्किल में मिलते हैं। वहीं मोटापे के कारण कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं। ऐसे में जो लोग मोटापे का शिकार होते हैं, वह अपने वजन को कम करने के लिए तमाम कोशिशें करते हैं। लेकिन कई बार रिजल्ट जीरो मिलता है। ऐसे में अगर आप भी मोटापे की समस्या से परेशान हैं और अपना वेट लॉस करना चाहते हैं। तो आप दालचीनी, जीरा और धनिया के पानी का सेवन कर सकते हैं। रोजाना दालचानी, जीरा और धनिया का पानी पीने से कई सेहत संबंधी समस्याएं दूर होती हैं। इस पानी को रोजाना पीने से कैलोरी और फैट भी बर्न होता है। जिससे धीरे-धीरे जिद्दी फैट कम होने लगता है।

**कैसे यह पानी है फायदेमंद :** बता दें कि दालचीनी में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट्स गुण भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। यह वेट कम करने में मदद करता है। साथ ही दालचीनी इंसुलिन के उत्पादन में सुधार करने के साथ ब्लड शुगर के लेवल को कम करने में सहायक होता है। बता दें कि डायबिटीज रोगियों का वजन घटाने में भी दालचीनी फायदेमंद होती है। वहीं जीरा भी पोषक तत्वों से भरपूर होता है। वजन कम करने में जीरा भी सहायक होता है। जीरा आपके पाचन को बेहतर बनाता है। जिससे खाना अच्छे से डाइजेस्ट होता है और आपका वजन भी कंट्रोल में रहता है। जीरा मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने के साथ कार्ब्स को ऊर्जा में बदलता है और वजन कम होता है। इसके अलावा जीरा अपच से जुड़ी समस्या को दूर करता है। बता दें कि जीरा पानी पीने से भूख कंट्रोल में रहती है। इससे आपका वजन कम होता है। धनिया का पानी भी वजन कम करने में काफी ज्यादा लाभकारी होता है। धनिया का पानी पीने से पाचन क्रिया में सुधार होने के साथ ही वजन भी कंट्रोल होता है। पेट की गैस और अपच को भी धनिया का पानी ठीक करने में मदद करता है। ऐसे में वेट लॉस के लिए अगर आप दालचीनी, जीरा या धनिया का अलग-अलग पानी पीते हैं। तो इन तीनों चीजों को एक साथ मिलाकर भी इस पानी का सेवन कर सकते हैं। बता दें कि दालचीनी, जीरा और धनिया के गुण एक साथ मिल जाने पर आपका वजन आसानी से कम हो जाएगा।

**ऐसे बनाएं यह पानी**

दालचीनी, धनिया और जीरा का पानी बनाने के लिए आप रात को गिलास पानी में दालचीनी का टुकड़ा, जीरा और धनिया के बीज डाल दें। इसके बाद अगली सुबह इस पानी को उबाल कर छान लें और फिर इसे पी लें।

रोजाना सुबह खाली पेट इस पानी का सेवन करने से आपको वजन घटाने में काफी मदद मिलेगी।

# नये शिक्षक से होगा नये भारत का निर्माण

भारत के मिसाइल मैन, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने कहा है कि अगर कोई देश भ्रष्टाचार मुक्त है और सुंदर दिमाग का राष्ट्र बन गया है, तो मुझे दृढ़ता से लगता है कि उसके लिये तीन प्रमुख सामाजिक सदस्य हैं जो कोई फर्क पा सकते हैं वे पिता, माता और शिक्षक हैं। भारत के राष्ट्रपति, महान दार्शनिक, शिक्षाशास्त्री डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस को 5 सितम्बर को पूरे देश में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति घोषित करने के बाद से देश में शिक्षा एवं शिक्षक पर व्यापक चर्चा आरंभ हो गई है। शिक्षकों को अधिक सशक्त, जिम्मेदार एवं राष्ट्र- व्यक्ति निर्माण में उनकी भूमिका पर विशेष बल दिया जाने लगा है। लार्ड मैकाले की शिक्षा में अब तक भारत में गुरु एवं शिक्षक श्रद्धा का पात्र न होकर वेतन-भोगी नौकर बन गया था, शिक्षक की भूमिका गौण हो गयी थी। 'सा विद्या या विमुक्तये', यह भारतीय शिक्षा जगत का प्रमुख सुभाषित है। इस सुभाषित के अनुसार सच्ची शिक्षा वह है जो विद्यार्थी को नकारात्मक भावों और प्रवृत्तियों के बंधनों से मुक्ति प्रदान करें। पर चिंता का विषय बना रहा कि भारत के शिक्षक ही आज इसकी उपेक्षा करते रहे हैं। ऐसा लगता है, मानो उनका लक्ष्य केवल बौद्धिक विकास ही है। अब नयी शिक्षा नीति में शिक्षक के लिये शिक्षा एक मिशन होगा, स्वदेशी, सार्थक और मूल्य आधारित शिक्षा के माध्यम से उन्नत पीढ़ी का निर्माण होगा। गुरु के महत्व को बढ़ाकर प्रबन्ध-तंत्र के वर्चस्व को घटाया जायेगा। अब भारत की नयी शिक्षा नीति में शिक्षक का चरित्र एवं साख दुनिया के लिये प्रेरक एवं अनुकरणीय बनकर प्रस्तुत होगा, जिसमें भारतीय संस्कारों एवं संस्कृति का समावेश दिखाई देगा।

किसी भी राष्ट्र एवं समाज की बहुत बड़ी शक्ति होती है- अध्यापक वर्ग। इस वर्ग की प्रासंगिकता, अनिवार्यता और उपयोगिता कभी समाप्त नहीं हो सकती। इस वर्ग के कंधों पर राष्ट्र के भविष्य-निर्माण का गुरुत्तर दायित्व होता है। यदि इस दायित्व में थोड़ी-सी भी भूल रह जाती है तो समाज के निर्माण की नींव खोखली रह जाती है। वर्तमान समय में शिक्षक की भूमिका भले ही बदली हो, लेकिन उनका महत्व एवं व्यक्तित्व-निर्माण की जिम्मेदारी अधिक प्रासंगिक हुई है। क्योंकि सर्वतोमुखी योग्यता की अभिवृद्धि के बिना युग के साथ चलना और अपने आपको टिकाए रखना अत्यंत कठिन होता है। फौलाद-सा संकल्प और सब कुछ करने का सामर्थ्य ही व्यक्तित्व में निखार ला सकता है। शिक्षक ही ऐसे व्यक्तित्वों का निर्माण करते हैं।

भारत के मिसाइल मैन, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने कहा है कि अगर कोई देश भ्रष्टाचार मुक्त है और सुंदर दिमाग का राष्ट्र बन गया है, तो मुझे दृढ़ता से लगता है कि उसके लिये तीन प्रमुख सामाजिक सदस्य हैं जो कोई फर्क पा सकते हैं वे पिता, माता और शिक्षक हैं। डॉ. कलाम की यह शानदार उक्ति प्रत्येक व्यक्ति के दिमाग में आज भी गूंज रही हैं। शिक्षा के महत्व को प्रतिपादित करते हुए प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. ए. एस. अल्तेकर ने लिखा है- ''शिक्षा प्रकाश और शक्ति का ऐसा स्रोत है, जो हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरंतर सामंजस्यपूर्ण विकास करके हमारे स्वभाव को परिवर्तित करती है और उसे उत्कृष्ट बनाती है।'' लेकिन हमने प्राचीन शिक्षा प्रणाली की इन विशेषताओं को भूला दिया है। आजादी के बाद से चली आ रही शिक्षा प्रणाली में शिक्षालय मिशन न होकर व्यवसाय बन गया था। इस बड़ी विसंगति को दूर करने की दृष्टि से वर्तातन शिक्षा नीति में व्यापक चिन्तन-मंथन किया गया है। पूरे देश में 'एक जैसे शिक्षक और एक जैसी शिक्षा' पॉलिसी पर काम किया जाने लगा है। डॉ. राधाकृष्णन के अनुसार, शिक्षक देश के निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इसी वजह से वे अधिक सम्मान के योग्य होते हैं। नयी शिक्षा नीति में ऐसी संभावनाएं है कि राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अधिक प्रभावी बनकर प्रस्तुत होगी। अब शिक्षा से मानव को योग्य, राष्ट्र-निमार्ता एवं चरित्रवान बनाने का वास्तविक लक्ष्य प्राप्त हो सकेगा।

अन्य कलाओं की भांति शिक्षण भी एक महत्वपूर्ण कला है, शिक्षक उस कलाकार के समान होता है, जो अनगढ़ पत्थर को तराशकर पूज्य प्रतिमा का रूप प्रदान करता है। वर्तमान में शिक्षण-कौशल एवं शिक्षण विधियों पर बहुत अनुसंधान हो रहा है। डॉ. जाकिर हुसैन ने अध्यापक को प्रेम, सहिष्णुता और त्याग की प्रतिमूर्ति माना है। पाश्चात्य शिक्षाशास्त्री जॉन डयूवी ने 'एजूकेशन ऑफ टुडे' नामक ग्रंथ में शिक्षक के महत्व को स्पष्ट करते हुए लिखा है- ''शिक्षक बालक के लिए सदैव परमात्मा का पैगम्बर होता है, जो परमात्मा के सच्चे राज्य में प्रवेश कराने वाला है।'' एक अध्यापक स्रष्टा की भांति समाज की भावी पीढ़ी का निर्माण करके समाज द्वारा उत्पन्न शून्य को भरने का प्रयत्न करता है। यदि उसके दायित्व में कमी रहती है तो उसे क्षम्य नहीं माना जा सकता।

ऋग्वेद के सूक्त में शिक्षक का माहात्म्य बताते हुए कहा गया है- ''हे ज्ञान और ऐश्वर्य के स्वामी आचार्य! आप पिता के समान शुभचिंतक तथा बुद्धि के स्वामी हैं अतः हमें पूर्णतः शिक्षित कीजिए।'' जे. कृष्णामूर्ति ने सच्चे अध्यापक की जो कसौटियां प्रस्तुत की हैं, वे उसके व्यक्तित्व के माहात्म्य को प्रकट करने वाली हैं- ''सच्चा अध्यापक अभ्यंतर में समृद्ध होता है अतः अपने लिए कुछ नहीं चाहता, वह महात्वाकांक्षी नहीं होता, वह अपने अध्यापन को पद अथवा सत्ताधिकार प्राप्त करने का साधन नहीं बनाता। सच्ची संस्कृति इंजीनियरों और टेकनीशियनों पर नहीं, अपितु शिक्षकों पर आधारित होती है। अब शिक्षक एवं शिक्षा-नीति एक क्रांतिकारी बदलाव की ओर अग्रसर हुई है। शिक्षक एवं शिक्षा का वास्तविक लक्ष्य अब प्राप्त होगा। आचार्य महाप्रज्ञ के शब्दों में -'व्यक्तित्व-निर्माण का कार्य अत्यन्त कठिन है। निःस्वार्थी और जागरूक शिक्षक ही किसी दूसरे व्यक्तित्व का निर्माण कर सकता है।' हाल ही में आपने सुपर-30 फिल्म में एक शिक्षक के जुनून को देखा। इस फिल्म में प्रो. आनन्द के शिक्षा-आन्दोलन को प्रभावी ढंग से प्रस्तुति दी गयी है। अब नयी शिक्षा नीति से ऐसे ही आन्दोलनकारी शिक्षा उपक्रम जगह-जगह देखने को मिलें, तभी इस नवीन घोषित शिक्षा नीति की प्रासंगिकता है।

अनेकानेक विशेषताओं के बावजूद अब तक शिक्षक का पद धुंधला रहा था। जैसाकि महात्मा गांधी ने कहा था-एक स्कूल खुलेगी तो सौ जेलें बंद होंगी। पर उल्टा होता रहा है। स्कूलों की संख्या बढ़ने के साथ जेलों के स्थान छोटे पड़ते गये हैं। जेलों की संख्या भी उसी अनुपात में बढ़ रही है। स्पष्ट है- हिंसा और अपराधों की वृद्धि में मैकाले की शिक्षा प्रणाली एवं शिक्षक भी एक सीमा तक जिम्मेदार है। अशिक्षित और मूर्ख की अपेक्षा शिक्षित और बुद्धिमान अधिक अपराध करते रहे हैं। पारिवारिक और सामाजिक जीवन में जो तनाव, टकराव और बिखराव की घटनाएं घटित होती रही हैं, उसके मूल में संकीर्णता और ईर्ष्या की मनोवृत्ति भी एक बड़ा कारण है। व्यक्तित्व का टकराव भी इसी कारण बढ़ा है। क्या कारण है कि नयी पीढ़ी के निर्माण में ऐसी त्रुटियां के बावजूद सरकारें कुंभकरणी निद्रा में रही, शिक्षक क्यों नहीं एक सर्वांगीण गुणों वाली पीढ़ी का निर्माण कर पाएं? इसका कारण दूषित राजनीतिक सोच रही है। मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुईं, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन कम हुए। शान्ति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु सम्यक-आचरण का अभाव अखरता है। अब नयी शिक्षा नीति से सम्यक चरित्र, सम्यक सोच एवं सम्यक आचरण का प्रादुर्भाव होगा।

❖ ललित गर्ग

**मुख्य चयनकर्ता ने आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की**

# केएल राहुल की टीम में हुई वापसी

**एजेंसी। कैंडी**

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने मंगलवार को यहां कैंडी में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम लगभग एशिया कप टीम जैसी ही है, तिलक वर्मा, संजू सैमसन और प्रसिद्ध कृष्णा को टीम से बाहर रखा गया है। भारत चार तेज गेंदबाजों शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज व तीन स्पिनर रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव के साथ उतर रहा है। टीम में केएल राहुल की वापसी हुई है, जिन्हें साल की शुरूआत में आईपीएल में जांघ में चोट लग गई थी, हालांकि वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं और संभवतः श्रीलंका में एशिया



कप के बाद के चरणों के दौरान भारतीय टीम से जुड़ेंगे। राहुल के टीम में होने से संजू सैमसन बाहर हो गए हैं, साथ ही तिलक वर्मा और प्रसिद्ध कृष्णा भी बाहर हो गए हैं। विश्व कप गुरुवार, 5 अक्टूबर से शुरू हो रहा है और पहले मैच में 2019 के फाइनलिस्ट इंग्लैंड और न्यूजीलैंड अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भिड़ेंगे। रविवार, 19 नवंबर को उसी स्थान पर फाइनल मैच भी खेला जाएगा। भारत अपने अभियान की शुरूआत 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच से करेगा। अब तक के सबसे बड़े क्रिकेट विश्व कप में दस टीमें भाग लेंगी, जो 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक 10 स्थानों पर खेला जाएगा, जिसमें अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम टूर्नामेंट के उद्घाटन और फाइनल की मेजबानी करेगा। इस आयोजन में 46 दिनों में 48 मैच खेले जाएंगे। अहमदाबाद और चेन्नई के अलावा अन्य स्थान बेंगलुरु, दिल्ली, धर्मशाला, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई और पुणे हैं। जबकि गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम अभ्यास खेलों की मेजबानी में हैदराबाद के साथ शामिल होंगे।

### विश्व कप के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या (उप-कप्तान), रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज।

## यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जर्मन खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

जर्मन खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने सोमवार देर रात जननिक सिनर के खिलाफ जीत हासिल कर यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। ज्वेरेव ने सिनर को 6-4, 3-6, 6-2, 4-6, 6-3 से हराकर अपने 10वें बड़े क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरे सेट के दौरान सिनर को दोनों पैरों में ऐंठन का अनुभव होने लगा और तीसरे सेट तक, उनकी स्थिति इतनी खराब हो गई कि ज्वेरेव ने उनका हालचाल जानने के लिए उनसे संपर्क किया। चौथे और पांचवें सेट में सिनर की स्थिति में सुधार हुआ और उन्होंने मैच में वापसी की। लेकिन ज्वेरेव ने अंतिम सेट में अपने प्रतिद्वंद्वी को सात के मुकाबले 14 विनर्स लगाकर चार घंटे, 41 मिनट की कड़ी मेहनत के बाद जीत दर्ज की। बता 2020 यूएस ओपन फाइनलिस्ट ज्वेरेव ने शीर्ष 10 खिलाड़ी के खिलाफ अपना दूसरा बड़ा मैच जीता। मैच के बाद ज्वेरेव ने कहा, मुझे लगता है कि अब मैं कह




सकता हूँ कि मैं वापस आ गया हूँ। मैं इसी के लिए जीता हूं, मुझे यही करना बेहद पसंद है। ईमानदारी से कहूं तो यह मेरे करियर के सर्वश्रेष्ठ क्षणों में से एक है। दूसरी ओर, गत चैंपियन कार्लोस अलकराज सोमवार को इटालियन खिलाड़ी माटेओ अर्नाल्डी को हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए और ओपन एरा (1968 से) में 21 साल की उम्र से पहले तीन यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए। 20 वर्षीय स्पैनियार्ड ने अपने अद्भुत शॉटमेकिंग से आर्थर ऐश स्टेडियम में आए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और 22 वर्षीय अर्नाल्डी पर 6-3, 6-3, 6-4 से जीत हासिल की।

## एशिया कप : बांग्लादेश के नजमुल हुसैन शान्तो हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर



**लाहौर।** एशिया कप 2023 में बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले नजमुल हुसैन शान्तो चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। रविवार को अफगानिस्तान के खिलाफ खेले गए मैच में 104 रन की पारी के दौरान शान्तो हैमस्ट्रिंग की परेशानी से जूझते नजर आए थे। अगले दिन, एक एमआरआई रिपोर्ट में मांसपेशियों में खिंचाव की पुष्टि हुई और शान्तो को विश्व कप 2023 के लिए सुरक्षित रखने के लिए मेडिकल टीम ने आराम करने की सलाह दी। राष्ट्रीय टीम के फिजियो बायजेदुल इस्लाम खान ने कहा, शान्तो ने बल्लेबाजी के दौरान हैमस्ट्रिंग में दर्द की शिकायत की थी और वह फील्डिंग नहीं कर सके। हमने एमआरआई स्कैन कराया था, जिसमें मांसपेशियों में चोट की पुष्टि हुई है। एहतियात के तौर पर, शान्तो टूनामेंट में आगे हिस्सा नहीं लेंगे और पुनर्वास शुरू करने और विश्व कप की तैयारी के लिए घर लौट आएंगे। शान्तो टूर्नामेंट में बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे हैं। वह पहले मैच में शीर्ष स्कोरर थे, उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 89 रनों की जुझारू पारी खेली। इसके बाद उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ शानदार शतक जड़ा, जिससे बांग्लादेश को पुरुष वनडे में तीसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाने में मदद मिली। लिटन दास, जिन्हें शुरूआत में बीमार होने के कारण मूल टीम से बाहर रखा गया था। शान्तो की जगह टीम में शामिल होने के लिए मंगलवार सुबह लाहौर पहुंचे गए हैं।

## हमारा फोकस सिर्फ पाकिस्तान पर नहीं वर्ल्ड कप ट्रॉफी पर होना चाहिए : गौतम गंभीर



**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर का मानना है कि भारतीय टीम को चाहिए कि वो अपना फोकस केवल पाकिस्तान के मैच पर ना रखे बल्कि वर्ल्ड कप जीतने पर ध्यान दे। भारत-नेपाल एशिया कप मुकाबले के बाद स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए गौतम गंभीर ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ मैच ₹विश्व कप जीतने की दिशा में महज एक कदम है। गंभीर ने कहा, यह केवल 14 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बारे में नहीं है। मुझे उम्मीद है कि यह भारत के विश्व कप फाइनल खेलने और कप जीतने के बारे में है, क्योंकि आप कभी नहीं जानते कि इस विश्व कप टीम से कितने लोग अगले विश्व कप का हिस्सा होंगे और यह 4 साल के बाद होता है। उन्होंने आगे कहा, एक राष्ट्र के रूप में हमारे लिए, प्रशंसकों के रूप में हमारे लिए और प्रसारक के रूप में हमारे लिए, सब कुछ केवल भारत और पाकिस्तान पर केंद्रित नहीं होना चाहिए। यह विश्व कप जीतने के बारे में है। पाकिस्तान सिर्फ एक बाधा है। यह विश्व कप जीतने की दिशा में महज एक कदम है। गंभीर ने 2007 और 2011 विश्व कप में चैंपियनशिप जीतने वाली भारतीय टीमों को भी याद किया और इस बात पर जोर दिया कि उनका प्राथमिक ध्यान ट्रॉफी पर था। गंभीर ने कहा, 2007 में टी20 विश्व कप में हमने अपना अभियान पाकिस्तान के खिलाफ शुरू किया।

# हॉकी 5 एस एशिया कप ट्रॉफी जीतने के बाद भारत की नजरें विश्व कप पर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वैश्विक हॉकी संस्था, एफआईएच ने सलालाह, ओमान में एक भव्य समारोह में बहुप्रतीक्षित पुरुष हॉकी5एस विश्व कप ओमान 2024 के लिए पूल की घोषणा की। हॉकी5एस विश्व कप 24 जनवरी 2024 से 31 जनवरी 2024 तक मस्कट, ओमान में खेला जाएगा। टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण में 16 देश प्रतिस्पर्धा करेंगे और उन्हें चार-चार टीमों के चार समूहों में विभाजित किया गया है, जिसमें भारत को मिस्र, स्विट्जरलैंड और जमैका के साथ पूल बी में रखा गया है। भारत ने शनिवार को ओमान के सलालाह में फाइनल में पाकिस्तान को शूट आउट में 2-0 (4-4) से हराकर पुरुष हॉकी5एस एशिया कप ट्रॉफी जीती और टूनामेंट के लिए क्वालीफाई किया। प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा पर



भारतीय कप्तान मनदीप मोर ने कहा, हम किसी भी टीम को हल्के में नहीं लेंगे। हमारे पास टूर्नामेंट की तैयारी के लिए अच्छा समय है और हम कुछ क्षेत्रों में सुधार करने की कोशिश करेंगे। हम अपने विरोधियों का भी गहन अध्ययन करेंगे और उनके मैच फुटेज देखेंगे ताकि यह समझ सकें कि हम क्या उम्मीद कर सकते हैं। इस बीच, पूल ए में नीदरलैंड को पाकिस्तान, पोलैंड और नाइजीरिया के साथ रखा गया है। ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, त्रिनिदाद और टोबैगो और केन्या को पूल सी में रखा गया है, जबकि मेजबान ओमान का सामना पूल डी में मलेशिया, संयुक्त राज्य अमेरिका और फिजी से होगा। मनदीप ने कहा, वास्तव में कुछ मजबूत टीमें हैं जिन्होंने एफआईएच पुरुष हॉकी5एस विश्व कप ओमान 2024 के उद्घाटन संस्करण के लिए क्वालीफाई किया है। हर कोई पहली बार विश्व चैंपियन बनने की उम्मीद के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश करेगा और हम भी ऐसा करना ही चाहते हैं। हम अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करेंगे और सकारात्मक परिणाम प्राप्त करने के लिए अपनी खेल योजनाओं पर कायम रहने का प्रयास करेंगे। बता दें कि पुरुष हॉकी5एस एशिया कप का यादगार फाइनल बेहद रोमांचक रहा और अंततः मैच का फैसला शूटआउट में आया। मोहम्मद राहील (19', 26') जुगराज सिंह (7'), और मनिंदर सिंह (10') ने मैच में गोल किये, इसके बाद गुरजोत सिंह और मनिंदर सिंह ने शूटआउट में भारत के लिए स्कोर किया। टूनामेंट में भारत के प्रदर्शन पर मनदीप ने कहा, हमने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया और हम अपनी योजनाओं पर कायम रहे। मैचों के दौरान जब हम पिछड़ रहे थे तो हमें कुछ कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। लेकिन हमने अपना संयम बनाए रखा और सकारात्मकता बनाए रखने में कामयाब रहे। हमें लगा कि हम पूरी प्रतियोगिता के दौरान एक इकाई के रूप में विकसित होते रहे और इसलिए हम ट्रॉफी जीतने में सफल रहे। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एलीट पूल के अपने शुरूआती गेम में बांग्लादेश पर 15-1 से जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की और फिर ओमान पर 12-2 से जीत दर्ज की।

> **हर कोई पहली बार विश्व चैंपियन बनने की उम्मीद के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश करेगा और हम भी ऐसा करना ही चाहते है**

### झेंग किनवेन यूएस ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहली बार खेलेंगी

**न्यूयॉर्क।** चीनी स्टार झेंग किनवेन ने ट्यूनीशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त ओन्स जाबेउर को 6-2, 6-4 से सीधे सेटों में हराकर यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यह शीर्ष 10 खिलाड़ी के खिलाफ झेंग की पहली जीत है और वह पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता के अंतिम आठ में पहुंची है। 21 वर्षीय झेंग ने अपनी शानदार जीत के बाद कहा, फिलहाल, मैं इस बड़े स्टेडियम में खेलने के लिए बेहद खुश और उत्साहित महसूस कर रही हूं और आज मैंने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। जब झेंग से उनके लोकप्रिय उपनाम के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मुझे 'क्वीन वेन' नाम बेहद पसंद है। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए झेंग का सामना बुधवार को आर्यना सबालेंका से होना तय है। पुरुष एकल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने 22 वर्षीय इतालवी माटेओ अर्नाल्डी को सीधे सेटों में 6-3, 6-3, 6-4 से हराया।

## वीडियो विश्लेषक कोच के रूप में हॉकी इंडिया में शामिल हुए अर्तुर लुकास



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने मंगलवार को कोच (वीडियो विश्लेषक) के रूप में अर्तुर लुकास का आधिकारिक तौर पर स्वागत किया। वह बेंगलुरु के साई सेंटर में सभी चार भारतीय हॉकी टीमों- सीनियर पुरुष, सीनियर महिला, जूनियर पुरुष और जूनियर महिला के साथ काम करेंगे। लुकास आज नई दिल्ली पहुंचे, जहां हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह और कोषाध्यक्ष सेकर जे मनोहरन सहित हॉकी इंडिया के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। अर्तुर लुकास प्रचुर अनुभव और विशेषज्ञता के साथ अपने नए पद पर आए हैं। बेल्जियम के खिलाड़ी ने पहले 2018 से 2023 तक रॉयल बेल्जियम हॉकी एसोसिएशन के लिए अंडर-18 राष्ट्रीय टीम के लिए प्रदर्शन विश्लेषक के रूप में काम किया था। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने टीम के विकास और सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने पिछले साल बिजटोरी बेल्जियम के लिए एक विश्लेषणात्मक सलाहकार के रूप में भी काम किया, जिसने उन्हें खेल के लिए नवीन अंतर्दृष्टि प्रदान करते हुए अपने विश्लेषणात्मक कौशल को सुधारने की अनुमति दी। लुकास 2017 से केएचसी ड्रैगन्स में प्रदर्शन विश्लेषक के रूप में एक प्रमुख व्यक्ति रहे हैं, जो बेल्जियम के शीर्ष हॉकी क्लबों में से एक है। 2015 से 2021 तक, वह यूथ मैनेजर और कोच जैसी विभिन्न भूमिकाओं में विक्टोरिया हॉकी क्लब, एडजेम से जुड़े रहे। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, हॉकी इंडिया परिवार में अर्तुर लुकास का स्वागत करते हुए हमें खुशी हो रही है। कोच, वीडियो विश्लेषक के रूप में उनका व्यापक अनुभव और विशेषज्ञता निस्संदेह हमारी टीमों के प्रदर्शन में सुधार करेगी। हमें विश्वास है कि उनकी उपस्थिति अंतरराष्ट्रीय उत्कृष्टता की हमारी खोज में अमूल्य होगी। उन्होंने कहा, हॉकी इंडिया में प्रशासक के रूप में शामिल होने के बाद से मैंने उस खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है जिसे हम सभी पसंद करते हैं। चाहे वह जमीनी स्तर पर विकास कार्यक्रम शुरू करना हो या पुरुषों और महिलाओं के लिए सब जूनियर कैंप शुरू करना हो, इस यात्रा में लुकास का आगमन हॉकी इंडिया के लिए हमारा एक और कदम है।

## वर्ल्ड कप से पहले क्विंटन डी कॉक ने किया संन्यास का ऐलान

**एजेंसी। जोहान्सबर्ग**

स्टार बल्लेबाज और विकेटकीपर क्विंटन डी कॉक वनडे विश्व कप 2023 के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। मंगलवार को साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड कप के लिए अपनी टीम का ऐलान किया। इस दौरान क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने अपनी विश्व कप टीम की घोषणा में क्विंटन डी कॉक की संन्यास लेने की खबर की पुष्टि की और कहा, हम दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के लिए उनकी सेवा के लिए उन्हें धन्यवाद देना चाहते हैं। दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट निदेशक एनोच एनकेवे ने कहा, क्विंटन डी कॉक दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के लिए वास्तव में एक अच्छे साथी रहे हैं। उन्होंने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी शैली से कई रिकॉर्ड बनाए और टीम के कई सालों तक मुख्य बल्लेबाज रहे। डी कॉक ने 2013 में टीम में डेब्यू किया था और अब तक 140 मैच



खेले हैं। 44.85 की औसत और 96.08 की स्ट्राइक रेट के साथ डी कॉक ने 5966 रन बनाए हैं। उनके नाम पर 17 शतक और 29 अर्द्धशतक हैं, जिसमें 178 का उच्च स्कोर है जो 2016 में सेंचुरियन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आया था। एक विकेटकीपर के रूप में उनके नाम 183 कैच और 14 स्टंपिंग हैं। डी कॉक ने आठ वनडे मैचों में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी भी की, जिनमें से उन्होंने चार जीते और तीन हारे। दक्षिण अफ्रीका अपने विश्व कप अभियान की शुरूआत 7 अक्टूबर को दिल्ली में श्रीलंका के खिलाफ करेगा।

## बॉक्सिंग : मुस्तफा हजरूलाहोविक मेमोरियल टूर्नामेंट में भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे मंजू-मनीष

**एजेंसी। नई दिल्ली**

साराजेवो, बोस्निया और हजेगोविना में 21वें मुस्तफा हजरूलाहोविक मेमोरियल टूनामेंट में 6 पुरुष और 5 महिला मुक्केबाजों वाली 11 सदस्यीय मजबूत भारतीय टीम भाग लेने के लिए तैयार है। मुकाबले 6 सितंबर से शुरू होंगे और 9 सितंबर तक खेले जाएंगे। महिला टीम का नेतृत्व 2019 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मंजू रानी (50 किग्रा) और युवा विश्व चैंपियन ज्योति (54 किग्रा) और शशी चोपड़ा (60 किग्रा) कर रही हैं। उनके अलावा विनाक्षी (57 किग्रा) और जिज्ञासा राजपूत (75 किग्रा) अन्य मुक्केबाज हैं, जो इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अपनी छाप छोड़ना चाहेंगे। पुरुष टीम का नेतृत्व 2019 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मनीष कौशिक



(63.5) के साथ-साथ 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आकाश कुमार (57 किग्रा) करेंगे। टोक्यो ओलंपियन और अनुभवी मुक्केबाज सतीश कुमार (92 + किग्रा) लंबे समय के बाद एक्शन में नजर आएंगे। जबकि, राष्ट्रीय चैंपियन नवीन कुमार 92 किग्रा वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। युवा मुक्केबाज बरुण सिंह (51 किग्रा) और निखिल दुबे (71 किग्रा) को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा।

**स्क्वॉड :** पुरुष : बरुण सिंह (51 किग्रा), आकाश कुमार (57 किग्रा), मनीष कौशिक (63.5 किग्रा), निखिल प्रेमनाथ दुबे (71 किग्रा), नवीन कुमार (92 किग्रा), सतीश कुमार (92+ किग्रा)
महिला : मंजू रानी (50 किग्रा), ज्योति (54 किग्रा), विनाक्षी (57 किग्रा), शशी चोपड़ा (60 किग्रा), जिज्ञासा राजपूत (75 किग्रा) हैं।

**उम्मीद** | **बीडब्ल्यूएफ चाइना ओपन 2023 टूर्नामेंट की शुरूआत**

# सिंधु-श्रीकांत के हटने के बाद सभी की निगाहें प्रणय पर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कोपेनहेगन में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैम्पियनशिप के एक सप्ताह बाद, मंगलवार से शुरू होने वाले सीजन के अंतिम सुपर 1000 टूर्नामेंट - चाइना ओपन से भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत ने नाम वापस ले लिया है। सीओवीआईडी -19 और यात्रा प्रतिबंधों के कारण 2020 से आयोजित नहीं होने के बाद यह टूर्नामेंट नियमित कैलेंडर में वापसी कर रहा है। भारतीय दृष्टिकोण से, यह इस महीने के अंत में होने वाले एशियाई खेलों से पहले यह अंतिम टूर्नामेंटों में से एक है। पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत सोमवार को प्रतियोगिता से हट गए और महिला एकल में कोई भारतीय प्रतिस्पर्धा नहीं करेगा। सिंधु और श्रीकांत दोनों भारत की एशियाड टीम का हिस्सा हैं। इंडोनेशिया में पिछले सुपर



1000 टूर्नामेंट में, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर (वर्ल्ड्स को छोड़कर) के उच्चतम स्तर पर खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने और वे एक बार विश्व एथलेटिक्स में पदक चूकने के बाद फिर से उस स्पर्श को पाने की उम्मीद करेंगे। सभी की निगाहें इन-फॉर्म एचएस प्रणय पर होंगी, जिन्होंने अपनी आखिरी प्रतियोगिता में दुनिया के नंबर 1 विक्टर एक्सेलसन पर शानदार जीत के साथ अपना पहला विश्व चैम्पियनशिप पदक जीता था। दुनिया के नए छठे नंबर के खिलाड़ी प्रणय अपने अभियान की शुरूआत मलेशिया के एनजी त्जे योंग के खिलाफ के खिलाफ करेंगे। उनके वर्ग में पांचवीं वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी हैं, जो हाल ही में विश्व चैंपियन बने कुनलावुत विटिडसर्न के प्रतियोगिता में से हटने के बाद प्रणय के सामने एक बड़ी चुनौती है। हालाँकि, दूसरे दौर में वह एक अन्य भारतीय प्रियांशु राजावत से भिड़ सकते हैं। प्रियांशु को किस्मत का साथ मिला है क्योंकि अब वह पहले दौर में तीसरे वरीय के बजाय रिजर्व शेसार हिरेन रुस्तावितो से खेलेंगे। दोनों की जीत से क्वार्टर में जगह बनाने के लिए प्रणय और प्रियांशु एक-दूसरे के सामने होंगे। वहीं, लक्ष्य सेन, एंडर्स एंटोनसेन के खिलाफ शुरूआत करेंगे। यदि लक्ष्य और प्रणय दोनों अपने-अपने क्वार्टरफाइनल में पहुंचते हैं और जीतते हैं, तो वह दोनों आमने सामने हो सकते हैं। वहीं, पुरुष युगल में सात्विक और चिराग दूसरी वरीयता प्राप्त हैं और विश्व एथलेटिक्स में चूकने के बाद इस टूर्नामेंट में पदक के लिए आमने सामने होंगे। सात्विक-चिराग पिछले साल के ऑल इंग्लैंड चैंपियन मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और इंडोनेशिया के बगास मौलाना के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेंगे, जिनसे वे 3-1 से आगे हैं, हालांकि पिछली बार जून में थाईलैंड ओपन में हार गए थे।

> **पुरुष युगल में सात्विक और चिराग दूसरी वरीयता प्राप्त हैं और विश्व एथलेटिक्स में चूकने के बाद इस टूर्नामेंट में पदक के लिए आमने सामने होंगे**



## NEWS इन ब्रीफ

### रसना के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया शुरू करने पर रोक लगी

**नई दिल्ली।** गुजरात उच्च न्यायालय ने घरेलू शीतल पेय ब्रांड रसना को बड़ी राहत देते हुए दिवाला प्रक्रिया शुरू करने के राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के आदेश पर सोमवार को रोक लगा दी। एनसीएलटी की अहमदाबाद पीठ ने पिछले हफ्ते 71.27 लाख रुपए के भुगतान चूक के मामले में रसना के खिलाफ कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया था। इसके साथ ही कंपनी के निदेशक मंडल को निलंबित करते हुए एक अंतरिम समाधान पेशेवर भी नियुक्त किया गया था। रसना इंडस्ट्रीज के प्रवर्तकों ने इस आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। वहां से उन्हें राहत मिल गई। न्यायमूर्ति वी डी नानावती ने अपने अंतरिम आदेश में कहा कि राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के समक्ष अपील सूचीबद्ध न होने तक दिवाला प्रक्रिया शुरू करने पर रोक लगाई जा रही है।

### रुपया शुरूआती कारोबार में 13 पैसे टूटकर 82.84 प्रति डॉलर पर आया

**मुंबई।** रुपया मंगलवार को शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 13 पैसे गिरकर 82.84 पर आ गया। विदेशी कोष की बिकवाली और कच्चे तेल की कीमतों के बढ़ने का असर घरेलू मुद्रा पर पड़ा। विदेशी मुद्रा के कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने से वैश्विक बाजार का सकारात्मक रुख भारतीय मुद्रा को समर्थन प्रदान करने में विफल रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.78 पर खुला और फिर 82.84 प्रति डॉलर के भाव पर पहुंच गया। यह पिछले बंद स्तर की तुलना में 13 पैसे की गिरावट है। रुपया सोमवार को डॉलर के मुकाबले 82.71 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 104.23 पर पहुंच गया।

# अगस्त में घटी देश के सर्विस सेक्टर की रफ्तार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के सर्विस सेक्टर में एक्टिविटीज लगातार अगस्त में भी बढ़ती रहीं। लेकिन जुलाई की तुलना में इसकी गति धीमी दर्ज हुई है। सर्विसेज परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (सर्विस पीएमआई) अगस्त में गिरकर 60.1 पर आ गई। यह जुलाई में 62.3 दर्ज हुई थी। मंगलवार को एसएंडपी ग्लोबल द्वारा जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सर्विस पीएमआई जुलाई के 62.3 से गिरकर अगस्त में 60.1 रह गई। हालांकि, सीजनली डजस्टेड एसएंडपी ग्लोबल इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनस एक्टिविटी इंडेक्स ने 2010 के मध्य के बाद से आउटपुट में सबसे मजबूत बढ़ोतरी का संकेत दिया है। जब सर्विस पीएम आई 50 से ऊपर होती है, तो यह विस्तार को बताती है। वहीं, 50 से नीचे की पीएमआई संकुचन को बताती है। सर्विस पीएमआई लगातार 25 महीनों से 50 से ऊपर बनी हुई है। विज्ञापन और सेवाओं के लिए मजबूत डिमांड ग्रोथ के कारणों में से एक थे। एसएंडपी ग्लोबल ने कहा, 'जुलाई की तुलना में नरम होने के बावजूद, बिक्री में कुल विस्तार 13 वर्षों के सबसे मजबूत विस्तार में से एक था।' आंकड़ों के अनुसार, फाइनेंस और इंश्योरेंस ने अगस्त में फिर से कुल नए बिजनसेज और आउटपुट दोनों की ग्रोथ का नेतृत्व किया। एसएंडपी ग्लोबल इंडिया सर्विसेज पीएमआई करीब 400 सर्विस सेक्टर कंपनियों के रिस्पांस पर आधारित एक सर्वे बेस्ड संकेतक है। इसमें शामिल सेक्टर्स में कंज्यूमर (रिटेल को छोड़कर), ट्रांसपोर्ट, इन्फॉर्मेशन, कम्यूनिकेशन, फाइनेंस, इंश्योरेंस, रियल एस्टेट और बिजनस सर्विसेज शामिल हैं। इससे पहले एसएंडपी ग्लोबल के आकंड़ो से पता चला था कि मैन्यूफैक्चरिंग पीएमआई जुलाई के 57.7 से बढ़कर अगस्त में 3 महीने के उच्च स्तर 58.6 पर पहुंच गई।

### 2% तक महंगे हो सकते हैं कमर्शियल वाहन

**नई दिल्ली।** कई तरह के नियामकीय प्रावधान लागू किए जाने से कमर्शियल वाहनों के दाम 10-12 फीसदी तक बढ़ सकते हैं। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने रिपोर्ट में कहा कि घरेलू वाहन उद्योग इस समय तेज बदलावों के दौर से गुजर रहा है। वाहन उद्योग ने बहुत कम समय में सख्त उत्सर्जन मानकों को अपनाया है। सरकार उत्सर्जन मानकों, सुरक्षा प्रणालियों और अन्य मानदंडों को लागू करने पर जोर दे रही है। इसका मकसद भारत को अन्य प्रमुख वाहन बाजारों के समान स्तर पर लाना है। एजेंसी ने कहा, वाहनों से होने वाले उत्सर्जन में कमर्शियल वाहनों की बड़ी हिस्सेदारी है। इसलिए, भारतीय वाहन उद्योग में कमर्शियल वाहन श्रेणी पर विशेष ध्यान है। इसके अलावा, आपात स्थिति में सुरक्षित ब्रेकिंग प्रणाली (एबीएस), चालक को सतर्क करने वाली प्रणाली और वाहन में आग लगने की स्थिति में अलार्म बजने जैसी प्रणालियां लागू करने की तैयारी है।

### शेयर है या नोट छापने की मशीन, 3 साल में दिया 1100% रिटर्न

# पैसा लगाने वाले निवेशक बने करोड़पति





**एजेंसी। नई दिल्ली**


कोविड के बाद शानदार रिटर्न देने वाले शेयरों में एक नाम बीसीएल इंडस्ट्रीज का भी है। एफएमसीजी, रियल एस्टेट और केमिकल सेगमेंट में कारोबार करने वाली इस कंपनी ने अपने निवेशकों को मालामाल कर दिया है। इस मल्टीबैगर स्मॉल कैप कंपनी का शेयर कोविड-19 के समय हुई बिकवाली के बाद 40 रुपये से बढ़कर 490 रुपये पर पहुंच गया है। इस तरह इस शेयर ने अपने निवेशकों को 1100 फीसदी से अधिक का बंपर रिटर्न दिया है। इस शेयर में अभी और तेजी की संभावना है। इनक्रेड इक्विटीज को इस शेयर में और उछाल की उम्मीद है। इस ब्रोकरेज फर्म के अनुसार, स्टॉक मार्केट इनवेस्टर्स इस शेयर को 925 रुपये के लॉन्ग टर्म टार्गेट के साथ अपने पोर्टफोलियो में रख सकते हैं। कंपनी का शेयर इस समय 490 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। इसका मतलब है कि यह शेयर अभी भी अपने निवेशकों को 85 फीसदी से अधिक का रिटर्न दे सकता है। कंपनी के पश्चिम बंगाल स्थित नए प्लांट ने उत्पादन शुरू कर दिया है। एठअ बिजनस में मजबूत तेजी से वॉल्यूम और वैल्यू दोनों की ग्रोथ में मदद मिलेगी। पंजाब में 200''स्त्रा की कैपेसिटी वाले इथनॉल प्लांट में सिर्फ एक तिमाही की देरी है। इंडस्ट्रीज के शेयरों के बारे में सुझाव देते हुए इनक्रेड इक्विटीज ने कहा, 'बीसीएल इंडस्ट्रीज के शेयर के लिए बुल केस परिदृश्य में टार्गेट प्राइस 925 रुपये है। वहीं, बियर केस परिदृश्य में टार्गेट प्राइस 660 रुपये है। मंगलवार दोपहर बीसीएल इंडस्ट्रीज का शेयर बीएसई पर 0.50 फीसदी या 2.45 रुपये की गिरावट के साथ 487.95 पर ट्रेड करता दिखाई दिया। कारोबार के दौरान यह अधिकतम 498.95 रुपये तक और न्यूनतम 483.10 रुपये तक गया। इस शेयर की 52 वीक हाई कीमत 536.35 रुपये और 52 वीक लो प्राइस 276.15 रुपये है। बीएसई पर कंपनी का बाजार पूंजीकरण 1,180.57 करोड़ रुपये बना हुआ था।

### सैमसंग को पछाड़कर एप्पल बन सकता है ग्लोबल स्मार्टफोन लीडर

**नई दिल्ली।** अपकमिंग आईफोन 15 सीरीज के बाजार में बेहतर परफॉर्मेंस के साथ एप्पल के पास सैमसंग को ग्लोबल मार्केट लीडर के रूप में हटाने का अच्छा मौका है। मार्केट इंटेलिजेंस कंपनी ट्रेंडफोर्स के अनुसार, 2023 की दूसरी तिमाही में, सैमसंग ने 53.9 मिलियन यूनिट्स की डिलीवरी के साथ प्रोडक्शन रैंकिंग में नेतृत्व करना जारी रखा, जबकि एप्पल की दूसरी तिमाही प्रोडक्शन के मामले में सबसे कमजोर रही, जिसने 42 मिलियन यूनिट्स की डिलीवरी की। हालांकि, सैमसंग को 12.4 प्रतिशत (तिमाही-दर-तिमाही) गिरावट का सामना करना पड़ा, जबकि एप्पल ने पिछली तिमाही की तुलना में 21.2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्लोबल स्मार्टफोन प्रोडक्शन में लगातार गिरावट देखी गई है। शोधकर्ताओं ने कहा, 2023 की पहली तिमाही में लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट के बाद, दूसरी तिमाही में संख्या लगभग 66 प्रतिशत और कम हो गई।

### फोनपे ने अपने स्मार्ट स्पीकर पर अमिताभ बच्चन के साथ वॉयस फीचर लॉन्च किया

# चार में से एक भारतीय फोनपे ऐप को यूज करता है : विवेक लोहचेब



**एजेंसी। नई दिल्ली**

फोनपे ने प्रतिष्ठित भारतीय अभिनेता अमिताभ बच्चन के सहयोग से अपने स्मार्टस्पीकर पर अपनी तरह का पहला सेलिब्रिटी वॉयस फीचर लॉन्च किया है। नई सुविधा भारत भर में फोनपे स्मार्टस्पीकरों को अमिताभ बच्चन की विशिष्ट आवाज में पेमेंट के सफल होने की जानकारी देगी। यह इंडस्ट्री-फर्स्ट सेलिब्रिटी वॉयस फीचर वर्तमान में हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है। इसे भविष्य में अन्य भाषाओं में शुरू करने की योजना है। फोनपे स्मार्टस्पीकर एक साल पहले लॉन्च किया गया था और तबसे 19,000 पोस्टल कोड (देश के 90 प्रतिशत से अधिक को कवर करते हुए) में व्यापारी भागीदारों ने चार मिलियन डिवाइस का उपयोग किया है। कंपनी ने कहा है कि स्मार्टस्पीकर देश भर में 100 करोड़ (1,000 मिलियन) लेनदेन को मान्य करते हैं। अमिताभ बच्चन की विशेषता वाली एक सेलिब्रिटी आवाज के शामिल होने से व्यापारियों और ग्राहकों दोनों के लिए भुगतान अनुभव बेहतर हो जाएगा, जिससे यह पहले से कहीं अधिक इंटरैक्टिव होगा। फोनपे के ऑफलाइन बिजनेस के प्रमुख विवेक लोहचेब ने कहा कि हमें पूरे भारत में व्यापारी भागीदारों के लिए अपने स्मार्टस्पीकर पर एक अद्वितीय सेलिब्रिटी वॉयस फीचर लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है। अमिताभ बच्चन की आवाज तुरंत और सार्वभौमिक रूप से याद की जाती है। यह देश भर में लाखों भारतीयों के साथ गूंजती है। उन्होंने कहा कि चार में से एक भारतीय फोनपे ऐप को यूज करता है। इस नाते हमारा मानना है कि यह सहयोग व्यापारियों और ग्राहकों के लिए फोनपे स्मार्टस्पीकर की लोकप्रियता को और बढ़ाएगा। फोनपे फॉर बिजनेस ऐप से नई सुविधा को सक्षम करने के लिए व्यापारियों को पहले फोनपे फॉर बिजनेस ऐप खोलना होगा और फिर होम स्क्रीन पर स्मार्टस्पीकर अनुभाग पर जाना होगा। 'माई स्मार्टस्पीकर' के तहत 'स्मार्टस्पीकर वॉयस' पर क्लिक करें, फिर पसंदीदा भाषा में अमिताभ बच्चन की आवाज चुनें।

# हार्पिक युवाओं को करेगा शौचालय से जुड़ी अच्छी आदतों के बारे में शिक्षित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शौचालय स्वच्छता श्रेणी में अग्रणी ब्रांड हार्पिक ने सेसमे वर्कशॉप इंडिया ट्रस्ट के साथ मिलकर ₹स्वच्छता शिक्षा फ्रेमवर्क पर आधारित एक विशेष किट का अनावरण किया। अभिनव 'किटाणुओं को दूर भगाओ!' किट को हार्पिक के मिशन स्वच्छता और पानी अभियान का समर्थन करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी, 2020) और नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क (2022) के अनुरूप डिजाइन किया गया है। इस अनूठी किट का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और छोटे बच्चों में स्वच्छ शौचायल की आदतों को विकसित करना है, जिससे उनमें अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता के महत्व को पैदा किया जा सके। कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, हार्पिक और सेसमे वर्कशॉप इंडिया ट्रस्ट पुरी, ओडिशा के आश्रमशालाओं में 17 लाख बच्चों को किट वितरित करेगी। 3डी पॉप-अप किताबों, 3डी जिगशॉ पजल्स, और एक एक्टिविटी बुकलेट वाली इन किटों को सेसमे के लोकप्रिय पात्रों एल्मो, चमकी, नीला जादूगर और केके किटाणु की मदद से बच्चों के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। यह पहल सभी के लिए सुरक्षित शौचालय सुनिश्चित करने के हार्पिक के मिशन का हिस्सा है और बच्चों को युवा राजदूत बनने के लिए ज्ञान प्रदान करेगी, जो साफ-सफाई के महत्व को समझते हैं। इसके अलावा, उन्हें 'स्वच्छता चैंपियंस' के रूप में पहचान बनाने के अवसर के साथ, अगले व्यक्ति के लिए शौचालय को साफ रखने की प्रतिज्ञा लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। किट को कहानी की शक्ति के माध्यम से स्कूली बच्चों के बीच भाषाओं की बाधाओं को तोड़ने और सकारात्मक व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए विशेषरूप से तैयार किया गया है। सेसमे वर्कशॉप के रंग-बिरंगे और प्यारे मपेट पात्रों को बच्चों द्वारा पसंद किया जाता है और बच्चों से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने के तरीकों की वकालत करने के लिए विश्व स्तर पर उनकी सराहना की जाती है।

## विदेश

# धरती से हर साल क्यों दूर हो रहा है चांद





**एजेंसी। फ्लोरिडा**

धरती से लाखों किलोमीटर दूर पर मौजूद चंद्रमा आजकल हर किसी के लिए उत्सुकता का विषय बना हुआ है। हर कोई इसके बारे में ही बातें करता है। लेकिन क्या आप जानते हैं यह चांद अब हर साल धरती से दूर हो रहा है। एक असाधारण खोज में, वैज्ञानिकों ने पाया है कि चंद्रमा धीरे-धीरे पृथ्वी से दूर जा रहा है। चंद्रमा पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह है। पहले, यह माना जाता था कि चंद्रमा गुरुत्वाकर्षण खिंचाव के कारण पृथ्वी से निरंतर दूरी पर रहता था। लेकिन इस नई खोज ने चंद्रमा के बारे में कई सवाल उठाए हैं।

अमेरिकी अंतरिक्ष संस्था नासा के अनुसार, चंद्रमा पृथ्वी से हर साल वर्ष 3.8 सेमी की दर से धीरे-धीरे दूर जा रहा है। पहले, चंद्रमा समय मापने का एक प्रमुख हिस्सा हुआ करता था क्योंकि इसका उपयोग प्राचीन मानव सभ्यताओं द्वारा एक कैलेंडर के रूप में किया जाता था। हालांकि, इस नई खोज ने अतीत के निष्कर्षों और पूर्व हुई कई और खोजों के बारे में बहुत सारे सवाल उठाए हैं। अगर चंद्रमा पृथ्वी से इसी दर से दूर जाता रहता, तो वह शायद 1.5 अरब साल पहले पृथ्वी से टकरा जाता। यूनिवर्सिटी ऑफ क्यूबेक में प्रोफेसर जोशुआ डेविस, विस्कॉन्सिन-मैडिसन विश्वविद्यालय के अनुसंधान सहयोगी मार्ग्रीट लैंटिन्क ने इस बारे में कई और बातें कही हैं। उनका कहना है कि चंद्रमा और पृथ्वी के बीच बढ़ते अंतर की नई खोज दिलचस्प हो सकती है। लेकिन यह अतीत के लिए भी एक 'खराब मार्गदर्शक' है। विशेषज्ञों का मानना है कि 'मिलनविच चक्र' चंद्रमा के पृथ्वी से दूर जाने का कारण हो सकता है। यह चक्र पृथ्वी की कक्षा के आकार और उसके अक्ष में एक बहुत ही छोटे विचलन का जिक्र करते हैं। साथ ही बताते हैं कि पृथ्वी पर सूरज की रोशनी की मात्रा पर इसका क?या प्रभाव पड़ता है। पृथ्वी पर सूर्य के प्रकाश की मात्रा इसकी जलवायु को प्रभावित करती है। साथ ही नम और शुष्क मौसम की अवधि के बारे में भी बताता है। मिलनविच चक्र क्षेत्र में मौसम में पूरी तरह से उलट हो सकता है। वे सहारा रेगिस्तान में हरियाली की वजह थे। साथ ही पृथ्वी पर झीलों के आकार को प्रभावित करने वाला बड़ा कारण भी हैं। ये चक्र ही चंद्रमा और पृथ्वी के बीच की दूरी को भी निर्धारित करते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, चंद्रमा 2.46 अरब साल पहले पृथ्वी से 60,000 किमी. करीब था, जो वर्तमान दूरी से कम है। इसका मतलब है कि धरती को रोजाना 17 घंटे सूरज की रोशनी मिलती है।

### दलाई लामा से मिला स्वीडिश संसदीय प्रतिनिधिमंडल

**तिब्बत।** तिब्बती लोकतंत्र दिवस की 63वीं वर्षगांठ के समारोह में स्वीडन प्रतिनिधिमंडल के एक समूह ने सक्रिय भाग लिया और तिब्बतियों के हक में आवाज उठाई। ताइवान में 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मार्गरेटा एलिजाबेथ सीडरफेल्ट ने किया। स्वीडिश संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने 2 सितंबर को मनाए जाते इस वर्षगांठ समारोह के दौरान तिब्बतियों के साथ एकजुटता व्यक्त की। तिब्बती लोकतंत्र दिवस समारोह के दौरान, सीडरफेल्ट ने तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से मुलाकात की और शांति की वकालत करने वाले उनके संदेश के महत्व पर चर्चा की। तिब्बतियों की वकालत करते हुए मार्गरेटा एलिजाबेथ सीडरफेल्ट ने कहा कि वे उन उपकरणों के साथ काम कर रहे हैं जो संसद में बहस जैसे उपलब्ध हैं।

# भारत ही नहीं अब अफगानिस्तान से भी कमजोर हुआ पाक करेंसी

**एजेंसी। वाशिंगटन**

पाकिस्तान की करेंसी का हाल बेहाल है। अमेरिकी डॉलर तो छोड़िए दुनिया के कई छोटे देशों की मुद्रा के सामने भी पाकिस्तान की करेंसी बेहद कमजोर दिखाई देती है। अब हाल यह है कि अफगानिस्तान जैसे छोटे देश के सामने भी पाकिस्तान का रुपया बेहद कमजोर नजर आ रहा है। अफगानिस्तान के अलावा एशिया के कई छोटे देशों की करेंसी भी पाकिस्तान से मजबूत स्थिति में है। पाकिस्तान लगातार आर्थिक तंगी की मार झेल रहा है। अगर मौजूदा समय में पाकिस्तान के एक रुपए की तुलना अमेरिकी डॉलर से करें तो एक डॉलर पाकिस्तान के 306.33 रुपए के बराबर है। पाकिस्तान की करेंसी न सिर्फ अमेरिकी डॉलर के मामले में कम है, बल्कि एशिया के कई ऐसे देश हैं, जिनके मुकाबले पाकिस्तान की करेंसी बेहद कमजोर है। नेपाल, अफगानिस्तान, भूटान, बांग्लादेश, ईराक और चीन से ये कमजोर है। इसका मतलब पाकिस्तानी रुपये न सिर्फ अपने से बड़े देशों के मुकाबले कमजोर है, बल्कि कई छोटे देशों के करेंसी से कमजोर भी है।

## पृष्ठ एक के शेष

**सुभाष मुंडा की हत्या की सुपारी लेने वाला...**

से दोस्ती बढ़ाई और विवादित जमीन में आधी हिस्सेदारी का प्रलोभन दिया। इसके बाद विनोद ने अपने पार्टनर सुभाष की हर गतिविधि की जानकारी छोटू को देनी शुरू कर दी। इसके बाद छोटू ने कुख्यात अपराधी बबलू पासवान से संपर्क किया। बबलू से 15 लाख नकद और 10 डिसमिल जमीन देने की बात पर सुभाष मुंडा की हत्या का सौदा तय हुआ। उसे चार लाख नकद और 6 डिसमिल जमीन एडवांस के तौर पर दिए गए। 26 जुलाई को बबलू ने दो शूटरों को भेजकर दलादली चौक पर सुभाष मुंडा की हत्या करा दी।

**वरीय अफसर औचक...**

त्रुटियों को दूर किया जाए। प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और बलों को कर्तव्य में मुस्तैद रहने के लिए उनके प्रशिक्षण, ड्यूटी से पूर्व ब्रीफिंग का भी निर्देश दिया गया है। डीजीपी ने सभी जिलों में कोर्ट व जजों की आवासीय परिसरों की सुरक्षा को लेकर हुई कार्रवाई की भी जानकारी एसपी से ली।

**सुरक्षा उपकरण लगाने पर दिया जोर :** कोर्ट व आवासीय परिसरों की सुरक्षा के लिए मोर्चा, चारदीवारी, फेंसिंग वायर, सीसीटीवी कैमरा लगाने और अन्य व्यवस्था सुदृढ़ करने के साथ अबतक कृत कार्रवाई का अपडेट डीजीपी ने लिया। जहां अबतक ये कार्रवाई नहीं हुई है, जल्द से जल्द व्यवस्था करने का निर्देश दिया। डीजीपी ने जिलों के एसपी को कहा कि रात के दौरान भी रोजाना कोर्ट और परिसरों की सुरक्षा जांच की जाए, साथ ही सभी कर्मियों को वायरलेस दिया जाए।

**युवाओं के रोजगार के लिए...**

वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और कम बारिश के कारण इस वर्ष भी धान की बुआई पर असर पड़ा है। लेकिन, राज्य के किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। सरकार आपके साथ सदैव खड़ी है। सरकार ने खेती-बारी से से संबंधित कई योजनाओं का शुभारंभ किया है, ताकि किसानों को ऐसी विपरीत परिस्थितियों में ज्यादा से ज्यादा राहत मिल सके । मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत आप पशु पालकर आय अर्जित कर सकते हैं। राज्य में शिक्षा व्यवस्था में दिन प्रतिदिन सुधार लाने का प्रयास जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारी सरकार ने राज्य के सरकारी स्कूलों में प्राइवेट स्कूल के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध करा रही है। प्रदेश के छात्र-छात्रा आज उत्कृष्ट विद्यालय में उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

**राज्य के नौजवान चिंता न करे, सरकार आपके साथ :** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के नौजवान रोजगार को लेकर चिंता न करें। सरकार आपके लिए रोजगार सृजन से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं बनाई है। आप शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर करना चाहते हैं तो आप इंजीनियर, डॉक्टर, अधिकारी, पत्रकार बनें। अगर आप स्वरोजगार करने के इच्छुक है तो मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत सरकार आपको अनुदान आधारित लोन उपलब्ध करा रही है। आप इस योजना का लाभ उठाएं ।

**सरकार का शिक्षा पर विशेष फोकस :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का शिक्षा पर विशेष फोकस है। शिक्षा की बेहतरी के क्षेत्र में सरकार ने कई अहम कदम उठाए हैं। आज निजी विद्यालयों से भी बेहतर शिक्षा सरकारी विद्यालय में दी जा रही है। उत्कृष्ट विद्यालय इसका उदाहरण है। यहां के शिक्षकों को आईआईएम से प्रशिक्षण दिलाया गया है, ताकि वे आधुनिक एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा राज्य के बच्चों को दे सके। इस मौके पर आयुक्त (संथाल परगना प्रमंडल) लालचंद डाडेल, डीआईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल, उपायुक्त रामनिवास यादव, उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार, पुलिस अधीक्षक नौशाद आलम समेत जिला प्रशासन के अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

**गांजा के साथ महिला...**

रामजानकी मंदिर के पूरब दिशा की ओर चली गयी। शक होने पर महिला आरक्षी से उसे रोका गया और महिला को उसके पास बैग में नशीले पदार्थ होने की जानकारी दी गयी। साथ ही एनडीपीएस एक्ट के तहत नोटिस दिया गया। बाद में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ऋषभ गर्ग द्वारा सहायक महिला पुलिस की मदद से तलाशी ली गयी। इस क्रम में महिला के पास से गांजा के दो पैकेट बरामद हुए। एक पैकेट में 1.590 किलो ग्राम एवं दूसरे में 1.830 किलो ग्राम गांजा पाया गया। एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। साथ ही महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। इधर, पुलिस सूत्रों के अनुसार महिला लंबे समय से गांजा बेचने के कारोबार से जुड़ी हुई थी। महिला पूजा कुवंर पिता स्व। दिलीप सिंह बिहार के औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र के बेंगाही की रहने वाली है। यह भी जानकारी मिली है कि महिला के साथ कई अन्य लोग भी इस धंधे में संलिप्त हैं। महिला के द्वारा इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी है। जिसके आधार पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई टीम में थाना प्रभारी के अलावा टीओपी वन के प्रभारी रेवा शंकर राणा, हवलदार मानवेल मुर्मू, आरक्षी संतन कुमार मेहता, शारीक इरसाद, रामजी रविदास, अंचन राम, सहायक पुलिस प्रफूल कुमार सिंह, सीमा कुमारी एवं रीतू कुमारी शामिल थी।

## सफलता

### 10 बुजुर्गों के दम पर बना दी दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक कंपनी

# अब राष्ट्रपति चुनाव में लड़ने की हो रही तैयारी



**एजेंसी। ताइपे**

ठेके पर इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी फॉक्सकॉन के फाउंडर टेरी गाउ ने कंपनी को अलविदा कर दिया है। गाउ ने हाल में राष्ट्रपति चुनावों में उतरने की घोषणा की थी। 72 साल के गाउ ने 1974 में ओन हाई प्रिसिजन इंडस्ट्री के रूप में फॉक्सकॉन की स्थापना की थी। आज यह कॉन्ट्रैक्ट पर इलेक्ट्रॉनिक्स सामान बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी है। इसके क्लाइंट्स में ऐपल भी शामिल है। 72 साल के गाउ की नेटवर्थ 6.8 अरब डॉलर है। साल 2019 में उन्होंने कंपनी की कमान यंग लियू को सौंप दी थी जो ग्रुप के चेयरमैन हैं। लेकिन वह कंपनी में डायरेक्टर बने हुए थे। अब उन्होंने यह पद भी छोड़कर पूरी तरह राजनीति में उतरने का फैसला किया है। ताइवान आ गया था। 24 साल की उम्र तक उन्होंने एक रबर फैक्ट्री और दवा बनाने वाले एक कारखाने में काम किया। साथ ही उन्होंने एयरफोर्स में एंटी-एयरक्राफ्ट आर्टिलरी ऑफिसर के रूप में भी काम किया। 1974 में उन्होंने 7,500 डॉलर की पूंजी दस बुजुर्ग कर्मचारियों के साथ फॉक्सकॉन की स्थापना की। शुरूआत में उनकी कंपनी टेलीविजन सेट्स के लिए प्लास्टिक के हिस्से बनाती थी। 1980 के दशक में वह 11 महीने के दौरे पर अमेरिका गए और वहां कारोबार फैलाया। गाउ ने चीन में अपनी पहली फैक्ट्री 1988 में खोली। 1990 के दशक में ऐपल, एचपी और आईबीएम जैसी कंपनियों को उन्होंने अपने साथ जोड़ा। उन्होंने चीन के दक्षिणी हिस्से में कई प्लांट बनाए और हजारों लोगों को रोजगार दिया। उनका बिजनस मॉडल इतना सफल रहा कि दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियों उनसे इलेक्ट्रॉनिक सामान बनवाने लगी। ऐपल ने मैकबुक और आईफोन बनाने का काम फॉक्सकॉन को आउटसोर्स कर दिया। इससे फॉक्सकॉन ताइवान की सबसे बड़ी कंपनी बन गई और गाउ की गिनती देश के सबसे अमीर लोगों में होने लगी। जॉइन की और राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ा। लेकिन वह चुनाव हार गए और प्राइमरी में ही दूसरे नंबर पर रहे। उन्होंने पार्टी से टिकट मांगा था लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगी। अब वह इंडिपेंडेंट कैंडिडेट के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। ताइवान में जनवरी 2024 में चुनाव होने हैं। गाउ को चीन का समर्थक माना जाता है। उनका कहना है कि वन-चाइना फ्रेमवर्क के तहत बातचीत बहाल होनी चाहिए। हाल के वर्षों में चीन ने ताइवान के प्रति सख्त रुख दिखाया है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### राजस्थान : सड़क हादसे में एक ही परिवार के 4 की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के भीलवाड़ा से गुजरने वाले अजमेर-चित्तौड़गढ़ राजमार्ग पर मंगलवार को एक सड़क दुर्घटना में अमेरिका से आए एक दंपत्ति समेत एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। इस हादसे में दंपत्ति की तीन साल की बेटी जिंदा बच गई।
मृतकों में माता-पिता और उनके बेटा-बहू शामिल हैं। हालांकि, 3 साल की बच्ची हादसे में घायल हो गई है। परिवार के सदस्य नाथद्वारा स्थित श्रीनाथजी मंदिर के दर्शन करके अजमेर लौट रहा था।

### 11 करोड़ के साइबर घोटाले का प्रमुख केरल से गिरफ्तार

**देहरादून।** उत्तराखंड एसटीएफ ने अंतरराष्ट्रीय साइबर घोटाले का पदार्फाश करते हुए 11 करोड़ के घोटाले के प्रमुख हवाला आपरेटर को केरल में गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले गिरोह का एक अन्य सदस्य देहरादून टीम द्वारा बेंगलुरू से गिरफ्तार किया जा चुका है।
एसटीएफ ने बताया कि नई-नई योजनाओं के माध्यम से ठगी का कारनामा करने वाले इन आरोपितों के विरुद्ध साइबर क्राइम पुलिस को एक शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें मोबाइल नंबर 447878602954 व अन्य नंबरों के माध्यम से स्वयं का लीसा नाम बताते हुए एक वेबसाइट पर म्युचुअल फंड में धनराशि लगाकर लाभ कमाने का लालच देकर एक करोड़ रुपये की आनलाइन धोखाधड़ी की गई थी। इस पर उत्तराखंड पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की जांच निरीक्षक त्रिभुवन रौतेला को सौंपी।

### सीबीआई ने गेल इंडिया के कार्यकारी निदेशक समेत 5 को गिरफ्तार किया


**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 50 लाख रुपये के रिश्वत मामले में गेल इंडिया लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक के.बी. सिंह सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सीबीआई नोएडा, विशाखापट्टनम और दिल्ली में गेल इंडिया लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक और अन्य के परिसरों पर भी छापेमारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, छापेमारी सोमवार रात से ही चल रही है। सूत्रों ने कहा कि सीबीआई गेल के अधिकारियों में से एक केबी. सिंह के परिसरों पर छापेमारी कर रही है।

दिल्ली विवि में शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा

# भारतीयों के मन में अपनी प्राचीन विद्या के प्रति फैलाई गई भ्रांति

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि मैकाले ने यह कहकर भारतीय प्राच्य विद्या का अपमान किया था, कि एक अच्छे यूरोपीय पुस्तकालय की केवल एक शेल्फ समूचे भारतीय साहित्य के बराबर है। उन्होंने कहा कि ऐसा कहकर मैकाले ने भारतीयों के मन में प्राचीन भारतीय विद्या के प्रति एक भ्रांति फैलाई। मंगलवार को राजनाथ सिंह ने शिक्षक दिवस के अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय में यह बातें कहीं। दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज में आयोजित महर्षि दयानंद स्मृति व्याख्यानमाला में बोलते हुए उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती और महात्मा हंसराज ने आर्य समाज और डीएवी स्कूल के माध्यम से न सिर्फ इस भ्रांति पर प्रहार किया बल्कि हमारा राष्ट्रीय व सांस्कृतिक आत्मविश्वास भी वापस लौटाया।



उन्होंने कहा कि भारत भूमि ऋषियों की भूमि रही है, जिन्होंने अपनी ज्ञान परंपरा से इस देश में गुरुकुल पद्धति की शुरूआत की। एक ऐसी गुरुकुल पद्धति जिसमें इस राष्ट्र का नेतृत्व करने वाले युवाओं को तैयार किया जाता था। एक ऐसी गुरुकुल पद्धति, जिसने सदैव राजसत्ताओं का मार्गदर्शन किया। राजनाथ सिंह ने गुरु के महत्व को समझाते हुए कहा कि इस राष्ट्र में एक महान गुरु परंपरा हमेशा से अस्तित्व में रही है। गुरुओं ने शताब्दियों से भारत की ज्ञान परंपरा का वहन किया है। भारत की विशाल गुरु परंपरा के इन्हीं वाहकों में स्वामी दयानंद सरस्वती जी अग्रणी रहे। उन्होंने छात्रों से कहा कि कल्पना करिए कि 900 सालों से गुलामी की बेड़ियों में जकड़े हुए भारत में अंधकार कितना घना था। स्वाभाविक है, जब अंधकार इतना घना होगा तो उसके लिए प्रकाश पुंज भी उतना ही तीव्र होना चाहिए। प्रकाश पुंज भी ऐसा होना चाहिए जो उसे घने अंधेरे को तीव्रता से मात दे सके। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय पुनर्जागरण में स्वामी दयानंद सरस्वती से प्रभावित होकर महात्मा हंसराज जी ने समाज सेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया। राजनाथ सिंह ने कहा, मेरे विचार में शिक्षा के 3 स्तम्भ होते हैं - पहला- शिक्षक, दूसरा- शिक्षार्थी, जो शिक्षा ग्रहण करता है और तीसरा- शिक्षा के ट्रांसमिशन का माध्यम, जो मूलत किताबें होती हैं। किताबें ज्ञान का महत्त्वपूर्ण माध्यम होती हैं। किताबों के माध्यम से पीढ़ी दर पीढ़ी ज्ञान का हस्तांतरण होता है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी अनेक किताबों व पत्रिकाओं ने स्वतंत्रता संग्राम को और गति प्रदान की। उन्होंने कहा, किताब भी हमारे लिए गुरु के समान है। भारत की बात यदि मैं करूं तो हम देखते हैं कि वेदों, उपनिषदों व प्राचीन शास्त्रों ने किस प्रकार से पुस्तकों के रूप में भारतीय संस्कृति रूपी रथ के लिए एक सारथी की भूमिका निभाई है।

### राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाली के आदेश को एससी में चुनौती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल करने के आदेश को चुनौती देने वाली एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई है। याचिका लखनऊ के वकील अशोक पांडेय ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 8(3) और संविधान के अनुच्छेद 102 और 191 के तहत एक बार अगर कोई संसद का सदस्य सदस्यता खो देता है तो बिना आरोपों से बरी हुए उसकी सदस्यता बहाल नहीं हो सकती है।
गौरतलब है कि मोदी सरनेम वाले मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 4 अगस्त को राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद लोकसभा सचिवालय ने 7 अगस्त को राहुल गांधी की सदस्यता बहाल कर दी थी। याचिका में मांग की गई है कि सुप्रीम कोर्ट निर्वाचन आयोग को निर्देश जारी करे कि वो राहुल गांधी की सीट को खाली घोषित करे और वायनाड लोकसभा सीट पर चुनाव कराए।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जी-20 की अध्यक्षता पर कहा

## भारत के लिए गौरवशाली क्षण

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए आईटीपीओ कॉम्प्लेक्स में तैयार किए गए अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर का निरीक्षण किया। इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने मीडिया कर्मियों से कहा कि भारत के लिए जी-20 की अध्यक्षता करना एक गौरवशाली क्षण है। हमने 'वसुधैव कुटुंबकम' की थीम पर तैयारी की है। अब तक देश के 60 शहरों में 200 से अधिक बैठकें हुई हैं जिसमें कई अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया है।
तैयारियों के बारे में बताते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि दिल्ली में 78 स्थानों पर यूएचडी टीवी स्क्रीन और 4000 कैमरे लगाए गए हैं। ड्रोन कैमरे भी लगाए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाकचौबंद है। इस प्रतिष्ठित बैठक की रिपोर्टिंग के लिए दुनियाभर के मीडिया संस्थानों से 3000 आवेदन प्राप्त हुए हैं। मीडिया सेंटर में वर्कस्टेशन बनाए गए हैं, वाई-फाई और ब्रॉडबैंड सुविधाएं उपलब्ध हैं। आपात स्थिति के लिए प्राथमिक चिकित्सा से लेकर एम्बुलेंस तक हर सुविधा यहां मौजूद है। उन्होंने बताया कि शिखर सम्मेलन में आरबीआई ने डिजिटल भुगतान पर एक प्रदर्शनी लगाई है। यह एक अंतरराष्ट्रीय आकर्षण होगा जहां भारत डिजिटल भुगतान में कैसे आगे बढ़ा है इसकी पूरी कहानी प्रदर्शित की गई है। भारत मंडपम में 7000 लोग एक साथ बैठ सकते हैं। यह सिडनी के ओपेरा हाउस से भी बड़ा है। मीडिया सेंटर में कॉन्फ्रेंस के लिए अलग-अलग सेंटर बनाए गए हैं। इन सेंटर के नाम नदियों के नाम पर रखे गए हैं। नए भारत की बुलंद तस्वीर यहां देखने को मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने बताया कि भारत एक ऐसा देश है जिसमें समृद्ध कला, संस्कृति और मूल्य हैं। इसके साथ हमारे पास नई तकनीक भी है और सुविधाएं भी हैं।

## आरक्षण की सीमा बढ़ाने से सभी वर्गों की समस्याओं का समाधान संभव : शरद

**एजेंसी। मुंबई**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि आरक्षण की सीमा बढ़ाने सभी वर्गों की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। राज्य सरकार को केंद्र से मिलकर इसका प्रयास करना चाहिए। शरद पवार ने मराठवाड़ा में बारिश न होने से विकट स्थिति को देखते हुए सरकार को मराठवाड़ा इलाके में राजस्व वसूली पर रोक लगाने का सुझाव दिया। शरद पवार ने मंगलवार को जलगांव में पत्रकारों को बताया कि मराठा आरक्षण के लिए कई सालों से मराठा समाज की ओर से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।



इतना ही नहीं, यह मामला कोर्ट में लंबित है। पवार ने कहा कि अगर आरक्षण की सीमा बढ़ा दी जाए, तो सभी वर्गों की समस्याओं का समाधान हो जाएगा। कुछ लोग ओबीसी कोटे से मराठा समाज को आरक्षण देने की मांग कर रहे हैं। अगर ऐसा किया गया, तो ओबीसी समाज पर अन्याय होगा। शरद पवार ने कहा कि बारिश नहीं होने से यहां चिंताजनक स्थिति बनी हुई है। कई जगहों पर दोहरी बुआई की स्थिति पैदा हो गई है। कई गांवों में पीने के पानी की व्यवस्था खराब है। समग्र तस्वीर चिंताजनक है। एक तरफ सूखे की स्थिति है, तो दूसरी तरफ बिजली की कमी है। इतना ही नहीं, फसल बीमा कंपनियों की मनमानी हो रही है। भले ही अभी सूखा घोषित नहीं हुआ हो, लेकिन इसकी तैयारी अभी से करनी होगी। शरद पवार ने कहा कि मुख्यमंत्री को मराठवाड़ा में पेयजल की आपूर्ति के साथ जानवरों के चारे की आपूर्ति पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

## अनुच्छेद 370 को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान बेंच ने अनुच्छेद 370 को लेकर दाखिल की गई याचिकाओं पर मंगलवार को सोलहवें दिन सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। मामले पर संविधान बेंच 2 अगस्त से सुनवाई कर रही थी ।सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अकबर लोन के दिए बयानों का हवाला देते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 हटाए जाने से पहले लोन ने एक आतंकी घटना के बाद मारे गए आतंकियों के प्रति सहानुभूति जताई थी, जबकि उस घटना में आम नागरिक और सैनिक भी शहीद हुए थे। आज कश्मीरी पीड़ितों के संगठन रूट इन कश्मीर ने मोहम्मद अकबर के बयानों को लेकर एक और हलफनामा कोर्ट में दाखिल किया।

ममता ने भारत के राष्ट्रपति के नाम पर निमंत्रण भेजने को लेकर भाजपा पर बोला हमला, कहा-

## देश के इतिहास को विकृत करने का जबरदस्त प्रयास

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में 9 सितंबर को आयोजित जी-20 रात्रिभोज के लिए सामान्य 'इंडिया की राष्ट्रपति' के बजाय 'भारत के राष्ट्रपति' के नाम पर निमंत्रण भेजने के मामले को लेकर भाजपा और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। ममता बनर्जी ने कहा कि यह भारत के इतिहास को विकृत करने का खुला प्रयास है। शिक्षक दिवस के अवसर पर एक समारोह को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि मैंने सुना है कि आज उन्होंने द्यइंडियाद्ध का नाम बदलकर भारत कर दिया है। यह देश के इतिहास को विकृत करने का खुला प्रयास है। वे हमेशा ऐसा करने की कोशिश करते रहते हैं। लेकिन, यह हमें स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने राज्यपाल सीवी. आनंद बोस के विभिन्न राज्य विश्वविद्यालयों के लिए अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति के फैसले का भी विरोध किया। उन्होंने राज्यपाल के निर्देशों का पालन करने वाले विश्वविद्यालयों की आर्थिक नाकेबंदी की धमकी भी दी। बता दें गवर्नर अपने पद के आधार पर राज्य विश्वविद्यालयों के चांसलर भी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, हम पुलिस बनाते हैं और धन मुहैया कराते हैं। आप विश्वविद्यालय के मामलों में अनावश्यक हस्तक्षेप करेंगे। अब मैं सीधी चेतावनी देना चाहती हूं कि अगर कोई भी राज्य विश्वविद्यालय राज्यपाल के निदेशार्नुसार संचालित होगा तो मैं उनके लिए आर्थिक नाकेबंदी कर दूंगी। फिर, वेतन कैसे देंगे? यदि आवश्यक हुआ तो मैं व्यक्तिगत रूप से गवर्नर हाउस के सामने आंदोलन का नेतृत्व करूंगी।



मुख्यमंत्री की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राज्य भाजपा नेता और पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव राहुल सिन्हा ने कहा कि राज्यपाल राज्य के विश्वविद्यालयों को राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के अनावश्यक राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त करने के लिए सही कदम उठा रहे हैं। राहुल सिन्हा ने कहा कि क्या मुख्यमंत्री राज्य के विश्वविद्यालयों के लिए आर्थिक नाकेबंदी की धमकी देकर राज्य में शिक्षा प्रणाली को पूरी तरह से ध्वस्त करना चाहती हैं? यह एक खतरनाक प्रथा है।




### संजय दत्त करना चाहते थे अमीषा पटेल का कन्यादान, एक्ट्रेस ने किया खुलासा

**बॉ**लीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल इन दिनों 'गदर 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। एक्ट्रेस को अपने करियर में आमिर खान, सलमान खान, संजय दत्त, सनी देओल जैसे बड़े स्टार्स के साथ काम करने का मौका मिला। एक इंटरव्यू में अमीषा ने इन एक्टर्स के साथ काम करने के अनुभव के बारे में बात की। अमीषा पटेल ने अपना अनुभव शेयर करते हुए कहा, आमिर बहुत ही पेशेवर, समय के पाबंद और भूमिका का गहन अध्ययन करने वाले अभिनेता हैं। साथ ही सलमान खान बहुत शरारती हैं और मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। अमीषा ने अपनी दोस्ती को 'नॉटी बॉय बेस्ट फ्रेंड' नाम दिया ।संजय दत्त के बारे में अमीषा ने कहा, 'संजय दत्त पिछले 20 साल से मेरी शादी तय करने की कोशिश कर रहे हैं। वह हमेशा मुझसे कहते हैं, अमीषा तुम इस इंडस्ट्री में काम करने के लिए बहुत भोली हो। चलो... शादी करवाता हूं तेरी। वह पिछले 20 वर्षों से मेरे लिए एक आदर्श साथी की तलाश में है।




### अभिनेता अर्जुन रामपाल टीचर्स डे पर अपनी मां को याद करके हुए भावुक



'**टी**चर्स डे पर अर्जुन रामपाल ने अपनी महान शिक्षक दिवंगत मां को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उनका इमोशनल साइड देखने को मिला। अर्जुन की माताश्री ग्वेन रामपाल इंग्लिश लिटरेचर और इतिहास की अध्यापिका थीं। अर्जुन रामपाल हर साल इस खास दिन पर उनके सम्मान में एक संदेश शेयर करते हैं।अर्जुन ने मां की एक तस्वीर पोस्ट करके कहा, मेरी शिक्षिका स्वर्ग में रहती हैं, जो समय-समय पर मुझसे धीरे-धीरे बात करती हैं। मुझे उस समय की याद दिलाती हैं, जो हमने शेयर किया था, जब उन्होंने कुछ ज्ञान साझा किया था। आपने जो कुछ भी हासिल किया है, उस पर गर्व करें, फिर भी विनम्र रहें, लेकिन अपने विश्वासों के प्रति मजबूत रहें।

### अक्षरा सिंह की फिल्म 'अक्षरा' का धांसू ट्रेलर आउट

**भो**जपुरी फिल्मों की खूबसूरत अभिनेत्री अक्षरा सिंह की मोस्ट अवेटेड फिल्म अक्षरा का ट्रेलर आज रिलीज कर दिया गया, जिसमें अक्षरा सिंह कई शेड्स में नजर आ रही हैं। ट्रेलर में अक्षरा सिंह समाज में शिक्षा की अलख जगाने की जिद लिए नजर आती हैं, जिन्हें रोकने का प्रयास शिक्षा माफिया भी करते हैं लेकिन अक्षरा इन बधाओं को पार कर बच्चों को शिक्षित करने में लगी रहती हैं। अक्षरा सिंह एक्शन करती भी नजर आ रही हैं। पूरे ट्रेलर में अक्षरा सिंह एक घरेलू महिला की तरह साड़ी में जरूर नजर आती हैं लेकिन उनका अपीरियंस एक सशक्त महिला का है जो इस फिल्म के ट्रेलर को और भी खास बनाता है। आपको बता दें कि फिल्म 'अक्षरा' के फर्स्ट लुक और सेकंड लुक ने पहले ही दर्शकों के बीच उत्सुकता पैदा कर दी है। उसके बाद जब यह ट्रेलर आया है तो लोगों का प्यार इस ट्रेलर को खूब मिल रहा है। अक्षरा सिंह की इस फिल्म का ट्रेलर वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड भोजपुरी के ऑफिशल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। ट्रेलर का रन टाइम तकरीबन 4 मिनट है। इसकी शुरूआत एक सशक्त संदेश के साथ होती है, जिसमें कहा जाता है कि धरती पर विद्या का दान महादान होता है और फिर स्कूल में बच्चों को पढ़ाती अक्षरा सिंह नजर आती हैं।



आस्था

लड्डू गोपाल के जन्म की तैयारियों में जुटा है पूरा देश

## 40 देशों में मथुरा की बनी पोशाक धारण करते हैं ठाकुरजी

**एजेंसी। मथुरा**

पूरे देशभर में कन्हैया के जन्म की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। कान्हा की जन्मस्थली मथुरा-वृंदावन में इसकी तैयारियां कुछ अलग ही आकर्षक रूप से की जा रही है। ब्रज की बनी पोशाकें अपने में कुछ अलग ही महत्व रखती हैं जिसके कारण 40 देशों में पोशाकें डिमांड पर भेजी जाती हैं और कान्हा वह पोशाकें धारण करते हैं। कन्हैया की इस ड्रेस की डिमांड मुख्य रूप से अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, दुबई और ओमान से ज्यादातर आती हैं। दुकानदार पोस्ट और कोरियर से इन देशों में कान्हा की ड्रेस भेजते हैं। एक अनुमान के मुताबिक, कान्हा की ड्रेस और सज्जा से जुड़े सामानों का करीब 500 करोड़ रुपए का कारोबार हो



चुका है। जन्माष्टमी पर कान्हा को नई पोशाक पहनाई जाती है, जो सिर्फ मथुरा में ही बनती है। इनकी कीमत 5 रुपए से 50 हजार तक है। मथुरा-वृंदावन में करीब 20 हजार लोग कान्हा के कपड़े तैयार करने के कारोबार से जुड़े हुए हैं। मथुरा में करीब 700-800 दुकानें हैं, जो कान्हा की पोशाक बेचते हैं। 4 से 5 हजार परिवार इस कारोबार से जुड़े हुए हैं। इनमें कारीगर, कच्चा सामान बेचने वाले और कारोबारी शामिल हैं। वैसे तो साल भर पोशाक तैयार की जाती है। मगर, जन्माष्टमी से 2 महीने पहले ज्यादा तेजी आ जाती है। इस बार जन्माष्टमी पर देश-दुनिया से करीब 20 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। यह श्रद्धालु भी मथुरा आकर कान्हा की पोशाक जरूर खरीदते हैं। वृंदावन में कान्हा की पोशाक के कारोबार से जुड़े जवाहर अग्रवाल ने बताया कि बूटी और रेशम स्टोन की पोशाक इस बार डिमांड में है। हैंड वर्क की डिमांड धीरे-धीरे कम हो रही है। बूटी वर्क की ड्रेस का रेट कम होता है। इसलिए, इसकी डिमांड बढ़ी है। इसके अलावा, सूरत पोशाक जिसमें मशीन का वर्क है, उसकी भी डिमांड है। वह बताते हैं कि मथुरा में इस बार कान्हा की ड्रेस का करीब 500 करोड़ से ज्यादा का व्यापार हुआ है। कारोबारी कान्हा शर्मा बताते हैं कि पिछले कुछ सालों में विदेशों में भी अब वृंदावन में तैयार होने वाली पोशाक और मुकुट के अलावा श्रृंगार सामग्री की डिमांड बढ़ी है। जन्माष्टमी के चलते बड़ी संख्या में ऑर्डर मिले हैं। दिन रात कारीगरों से काम लिया जा रहा है। अभी भी जन्माष्टमी के लिए ऑर्डर आ रहे हैं। ये सभी काम हर हाल में जन्माष्टमी से कम से कम दो दिन पहले पूरा कर उन्हें सौंपने हैं। कारोबारियों ने बताया कि यूके, रूस, जापान, जर्मनी और मैक्सिको से ऑर्डर आ रहे हैं। इसके अलावा, अलावा अरब कंट्री कतर के कई शहरों से भी ऑर्डर आए हैं। इन देशों के अलावा 40 से ज्यादा देशों से पोशाक और श्रृंगार के सामान के आर्डर हैं। समय के साथ स्थानीय पोशाक व्यवसायियों ने इन ऑर्डरों को पूरा कर उन देशों के लिए कोरियर भी कर दिया है। जिससे कि जन्माष्टमी के पूर्व ही कृष्ण भक्तों को ठाकुरजी की पोशाक और श्रृंगार का सामान मिल जाए और किसी तरह की कोई परेशानी न हो।